21 जून 2025 | डालटनगंज (मेदिनीनगर), शनिवार | वर्ष-31, अंक- 244, पृष्ठ-12 | आषाढ़ कृष्ण पक्ष 11, संवत 2082 | डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित | रजिस्ट्रेशन नं: आरएनआई. 61316/94 | www.rastriyanaveenmail.com

ईश्वर में हमारा विश्वास

राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

₹2.00

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की शुभकामनाएं

एक नजर

घाटशिला जेल में विचाराधीन कैदी की संदिग्ध स्थिति में मौत

जमशेदपुर (पूर्वी सिंहभूम)। पूर्वी सिंहभूम जिले के घाटशिला उपकारा में बंद एक विचाराधीन कैदी की संदिग्ध परिस्थितियों में गुरुवार की रात मौत हो गई। मृत कैदी की पहचान पश्चिमी सिंहभूम जिले के सोनुवा थाना क्षेत्र के आसनतालिया गांव निवासी भीम गोप के रूप में हुई है। घटना देर रात की बताई जा रही है। मृत कैदी की मौत को लेकर कई तरह की अटकलें लगाई जा रही हैं।

इधर, जिला प्रशासन ने इसे गंभीरता से लेते हुए जांच शुरू कर दी है। घाटशिला के कार्यपालक दंडाधिकारी अमन कुमार के बयान पर अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। प्राथमिकी में यह उल्लेख किया गया है कि कैदी की मौत संदिग्ध तरीके से हुई है, जिससे उसकी मौत की वजहों को लेकर कई सवाल खड़े हो गए हैं। पुलिस और जेल प्रशासन की ओर से पूरे मामले की जांच की जा रही है। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है और रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है। रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी ।

व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें

1994 से अनवरत हम आपके लिए समाचारों को प्रमुखता की नीति पर कार्य करते रहे हैं। इसे और सुगम बनाने के लिए एक विशेष व्हाट्सएप नंबर **72094 53444** पर आप सीधे अपनी परखी हुई सच्ची खबर फोटो सहित संक्षेप में भेज सकते हैं। आपत्तिजनक बातें भेजने पर आइटी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई हो सकती है। यदि आपको अखबार की प्रति नहीं मिल पा रही है या विज्ञापन देना चाहते हैं तो इस नंबर पर **72094 03444** संपर्क करें।

आज / कल

राज्य कैबिनेट की बैठक में 26 प्रस्तावों को मिली मंजूरी

जेएसएससी सीजीएल परीक्षा अब दो चरणों में ली जाएगी

- आवेदकों की संख्या 50 हजार से कम हुई, तो पूर्व व्यवस्था के अनुसार होगी परीक्षा
- झारखंड स्थापना दिवस पर पुलिस अधिकारियों को मिलने वाले पदकों में हुई वृद्धि
- अरगोड़ा चौक-रिंग रोड तक फोर लेन सड़क के लिए 141 करोड़ की स्वीकृति
- झारखंड स्टेट लेजिस्लेटिव फोरम ऑफ एचआईवी-एड्स' के गठन को स्वीकृति

नवीन मेल डेस्क

रांची। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में शुक्रवार को प्रोजेक्ट भवन में कैबिनेट की बैठक हुई। कैबिनेट की बैठक में 26 प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। झारखंड कर्मचारी चयन आयोग (जेएसएससी) की ओर से ली जाने वाली कंबाइंड ग्रेजुएट लेवल (सीजीएल) परीक्षा अब दो चरणों (प्रारंभिक और मुख्य परीक्षा) में आयोजित होगी। हालांकि, अगर आवेदकों की संख्या 50 हजार से कम हुई, तो पूर्व से चली आ रही व्यवस्था के अनुसार परीक्षा एक चरण में ही आयोजित होगी। कैबिनेट की बैठक में झारखंड कर्मचारी चयन आयोग परीक्षा (स्नातक स्तर) संचालन नियमावली, 2015 (समय-समय पर यथा संशोधित) में आवश्यक संशोधन की स्वीकृति दी गई। साथ ही, झारखंड कर्मचारी चयन आयोग द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-26 में विभिन्न प्रतियोगिता परीक्षाओं के सफल आयोजन के लिए झारखंड आकस्मिकता निधि से कुल 31,50,00,000 रुपए (एकतीस करोड़ पचास लाख) अतिरिक्त राशि की स्वीकृति दी गई।

कैबिनेट की बैठक में हुए फैसलों की जानकारी देते हुए कैबिनेट सचिव वंदना दादेल ने बताया कि बैठक में कुल 26 प्रस्तावों को मंजूरी दी गई है। सड़क और शिक्षा से जुड़ी कई अहम योजनाओं पर कैबिनेट ने मुहर लगाई है।

कैबिनेट सचिव ने बताया कि राज्य स्थापना दिवस पर पुलिस अधिकारियों को मिलने वाले पदकों में वृद्धि की गई है। राज्य स्थापना दिवस 15 नवंबर पर पुलिस पदाधिकारी को मिलने वाले पदकों में विशिष्ट सेवा के लिए 10 की जगह अब 21 पदक, वहीं सराहनीय सेवा के लिए 31 पदक की जगह अब 60 पदक दिए जाएंगे। यह पदक महानिदेशक से लेकर महानिदेशक स्तर तक के पदाधिकारी को मिलेगा।



रांची शहर में अरगोड़ा चौक-रिंग रोड तक फोर लेन सड़क के लिए 141 करोड़ और विवेकानंद स्कूल मोड़ से रिंग रोड तक साइकिल ट्रैक और सर्विस रोड निर्माण के लिए 301 करोड़ रुपए की प्रशासनिक स्वीकृति दी गई।

कैबिनेट सचिव वंदना दादेल ने बताया कि राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण संगठन के निर्देश पर 'झारखंड स्टेट लेजिस्लेटिव फोरम ऑफ एचआईवी-एड्स' के गठन के प्रस्ताव को स्वीकृति दी गई। इस फोरम के अध्यक्ष विभागीय मंत्री होंगे, जबकि स्पीकर की ओर से मनोनीत पांच विधायक सदस्य होंगे। विकास आयुक्त, विभागीय प्रधान सचिव, सचिव और परियोजना निदेशक भी फोरम के सदस्य होंगे। फोरम की ओर से एचआईवी एड्स की रोकथाम के लिए जागरूकता और एड्स पीड़ितों के साथ भेदभाव समाप्त करने के लिए कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि झारखंड राजकीयकृत प्रारंभिक विद्यालय शिक्षक प्रोन्नति नियमावली-2025 की मंजूरी दी गई। **शेष पेज 11 पर...**

कैबिनेट की बैठक के दौरान बत्ती गुल, सीएम ने जवाब तलब किया

रांची। कैबिनेट की बैठक के दौरान भी बिजली संकट की झलक देखने को मिली। कैबिनेट की बैठक के दौरान अचानक बिजली गुल हो गई। कुछ देर मुख्यमंत्री से लेकर राज्य सरकार के मंत्री और आला अधिकारी अंधेरे में बैठे रहे। हालांकि, 10 मिनट के अंदर बिजली बहाल कर दी गई, लेकिन मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने इसे गंभीरता से लेते हुए अधिकारियों को बिजली संकट को लेकर जवाब तलब किया है। कैबिनेट की बैठक के बाद सीएम सोरेन ने खुद मीडिया को यह बात बताई। उन्होंने कहा, भारी बारिश के कारण राज्य के विभिन्न इलाकों में भारी नुकसान हुआ है। सड़क, पुल-पुलिया और फसलों को नुकसान हुआ है। जानमाल की क्षति हुई है। बिजली आपूर्ति व्यवस्था प्रभावित हुई है।

कैबिनेट के फैसले

- झारखंड राज्य हिंदू धार्मिक न्यास बोर्ड रांची के लिए 3 करोड़ रुपए प्रतिवर्ष सहायता राशि देने की मंजूरी दी गई।
- नगर ऊंटारी के चिकित्सक डॉ गुरु शरण डॉ गुरु चरण सिंह सलूजा को सेवा से बर्खास्त करने का निर्णय लिया गया।
- झारखंड राज्य चिकित्सा परिषद संशोधन नियमावली 2025 को मंजूरी दी गई।
- राज्य आवास बोर्ड के आवासीय भू संपदा में संशोधन की नियमावली को मंजूर किया गया। इसके तहत दिव्यांगों को भूखंड के आवंटन में आरक्षण की व्यवस्था की गई है। इसके तहत दिव्यांगों को जो पूर्व में तीन प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण मिलता था उसे बढ़ाकर अब पांच प्रतिशत दिया जा जाएगा।
- पथ प्रमंडल लातेहार अंतर्गत लातेहार से बरवाडीह तक की 25 किलोमीटर की सड़क के चौड़ीकरण और मजबूतीकरण के लिए 114 करोड़ 99 लाख 62 हजार की मंजूरी दी गई।
- सरकार के राजपत्रित पदाधिकारियों के लिए मोबाइल सुविधा के लिए प्रतिमाह उन्हें 25,000 रुपए मोबाइल फोन सेट के लिए और रिचार्ज के लिए प्रतिमा 500 रुपये देने की मंजूरी दी गई।
- झारखंड राज्य के राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) के अंशकालीन पदाधिकारियों और कैडेटों के शिविरों में आने-जाने के दौरान दैनिक भत्ता में वृद्धि एवं एनसीसी कैडेटों को एसी टायर-3 में यात्रा की स्वीकृति दी गई।
- राज्य के विभिन्न स्तर के पदाधिकारि और कार्यालयों के लिए सरकारी वाहनों की अनुमान्यता में संशोधन की स्वीकृति दी गई।
- कोर कैपिटल एरिया में प्रस्तावित ताज होटल के निर्माण के लिए मैक्सिमम ग्राउंड कवरेज 25 प्रतिशत से बढ़ाकर 40 प्रतिशत एवं मैक्सिमम बिल्डिंग हाइट 26 मीटर से बढ़ाकर 27 मीटर तक करने की स्वीकृति दी गई।
- पथ प्रमंडल, सिमडेगा अन्तर्गत सिमडेगा-सेवई-किंकेल-कुरडेग-कुटमाकछार-छत्तीसगढ़ सीमा तक पथ 63.20 किमी का राईडिंग क्वालिटी में सुधार कार्य के लिए 38 करोड़ 34 हजार आठ सौ रुपए की प्रशासनिक स्वीकृति दी गई।
- पथ प्रमण्डल, मनोहरपुर अन्तर्गत उधन बारंगा धानापल्ली पथ के चैनेज 11वें किमी में कोयल नदी पर उच्चस्तरीय पुल निर्माण कार्य (पहुंच पथ निर्माण एवं भू-अर्जन सहित) के लिए 37 करोड़ 88 लाख 72 हजार छः सौ रुपए मात्र की प्रशासनिक स्वीकृति दी गई।

बोकारो में अवैध गन फैक्ट्री का खुलासा

- अंग्रेजी ब्रांड की अवैध शराब फैक्ट्री का भी पर्दाफाश, दो गिरफ्तार, मुख्य सरगना फरार
- नक्सल संगठनों को हथियार होता था सप्लाई, बंगाल होते हुए बांग्लादेश तक भेजा जाता था
- कोलकाता एसटीएफ, रांची एटीएस और बोकारो पुलिस ने संयुक्त रूप से की छापेमारी

.नवीन मेल डेस्क

बोकारो। कोलकाता एसटीएफ (स्पेशल टास्क फोर्स), रांची एटीएस (एंटी टेररिस्ट स्क्वॉड) और बोकारो पुलिस की संयुक्त टीम ने गुरुवार की रात बोकारो के जरीडीह में छापेमारी कर अवैध गन फैक्ट्री का पर्दाफाश किया। टीम ने अर्धनिर्मित देसी हथियार, हथियारों के कलपुर्जे, निर्माण में उपयोग होने वाली सामग्री, लेथ मशीनें और अन्य तकनीकी उपकरण जब्त किए हैं। इस छापेमारी में दो कारीगरों को गिरफ्तार किया गया है, जबकि मुख्य सरगना सूरज साव फरार है। गिरफ्तार दोनों आरोपी बिहार के मुंगेर और खगड़िया जिलों के रहने वाले बताए जाते हैं।

जानकारी के अनुसार, पुलिस टीम ने जरीडीह बाजार के कलाली रोड स्थित कावेरी मैरिज पैलेस एवं उसके सामने स्थित गोदाम में छापेमारी की थी। मैरेज हॉल और गोदाम सूरज साव का बताया जाता है। अवैध गन फैक्ट्री का काम मैरेज पैलेस के आड़ में रिहायशी इलाके में चल रहा था। वहां नामी अंग्रेजी ब्रांड की कंपनी के नाम से अवैध शराब का भी निर्माण किया जाता था। छापेमारी के दौरान करीब 50 कार्टन अवैध बरामद हुआ है।

मिली जानकारी के अनुसार, गिरफ्तार दोनों आरोपियों से पूछताछ में संकेत मिले हैं कि नक्सल संगठनों एवं संगठित आपराधिक गिरोहों को हथियार सप्लाई किया जा रहा था। ये हथियार पश्चिम बंगाल होते हुए बांग्लादेश भी भेजे जा रहे थे। जांच में पता चला है कि यहां गन फैक्ट्री बहुत दिनों से चल रहा था। कोलकाता एसटीएफ को पहले से जानकारी मिल रही थी कि यहां गन फैक्ट्री संचालित हो रहा है। पिछले दिनों धनबाद के महुदा से भी कोलकाता एसटीएफ की सूचना पर एक गन फैक्ट्री का पर्दाफाश किया गया था।

रिवर फ्रंट पर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सतर्क हुआ प्रशासन

- कोयल नदी में बढ़ते जलस्तर के बीच डीआईजी नौशाद आलम ने किया स्थल निरीक्षण, पुलिस को दिए कड़े निर्देश

मेदिनीनगर। कोयल नदी के जलस्तर में लगातार हो रही वृद्धि के बीच जिला प्रशासन अब सतर्क नजर आने लगा है। शुक्रवार को शाम 7 बजे पलामू प्रक्षेत्र के डीआईजी नौशाद आलम स्वयं मेदिनीनगर के रिवर फ्रंट क्षेत्र का निरीक्षण करने पहुंचे। उन्होंने आसपास के इलाकों में विधि-व्यवस्था और सुरक्षा प्रबंधन का आकलन किया तथा पुलिस पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। गौरतलब है कि राष्ट्रीय नवीन मेल ने शुक्रवार को विशेष रिपोर्ट प्रकाशित की थी, जिसमें रिवर फ्रंट पर कोयल नदी में जलस्तर बढ़ने के बावजूद कोई सुरक्षा व्यवस्था नहीं होने और युवाओं की भारी भीड़ जुटने की बात सामने लाई गई थी। खबर के बाद ही प्रशासन हरकत में आया। निरीक्षण के दौरान डीआईजी नौशाद आलम ने स्पष्ट निर्देश दिया कि किसी भी स्थिति में आम नागरिक, विशेषकर युवा, नदी के किनारे सेल्फी लेने या अन्य गतिविधियों के लिए ना जाएं। उन्होंने कहा कि नदी में जलस्तर का अचानक बढ़ना खतरनाक साबित हो सकता है, इसलिए सतर्कता अत्यंत आवश्यक है। निरीक्षण के क्रम में डीआईजी ने सादिक चौक मंदिर के समीप विधि-व्यवस्था की समीक्षा की और यातायात व्यवस्था की स्थिति को भी देखा। इस दौरान उन्होंने पलामू सांसद विष्णु दयाल राम से उनके आवास पर शिष्टाचार मुलाकात कर जिले की सुरक्षा एवं कानून-व्यवस्था पर विचार-विमर्श किया। शुक्रवार को डीआईजी की सक्रियता से यह संकेत मिला कि प्रशासन किसी भी संभावित आपदा से निपटने के लिए तैयार है और अब सुरक्षा के प्रति पहले से अधिक गंभीरता बरती जा रही है।

मुख्यमंत्री ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए सभी जिलों के उपायुक्तों के साथ की बैठक, कहा-

भारी बारिश को देखते हुए अलर्ट मोड में रहें अधिकारी

- अतिवृष्टि में हुए नुकसान का आकलन कर विभाग को भेजें रिपोर्ट

नवीन मेल डेस्क

रांची। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने शुक्रवार को झारखंड मंत्रालय से वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए सभी जिलों के उपायुक्तों के साथ संवाद कर राज्य में हो रही भारी बारिश को दृष्टिगत रखते हुए अधिकारियों को पूर्ण रूप से अलर्ट मोड में रहने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री ने सभी जिलों के उपायुक्तों से कहा कि शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों में जल जमाव की समस्या से आम जनता को निजात दिलाने के लिए प्रभावी कदम उठाए जाएं। मुख्यमंत्री सोरेन ने सभी जिलों के उपायुक्तों को निर्देश दिया कि लोकल अथॉरिटी के साथ समन्वय स्थापित कर जल जमाव की स्थिति को जल्द से जल्द खत्म करने का प्रयास करें। जिलों में सड़क, पुल-पुलिया, घर, फसल आदि को हुए नुकसान का आकलन कर राज्य सरकार को तत्काल रिपोर्ट भेजें, ताकि प्रभावित लोगों को राहत और मुआवजा देने में किसी तरह का कोई विलंब नहीं हो। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सभी जिलों के **शेष पेज 11 पर...**

बारिश और वज्रपात से पोल व तार गिरे, बिजली व्यवस्था ठप

रांची। झारखंड में हो रही झमाझम बारिश से आम जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। बारिश से जहां गर्मी से राहत मिली, वहीं लोगों की परेशानियां भी बढ़ गई हैं। पलामू जिले में बीते चार दिनों से हो रही लगातार बारिश से तरहसी प्रखंड के गोइंदी से हिंदिया जाने वाले मुख्य मार्ग पर बनी पुलिया (कलभट्ट) तेज बहाव में बह गई है। इससे पारटांड, हिंदीया एवं पुरनी हिंदीया का संपर्क पूरी तरह से मुख्य सड़क से कट गया है। करीब 600 घर प्रभावित हुए हैं। साथ ही, भारी बारिश से राज्य के प्रमुख जलाशयों में जलस्तर तेजी से बढ़ने लगा है। जलस्तर बढ़ने के कारण धनबाद के मैथन डैम और बोकारो के तेनुडैम के कई फाटक खोल दिए गए हैं। भारी बारिश से राजधानी रांची के कई हिस्सों समेत गुमला, बोकारो, लोहरदगा, खूंटी, पश्चिमी सिंहभूम, गढ़वा एवं अन्य जिलों में गुरुवार की रात से बिजली आपूर्ति व्यवस्था चरमराई रही। यहां घंटों बिजली आपूर्ति ठप रही, जिससे आम जनजीवन को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। बारिश के साथ तेज आंधी और वज्रपात के कारण बिजली के कई पोल और तार गिर गए हैं। बिजली नहीं रहने से रातभर बच्चों और बुजुर्गों को मच्छरों ने परेशान किया। लोगों की शिकायत है कि **शेष पेज 11 पर...**

इंडिया

कोचिंग इंस्टिट्यूट के झूठे दावों की पोल उनके ही विज्ञापन खोल रहे हैं

सुनील बादल
कार्यकारी संपादक

पंजाब की बेटी आस्था सिंह ने सिर्फ 21 साल की उम्र में सबसे कम उम्र में आइएएस बनकर रिकॉर्ड अपने नाम पर दर्ज करवा लिया है। आस्था सिंह ने बिना कोचिंग के अपने पहले प्रयास में यूपीएससी परीक्षा में 61वीं रैंक हासिल की है। प्रयागराज की अनन्या सिंह ने 22 साल की उम्र में यूपीएससी परीक्षा अपने पहले प्रयास में पास की और अखिल भारतीय रैंक 51 हासिल की थी। उन्होंने बिना किसी कोचिंग के सेल्फ स्टडी के दम पर यह सफलता हासिल की थी। जबकि उद्योग से कोचिंग माफिया का रूप ले चुके अनेक संस्थान भ्रामक विज्ञापनों के सहारे अरबों का कारोबार कर रहे हैं।17 जून 25 रांची सहित देश के अनेक दैनिक समाचार पत्रों ने अलेन ALLEN कोचिंग संस्थान का एक विज्ञापन प्रमुखता से प्रकाशित किया जिसमें दावा किया गया था कि नीट यूजी 2025 में उसके क्लासरूम में कोचिंग करने वाले केशव मित्तल ने अखिल भारतीय स्तर पर 7 वां रैंक हासिल किया जबकि उसी दैनिक के अगले पृष्ठ पर मोशन कोचिंग इंस्टीच्यूट ने अपने विज्ञापन में उसी केशव मित्तल को अपना विद्यार्थी बताया मजेदार बात यह है कि देश के एक और प्रमुख दैनिक के रांची एडिशन के 19 जून के अंक में प्रथम पृष्ठ पर प्रकाशित विज्ञापन में नारायणा एदुकेश्नल इंस्टिट्यूट ने उसी केशव मित्तल को अपना विद्यार्थी बताकर एप का नंबर भी प्रकाशित किया है ।एक ही विद्यार्थी ने तीनों संस्थाओं में कैसे पढ़ाई की होगी ? कुछ वर्षों पूर्व एक ऐसे ही मामले में विद्यार्थी का बयान आया था कि उसने किसी भी कोचिंग संस्थान में पढ़ाई नहीं की थी ।केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण (सीसीपीए) ने भ्रामक दावे करने और अनुचित व्यापार प्रथाओं में शामिल होने के लिए 49 कोचिंग सेंटर को नोटिस जारी किए थे और 24 पर 77 ।6 लाख रुपये का जुर्माना लगाया था । हालांकि जिन कोचिंग सेंटरों को नोटिस मिले हैं, उनके नाम सार्वजनिक नहीं किए गए, लेकिन उपभोक्ता संरक्षण निकाय ने कहा कि जिन सेंटर को नोटिस दिया गया, उनमें जॉइंट एंट्रेंस एग्जामिनेशन (जेईई) और नैशनल एलिजिबिलिटी-कम-एंट्रेंस टेस्ट (नीट) की कोचिंग देने वाले संस्थान शामिल थे ।प्राधिकरण ने इसी साल अप्रैल में एक बयान में कहा था कि कई कोचिंग संस्थानों के दिशानिर्देशों में भ्रामक विज्ञापन की रोकथाम का उल्लंघन करते पाए जाने के बाद नाटिस जारी किए गए। ये दिशानिर्देश कोचिंग सेंटर

को अपनी सेवाओं को बढ़ावा देने के लिए झूठे या भ्रामक विज्ञापन या दावे करने और भ्रामक या अनुचित व्यापार प्रथाओं में शामिल होने से रोकते हैं। उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण ने अपने बयान में कहा, 'आईआईटी-जेईई और नीट जैसी परीक्षाओं के हालिया परिणाम की घोषणा के बाद सीसीपीए ने देखा कि कोचिंग सेंटर दिशानिर्देशों का पालन नहीं कर रहे थे।'कोचिंग संस्थानों को सीसीपीए के नोटिस जेईई और नीट में गारंटीकृत प्लेसमेंट, रैंकों के आश्वासन, उपभोक्ता अधिकारों के उल्लंघन और भ्रामक विज्ञापनों के साथ-साथ प्रवेश रद्द करने के बाद गैर या आंशिक शुल्क वापसी और सेवाओं में कमी से संबंधित दावों पर जारी किए जाते हैं। पिछले साल प्राधिकरण ने संघ लोक सेवा आयोग की परीक्षाओं के लिए प्रशिक्षण देने वाले तीन कोचिंग सेंटर पर सिविल सेवा परीक्षा में अपनी सफलता दर के बारे में भ्रामक विज्ञापन देने के लिए जुर्माना लगाया था ।कोचिंग संस्थानों में फर्जीवाड़े के कई मामले सामने आए हैं, जिनमें भ्रामक विज्ञापन, अनुचित शुल्क संरचना और खराब गुणवत्ता वाली शिक्षा शामिल हैं। छात्रों को संस्थान से फीस और वापसी नीतियों के बारे में स्पष्टीकरण प्राप्त करना चाहिए। छात्रों को संस्थान के शिक्षकों और पाठ्यक्रम के बारे में पूछताछ करनी चाहिए। उपभोक्ता मामले विभाग ने सभी कोचिंग संस्थानों को छात्र-केंद्रित दृष्टिकोण अपनाने और छात्रों के वित्तीय हितों की रक्षा के लिए स्पष्ट, पारदर्शी वापसी नीतियों को अनिवार्य बनाने का निर्देश दिया है, प्रेस सूचना ब्यूरो ने कहा है कि यदि किसी छात्र के साथ किसी कोचिंग संस्थान में धोखाधड़ी हुई है, तो वह उपभोक्ता अदालत में शिकायत दर्ज करा सकता है। कोचिंग सेंटरों के विज्ञापनों पर सरकार की नज़र है। जहां शिक्षा मंत्रालय ने कुछ दिन पहले ही कोचिंग सेंटरों के रेगुलेशन के लिए गाइडलाइंस जारी की है, वहीं केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण ने भी खुद संज्ञान लेते हुए कई कोचिंग सेंटरों को नोटिस जारी किया है। लोकसभा में कोचिंग सेंटरों के दावों को लेकर पूछे गए सवाल के जवाब में केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री डॉ सुभाष सरकार ने बताया था कि सीसीपीए ने कोचिंग संस्थानों द्वारा भ्रामक विज्ञापन के खिलाफ खुद संज्ञान लेते हुए कार्रवाई की है। शिक्षा मंत्रालय ने गाइडलाइंस तैयार कर सभी राज्यों को भेजा है ताकि राज्य कानूनी प्रावधानों के तहत कार्रवाई कर सकें ।शिक्षा मंत्रालय ने अपनी गाइडलाइंस में यह भी सिफारिश की है कि कोई भी कोचिंग संस्थान किसी भ्रामक विज्ञापन को प्रकाशित नहीं करेगा। पैरंट्स या स्टूडेंट्स से यह वादा नहीं किया जाएगा कि इस कोचिंग सेंटर में पढ़ने से रैंक आने की गारंटी होगी या फिर बहुत अच्छे नंबर आ ही जाएंगे। कोचिंग सेंटर को अपनी वेबसाइट पर टीचर्स से जुड़ी सारी जानकारी देनी होगी। फीस, फीस रिफंड पॉलिसी की जानकारी देनी होगी। 16 वर्ष से कम आयु के छात्रों का नामांकन नहीं किए जाने का निर्देश दिया गया है।

पाक पर ब्रह्मोस चला, तहस-नहस हो गई आतंकी टोली

राष्ट्रीय नवीन मेल

कामेश्वर कुमार 'कामेश', रांची

कायर था
तभी
ऐसी,
कायरता की बोली थी
बोली,
जो घृणित काम किए थे,
जला दी सेना, इनकी टोली,
पहलगाम घाटी घुमने, गई
थी दुल्हन नई नवेली,
सबके मन में हंसी खुशी
थी, सबकी अलग थी
बोली,
धर्म का नाम पूछके
आतंकी, अलग किए
सैलानी,
निर्दयी, बुझदिल आतंकी,
हथियार से घेर ली टोली,
लहुलुहान पल भर में हो
गए, बंद हुई हंसी ठिठोली,
जन्नत की इस धरती पर
आतंकी खेले खून की
होली,
धिक्कार तुझे तू कुकर्मी,
जिसने मानवता न जानी,
निहत्थे सैलानियों पर,
चला दी थी झट से
गोली,
आतंकी ठिकानों को,
गोलीबारी का अर्थ बताया,
पाक में ब्रह्मोस चला,
तहस-नहस की आतंकी
टोली,
घर में घुस आतंकवादियों
को, ऐसी सबक सिखा दी,
कश्मीर-कन्याकुमारी के
भारतीयों की जिया जुड़ा दी।

बारिश से बिगड़े हालात, प्रशासन मुस्तैद

सिख रेजीमेंट, प्रशासन व पुलिस बल ने तटवर्ती क्षेत्रों का किया दौरा, कई इलाकों में नुकसान, सतर्कता की अपील



नवीन मेल संवाददाता

हुसैनाबाद। पलामू जिले में हो रही मूसलधार बारिश ने जनजीवन को बुरी तरह प्रभावित किया है। लगातार बारिश के कारण सोन नदी और उत्तर कोयल नदी का जलस्तर तेजी से बढ़ता जा रहा है। ऐसे में शुक्रवार को सिख रेजीमेंट, रामगढ़ कैंट के कर्नल विक्रम दलाल ने हुसैनाबाद अनुमंडल क्षेत्र के

◀◀ सोन और उत्तर कोयल नदी के किनारे बढ़े खतरे के संकेत, कर्नल विक्रम ने लिया स्थिति का जायजा

विभिन्न तटवर्ती इलाकों का निरीक्षण किया। कर्नल दलाल के साथ हुसैनाबाद अंचल अधिकारी पंकज कुमार, देवरी ओपी प्रभारी बबलू कुमार, पुलिस बल के जवान और बडेपुर पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि गुड्डू सिंह भी मौजूद रहे। अधिकारियों ने बुधुआ, देवरी कला और मोहम्मदगंज स्थित भीम बराज क्षेत्र का गहन निरीक्षण किया। इस दौरान तटवर्ती गांवों के लोगों से बातचीत करते हुए कर्नल दलाल ने उन्हें बाढ़ संभावित क्षेत्रों से दूर रहने, नदी किनारे पिकनिक या सेल्फी जैसी जोखिम भरी गतिविधियों से बचने की सख्त सलाह दी। उन्होंने कहा कि नदी किनारे की स्थिति कभी भी और अधिक गंभीर हो सकती है। मौके पर अंचल निरीक्षक संतोष कुमार और कर्मचारी आशीष रंजन समेत अन्य प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे।

आईटीआई के पास जलजमाव से लोगों का जीना मुहाल, पार्षद ने डीसी से की शिकायत

नवीन मेल संवाददाता

हुसैनाबाद। नगर पंचायत हुसैनाबाद के वार्ड संख्या 3 में जलजमाव और जर्जर सड़क के कारण आम लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। निवर्तमान वार्ड पार्षद राजेंद्र पाल ने इस समस्या के समाधान के लिए पलामू के उपायुक्त को पत्र लिखकर तत्काल कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने कहा कि आईटीआई के समीप सड़क पर बने गड्ढों में बारिश का पानी भर जाने से राहगीरों को चलना मुश्किल हो गया है। उन्होंने बताया कि छह माह पहले नाली निर्माण के लिए गड्ढा खोदकर छोड़ दिया गया था, जिसे अबतक भरा नहीं गया है। इससे बरसात में पानी की निकासी नहीं हो पा रही है। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर शीघ्र समस्या का समाधान नहीं हुआ तो नागरिकों को साथ लेकर आंदोलन किया जाएगा। राजेंद्र पाल ने यह भी आरोप लगाया कि नगर क्षेत्र केवल नाम का है, जबकि हालत किसी ग्रामीण क्षेत्र से भी बदतर है। टैक्स तो वसूला जा रहा है लेकिन सुविधाएं नहीं मिल रही हैं।

श्रमदान से बनी पुलिया ध्वस्त, कई गांवों का मुख्यालय से संपर्क कटा

मोहम्मदगंज। राजबारा नदी में आई बाढ़ से रामनगर और आसपास के गांवों को जोड़ने वाली कच्ची पुलिया ध्वस्त हो गई। यह पुलिया ग्रामीणों और युवाओं ने श्रमदान से बनाई थी, जिससे मोहम्मदगंजझमहुडंड मार्ग से संपर्क बना हुआ था। अब संपर्क पूरी तरह टूट गया है। विधायक संजय कुमार सिंह यादव ने डीपीआर तैयार कर पुलिया के पक्कीकरण का निर्देश दिया है। रामजन्म राम ने बताया कि यह सड़क ग्रामीणों के प्रयास से बनी थी, और अब इसके पक्कीकरण की दिशा में प्रयास हो रहा है।

पोक्सो एक्ट का आरोपी गिरफ्तार, भेजा गया जेल

हुसैनाबाद। देवरी ओपी पुलिस ने एक गंभीर आपराधिक मामले में आरोपी सोनल सिन्हा को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। आरोपी देवरी बाबू लाइन का निवासी है। देवरी ओपी प्रभारी बबलू कुमार ने जानकारी दी कि कांड संख्या 156/25 के अंतर्गत पोक्सो एक्ट की धाराओं में मामला दर्ज किया गया था। आरोपी को न्यायिक हिरासत में मेदिनीनगर कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेजा गया।

बरगद का पेड़ गिरा घर पर, बड़ा नुकसान

नौडीहा बाजार। तेज हवा और बारिश के कारण नौडीहा प्रखंड के कठौतिया गांव में एक विशाल बरगद का पेड़ एक कच्चे मकान पर गिर गया, जिससे घर पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। इस हादसे के बाद क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि जितेंद्र कुमार भारती और नौडीहा अंचलाधिकारी रामनारायण खलखो ने घटनास्थल का दौरा कर पीड़ित परिवार को उचित मुआवजा दिलाने का भरोसा दिलाया।

भारी बारिश ने पांकी प्रखंड में मचाई तबाही

▸ नदी-नालों के उफान पर आने से पुलिस ने किया अलर्ट, लोगों से सावधानी बरतने की अपील

नवीन मेल संवाददाता

पांकी। प्रखंड क्षेत्र में बीते चार दिनों से हो रही लगातार मूसलाधार बारिश ने जनजीवन को पूरी तरह अस्त-व्यस्त कर दिया है। इस भीषण बारिश के कारण अमानत, सोनरे सहित प्रखंड की अन्य नदियाँ और नाले उफान पर हैं। यहां तक कि तालाब और पोखर भी खतरे के निशान से ऊपर बह रहे हैं, जिससे क्षेत्र में बाढ़ जैसे हालात बन गए हैं। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए पांकी थाना पुलिस ने शुक्रवार को लाउडस्पीकर के माध्यम से पूरे प्रखंड में भ्रमण कर लोगों को अलर्ट किया। पुलिस ने नागरिकों से अपील की कि वे जलाशयों के पास घूमने, सेल्फी लेने और पिकनिक मनाने जैसी गतिविधियों से पूरी तरह बचें। साथ ही सभी से घर के अंदर ही सुरक्षित रहने का आग्रह किया गया। पुलिस ने विशेष रूप से अभिभावकों से अपील की कि वे अपने बच्चों का ध्यान रखें और उन्हें घर से बाहर न निकलने दें। उन्होंने बताया कि बारिश के कारण सभी नदी-नालों में जलस्तर अत्यधिक बढ़ गया है, जिससे किसी भी समय अप्रत्याशित घटनाएं हो सकती हैं। ऐसे में सतर्कता ही सबसे बड़ा बचाव है। पुलिस ने सभी से सरकारी निर्देशों का पालन करने और स्वयं को सुरक्षित रखने की सलाह दी। आपको बता दें कि लगातार बारिश के कारण प्रखंड क्षेत्र के मंगलपुर, परसावां, सरैडीह समेत कई इलाकों में दर्जनों मकान ध्वस्त हो चुके हैं। कई गांवों में बारिश का पानी लोगों के घरों में घुस गया है, जिससे उन्हें भारी नुकसान का सामना करना पड़ा है। लोग घरों में दुबके हुए हैं और सामान्य जनजीवन पूरी तरह ठप हो गया है।

बारिश से राहत और नुकसान दोनों, किसानों में मिली-जुली प्रतिक्रिया

ऊंटारी रोड। पलामू में लगातार हो रही बारिश से जहां गर्मी से राहत मिली है, वहीं कई जगहों पर फसलों को नुकसान भी पहुंचा है। पांडू प्रखंड के सभी छोटी-बड़ी नदियों का जलस्तर बढ़ गया है। कुछ किसानों के चेहरों पर मुस्कान है तो कुछ की फसलें बर्बाद होने से चिंता का माहौल है। जल जमाव और नदियों की स्थिति पर प्रशासन की नजर बनी हुई है।

'नवीन मेल' की खबर का असर: अबुआ आवास की किस्त जारी

नवीन मेल संवाददाता

मोहम्मदगंज। 'राष्ट्रीय नवीन मेल' में प्रकाशित खबर 'बरसात में खुला आसमान बना सहारा' का प्रशासन पर सकारात्मक असर पड़ा है। मोहम्मदगंज प्रखंड के राजनडीह टोला निवासी लाभुक देवंती देवी के खाते में अबुआ आवास योजना की दूसरी किस्त की राशि अंततः जारी कर दी गई। देवंती देवी ने जानकारी दी कि किस्त की राशि दो महीने से अटकी थी, जिससे निर्माण कार्य बाधित हो गया था और बरसात में परिवार को खुले आसमान के नीचे रहना पड़ा। अब राशि मिल जाने पर निर्माण कार्य दोबारा शुरू होगा।

प्रखंड प्रमुख के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पारित

नवीन मेल संवाददाता

चैनपुर। प्रखंड कार्यालय सभागार में शुक्रवार को प्रखंड प्रमुख गायत्री देवी के खिलाफ पंचायत समिति सदस्यों द्वारा अविश्वास प्रस्ताव पारित कर दिया गया। अनुमंडल पदाधिकारी सुलोचना मीणा की देखरेख में गुप्त मतदान की प्रक्रिया पूरी की गई, जिसमें 33 मत प्रस्ताव के समर्थन में पड़े, जबकि एक भी मत विरोध में नहीं आया। प्रस्ताव में कुल 31 पंचायत समिति सदस्य, 5 मुखिया, एक सांसद प्रतिनिधि और एक विधायक प्रतिनिधि को भाग लेना था, लेकिन प्रमुख गायत्री देवी, दो पंसस, और सांसद एवं विधायक प्रतिनिधि अनुपस्थित रहे। परिणाम घोषित होते ही सभी उपस्थित सदस्यों ने अबीर-गुलाल उड़ाकर और पटाखे फोड़कर अपनी खुशी का इजहार किया। मौके पर अंचल अधिकारी चंद्रशेखर कुणाल, अनुमंडल कार्यालय अधीक्षक विनोद कुमार गुप्ता समेत कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

विद्यालय व बैंक परिसर में जलजमाव से बच्चों व ग्राहकों को हो रही परेशानी

नवीन मेल संवाददाता

मोहम्मदगंज। स्थानीय पीएमश्री राजकीयकृत प्लस टू उच्च विद्यालय और पास के बैंक परिसर में बारिश का पानी भर जाने से रोजमर्रा की गतिविधियां प्रभावित हो रही हैं। बाजार और वन विभाग की ओर से आने वाला बारिश का पानी विद्यालय परिसर और बैंक में भर जाता है। मुखिया कमला देवी ने कहा कि जल्द निरीक्षण कर नाला निर्माण कराया जाएगा। बीडीओ को भी इस समस्या से अवगत कराया जाएगा।

चंद्रपुर में सड़क पर गिरा पीपल का पेड़, यातायात ठप

नवीन मेल संवाददाता

पांकी। बकोरिया मुख्य पथ के चंद्रपुर गांव में बीते तीन दिनों से एक विशाल पीपल का पेड़ गिरा पड़ा है, जिससे सड़क पर आवागमन पूरी तरह बाधित हो गया है। ग्रामीणों को वैकल्पिक कच्चे रास्तों से होकर आना-जाना पड़ रहा है, जिससे उन्हें भारी परेशानी हो रही है। शुक्रवार को हाट-बाजार का दिन होने के कारण हजारों लोगों को असुविधा का सामना करना पड़ा। स्थानीय लोगों ने प्रशासन और जनप्रतिनिधियों से पेड़ को शीघ्र हटवाने की मांग की है।

कोयल नदी में जलस्तर बढ़ा, उंटारी रोड पुलिस ने लोगों से सतर्कता बरतने की अपील की

नवीन मेल संवाददाता

उंटारी रोड। पिछले 48 घंटों से लगातार हो रही बारिश के कारण कोयल नदी का जलस्तर तेजी से बढ़ गया है। नदी में उफान की स्थिति बन गई है, जिससे आसपास के गांवों में जनजीवन प्रभावित हुआ है। मौसम विभाग ने क्षेत्र के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है, जिससे स्थिति और गंभीर हो सकती है। कोयल नदी किनारे बसे लहर बंजारी, सिड़हा, नावाडीह, भदूमा सहित अन्य गांवों के निवासियों से उंटारी रोड थाना द्वारा सतर्कता बरतने की अपील की गई है। पुलिस ने कहा है कि लगातार जलस्तर में वृद्धि हो रही है, ऐसे में नदी के किनारे जाना या किसी प्रकार की गतिविधि करना जोखिमपूर्ण हो सकता है। थाना की ओर से लोगों को सचेत करते हुए कहा गया है कि वे स्वयं सतर्कता बरतें और दूसरों को भी सतर्क रहने के लिए प्रेरित करें। पुलिस ने यह भी कहा कि यदि किसी को कोई आपात जानकारी या खतरे की सूचना मिले, तो तुरंत थाना को सूचित करें। अफवाहों से बचने और केवल आधिकारिक सूचना पर ही भरोसा करने की अपील की गई है। प्रशासन ने आशंका जताई है कि यदि बारिश का दौर यूं ही जारी रहा, तो जलस्तर और बढ़ सकता है। ऐसे में प्रभावित क्षेत्र के लोगों से तटवर्ती इलाकों से दूरी बनाए रखने और सुरक्षित स्थानों पर रहने की सलाह दी गई है।

सेवानिवृत्त शिक्षक धनपत रजक का निधन

हुसैनाबाद। हुसैनाबाद में रहने वाले 70 वर्षीय सेवानिवृत्त शिक्षक धनपत रजक का शुक्रवार को दुखद निधन हो गया। बताया गया कि वे सुबह अचानक फिसलकर गिर गए थे। गंभीर हालत में उन्हें सदर अस्पताल मेदिनीनगर ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान ब्रेन हेमरेज से उनका निधन हो गया। वे मूल रूप से छतरपुर के हरैयाटाड़ गांव के निवासी थे। वे समाजसेवा और मिलनसार स्वभाव के लिए पहचाने जाते थे। अखिल भारतीय धोबी महासंघ के पलामू जिला अध्यक्ष कृष्णा बैठा ने कहा कि उनका निधन समाज के लिए अपूरणीय क्षति है। उनके निधन की सूचना मिलते ही अनेक गणमान्य व्यक्ति उनके निवास पहुंचे और श्रद्धांजलि अर्पित की, जिनमें शिवशंकर यादव, रामेश्वर मेहता, प्रमोद रजक, डॉ. उपेंद्र वर्मा सहित दर्जनों लोग शामिल रहे। शव को अंतिम संस्कार के लिए उनके पैतृक गांव ले जाया गया।

हुसैनाबाद में नए एसडीएम ओमप्रकाश गुप्ता ने पदभार संभाला

नवीन मेल संवाददाता

हुसैनाबाद। अनुमंडल को नया एसडीएम मिल गया है। 2021 बैच के आईएएस अधिकारी ओमप्रकाश गुप्ता ने गुरुवार को देर शाम पदभार ग्रहण किया। उन्हें गौरांग महतो ने पदभार सौंपा। एसडीएम गुप्ता ने कहा कि पूर्ववर्ती अधिकारियों द्वारा किए गए अच्छे कार्यों को आगे बढ़ाया जाएगा और कोर्ट से जुड़े मामलों का शीघ्र निष्पादन होगा। उन्होंने सभी कर्मचारियों से बेहतर प्रशासन देने का वादा किया।

बटाने डैम के जलस्तर में वृद्धि, पुलिस ने जारी किया अलर्ट

नौडीहा बाजार। थाना क्षेत्र में स्थित बटाने डैम का जलस्तर लगातार बारिश के कारण तेजी से बढ़ता जा रहा है। इस पर थानाध्यक्ष अमित कुमार द्विवेदी ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर क्षेत्रवासियों को सतर्क रहने को कहा है। उन्होंने लोगों से डैम रोड पर अनावश्यक रूप से घूमने, सेल्फी या वीडियो बनाने से बचने की अपील की। विशेष रूप से बच्चों को ऐसे स्थानों से दूर रखने की सलाह दी गई है, क्योंकि पूर्व में डैम क्षेत्र में हादसे हो चुके हैं।

कोयल नदी का जलस्तर घटा, 25 गेट खुले, बाढ़ का खतरा टला

मोहम्मदगंज। कोयल नदी का जल प्रवाह शुक्रवार को घटकर 1.19 लाख क्यूसेक हो गया है। गुरुवार को यह 2.5 लाख क्यूसेक तक पहुंच गया था। कार्यपालक अभियंता विनीत प्रकाश ने बताया कि अब केवल 25 गेट खुले हैं और स्थिति नियंत्रण में है। पानी का पर्याप्त भंडारण मुख्य नहर में हो गया है और आवश्यकता के अनुसार पानी छोड़ा जाएगा।

जागरूकता | **रामबांध में प्रभात फेरी निकालकर दिया गया नशा मुक्त समाज का संदेश**

लोगों को नशा मुक्ति की शपथ दिलाई गई

नवीन मेल संवाददाता

मोहम्मदगंज। रामबांध गांव में शुक्रवार को नशा मुक्ति को लेकर प्रभात फेरी निकाली गई और एक बैठक का आयोजन कर लोगों को जागरूक किया गया। महिलाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम में रंभा देवी और बेबी देवी के नेतृत्व में ग्रामीणों ने नशा के दुष्परिणामों की जानकारी दी। कार्यक्रम में नशा मुक्ति की शपथ दिलाई गई और बताया गया कि समाज को नशामुक्त बनाने के लिए सभी का मिलाजुला प्रयास जरूरी है।

प्रखंड कार्यालय की छत से टपक रहा पानी सरकारी भवन की गुणवत्ता पर उठे सवाल

ऊंटारी रोड। लगातार हो रही बारिश से ऊंटारी रोड प्रखंड कार्यालय की छत टपकने लगी है। कार्यालय के कई कमरों में पानी टपकने से कर्मचारी परेशान हैं और जरूरी दस्तावेजों के खराब होने की आशंका है। बीडीओ के ऑफिस में भी छत से पानी टपक रहा है, जिससे कामकाज प्रभावित हो रहा है। स्थानीय लोगों ने भवन की गुणवत्ता पर सवाल उठाए हैं और समय रहते मरम्मत की मांग की है।

बिजली संकट से जूझ रहा ऊंटारी रोड प्रखंड कार्यालय, तूफान से सोलर पैनल क्षतिग्रस्त

नवीन मेल संवाददाता

ऊंटारी रोड। प्रखंड सह अंचल कार्यालय ऊंटारी रोड में पिछले चार दिनों से बिजली की आपूर्ति ठप है। तेज आंधी-तूफान में कार्यालय भवन की छत पर लगा सोलर पैनल क्षतिग्रस्त हो गया, जिससे विद्युत आपूर्ति पूरी तरह बाधित हो गई है। प्रखंड विकास पदाधिकारी श्रवण कुमार भगत ने बताया कि पैनल की मरम्मत के लिए कार्य एजेंसी को सूचना दी जा चुकी है। बिजली नहीं रहने से दफ्तर का कामकाज बाधित हो रहा है और आमजन को जरूरी सेवाओं के लिए भटकना पड़ रहा है।

राष्ट्रीय नवीन मेल की खबर पर तुरंत हरकत में आया प्रशासन, कोयल रिवर फ्रंट पर तैनात हुआ पुलिस बल

जलस्तर बढ़ने के बीच प्रशासन सक्रिय, सीमांकन कर दी गई चेतावनी, रील व सेल्फी से बचने की अपील

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। कोयल नदी के जलस्तर में बढ़ोतरी के बीच राष्ट्रीय नवीन मेल में शुक्रवार को प्रकाशित खबर का बड़ा असर देखने को मिला है। खबर में रिवर फ्रंट पर सुरक्षा के अभाव को उजागर किया गया था, जिसके बाद प्रशासन तुरंत सक्रिय हो गया। दिन की शुरुआत के साथ ही शहर थाना प्रभारी ज्योति लाल रजवार के नेतृत्व में पुलिस बल को कोयल रिवर फ्रंट पर तैनात किया गया, वहीं माइकिंग के माध्यम से लोगों से नदी किनारे नहीं जाने, सेल्फी या रील न बनाने की सख्त अपील की गई। पुलिस बल ने रिवर फ्रंट पर मौजूद लोगों को समझाया और कई युवाओं को जो रेलिंग पर चढ़कर रील बना रहे थे, उन्हें हटाया गया। थाना प्रभारी रजवार ने बताया कि सुरक्षात्मक दृष्टिकोण से यह कार्रवाई की जा रही है, ताकि जलस्तर बढ़ने की स्थिति में किसी प्रकार की अनहोनी न हो।

बताते चलें कि राष्ट्रीय नवीन मेल ने शुक्रवार को प्रमुखता से यह खबर प्रकाशित की थी कि कोयल नदी का जलस्तर बढ़ा हुआ है, लेकिन अब तक प्रशासन की ओर से कोई सुरक्षा व्यवस्था नहीं की गई है। खबर के प्रकाशित होते ही प्रशासन ने फौरन संज्ञान लिया और पुलिस बल की तैनाती कर दी।

गौरतलब है कि पिछले वर्ष सितंबर में एक छात्र सक्षम गुप्ता की रील बनाते वक्त नदी में डूबकर मौत हो गई थी, जिसके बाद से यह स्थान संवेदनशील माना जाता है।

शुक्रवार की शाम नगर निगम की ओर से भी माइकिंग कर लोगों को नदी के पास न जाने, रिवर फ्रंट की रेलिंग से दूर रहने, और जलस्तर सामान्य होने तक वीडियो या फोटो न बनाने का निर्देश दिया गया। इस दौरान टीओपी-1 प्रभारी इंद्रदेव पासवान, आरक्षी राकेश सिंह समेत कई जवान मौके पर मौजूद रहे और स्थिति पर निगरानी बनाए रखी गई। प्रशासनिक सक्रियता से स्थानीय लोगों ने राहत की सांस ली है और राष्ट्रीय नवीन मेल की पत्रकारिता को सराहा है, जिसने समय पर अहम मुद्दा उठाया।

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम आज आयोजित

भारत विकास परिषद की मेदिनीराय शाखा ने आयोजित की शिविर

वीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर भारत विकास परिषद की मेदिनी राय शाखा, मेदिनीनगर द्वारा आज राष्ट्रीय नवीन मेल प्रेस कार्यालय में सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस आयोजन को लेकर उत्साह का माहौल है और बड़ी संख्या में पदाधिकारी, सदस्य व नागरिकों की भागीदारी की संभावना है।

कार्यक्रम की जानकारी देते हुए संस्था के दक्षिण झारखंड प्रांत अध्यक्ष सत्येंद्र तिवारी ने बताया कि हर वर्ष की तरह इस बार भी अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के मौके पर योग के महत्व को प्रचारित-प्रसारित करने के उद्देश्य से यह आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं, बल्कि यह शरीर, मन और आत्मा का सामंजस्य है जो व्यक्ति को सम्पूर्ण रूप से स्वस्थ बनाता है।

योगाभ्यास सत्र में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को विभिन्न आसन और प्राणायाम की विधियों से अवगत कराया जाएगा। कार्यक्रम में यह भी समझाया जाएगा कि नियमित योगाभ्यास से मानसिक तनाव, मधुमेह, रक्तचाप, मोटापा व अन्य कई रोगों से बचा जा सकता है।

सत्येंद्र तिवारी ने यह भी कहा कि अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर हमें यह संकल्प लेना चाहिए कि योग को अपनी दैनिक दिनचर्या का हिस्सा बनाएँ, ताकि हम और हमारा समाज दोनों निरोग और संतुलित बने रहें।

कार्यक्रम में मेदिनीराय शाखा के महासचिव शंकर दयाल सिंह, उपाध्यक्ष रजनीकांत पांडेय, फोटो जर्नलिस्ट सह संपर्क समन्वयक राकेश कुमार सहित अन्य गणमान्य पदाधिकारी उपस्थित रहेंगे।

पर्यटन विकास को लेकर बैठक आयोजित

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। उपायुक्त कार्यालय कक्ष में शुक्रवार को जिला पर्यटन संवर्द्धन परिषद की बैठक हुई। उपायुक्त समीरा एस की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में जिले के विभिन्न पर्यटन स्थलों के विकास, सौंदर्यीकरण और पर्यटकीय सुविधाओं को जोड़ने पर चर्चा की गई।

बोटिंग सुविधा की योजना पर मंथन : बैठक में रानीताल डैम (चैनपुर), कचरवा डैम (मेदिनीनगर) और भीम बराज में बोटिंग शुरू करने की योजना पर विचार हुआ। इसके लिए सभी आवश्यक मानकों को ध्यान में रखते हुए प्रक्रिया अपनाने का निर्णय लिया गया। कचरवा डैम परिसर में वन विभाग द्वारा पौधारोपण और दो किलोमीटर पाथवे निर्माण की भी योजना है।

नई परियोजनाओं के डीपीआर तैयार : केचकी संगम, भीम चूल्हा और निरीक्षण भवन का विस्तृत परियोजना प्रतिवेदन (डीपीआर) तैयार कर लिया गया है। निकट भविष्य में निर्माण कार्य शुरू किया जाएगा। साथ ही नगर आयुक्त आवास के पीछे बजट होटल निर्माण की योजना भी अंतिम चरण में है।

स्थानीय रोजगार की संभावना पर जोर : सांसद विष्णु दयाल राम ने मलय डैम को विश्वस्तरीय पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने पर्यटन के साथ-साथ हॉस्पिटैलिटी और धार्मिक पर्यटन को भी विकसित करने की आवश्यकता बताई।

बैठक में उप विकास आयुक्त जावेद हुसैन, वन प्रमंडल पदाधिकारी सत्यम कुमार, सहायक समाहर्ता हिमांशु लाल, जनसंपर्क पदाधिकारी असीम कुमार, पर्यटन पदाधिकारी और अन्य विभागीय प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

नीलांबर-पीतांबर विश्वविद्यालय की 22वीं अकादमिक परिषद की बैठक संपन्न

- कानून, पत्रकारिता, थिएटर व विदेशी भाषाओं में शुरू होंगे नए कोर्स, स्वरोजगारोन्मुखी शिक्षा की दिशा में महत्वपूर्ण पहल

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। नीलांबर-पीतांबर विश्वविद्यालय (एनपीयू) की 22वीं अकादमिक परिषद की बैठक शुक्रवार को विश्वविद्यालय के कौटिल्य प्रशासनिक भवन के सभागार में कुलपति डॉ दिनेश कुमार सिंह की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में विश्वविद्यालय की शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ और रोजगारोन्मुख बनाने को लेकर कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए।

बैठक में शिक्षाविदों और सदस्यों ने विभिन्न प्रस्तावों पर विस्तार से विचार किया। विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा प्रस्तुत शैक्षणिक प्रस्तावों को स्वीकृति दी गई, जो उच्च शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार और विविधता लाने की दिशा में मील का पत्थर साबित होंगे।

कानून शिक्षा को बढ़ावा देगा एकीकृत पाठ्यक्रम : बैठक में सबसे महत्वपूर्ण निर्णयों में पांच वर्षीय एकीकृत बीए एलएलबी पाठ्यक्रम को आरंभ करने का प्रस्ताव शामिल था। इस पाठ्यक्रम के माध्यम से क्षेत्र के छात्र अब स्थानीय स्तर पर ही कानूनी शिक्षा प्राप्त कर सकेंगे। इससे विधि क्षेत्र में करियर बनाने के इच्छुक विद्यार्थियों को मजबूती मिलेगी।

थिएटर और विदेशी भाषाओं में प्रमाण पत्र पाठ्यक्रम को मिली मंजूरी : अकादमिक परिषद ने आत्मवित्तपोषित प्रमाण पत्र पाठ्यक्रमों को आरंभ करने पर भी सहमति दी। इनमें रंगमंच कला और विभिन्न विदेशी भाषाओं के पाठ्यक्रम शामिल हैं। इस पहल से विद्यार्थियों को रचनात्मकता के साथ-साथ वैश्विक दृष्टिकोण विकसित करने का अवसर मिलेगा।

पत्रकारिता और पुस्तकालय विज्ञान में शुरू होंगे स्नातक पाठ्यक्रम : बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि विश्वविद्यालय में पत्रकारिता एवं जनसंचार तथा पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान में स्ववित्तपोषित स्नातक पाठ्यक्रम शुरू किए जाएंगे। ये कोर्स आधुनिक मीडिया और सूचना प्रबंधन क्षेत्र में रोजगार के अवसरों को ध्यान में रखकर डिज़ाइन किए गए हैं।

समकालीन जरूरतों के अनुरूप शिक्षा की दिशा में कदम : इन सभी प्रस्तावों और निर्णयों से स्पष्ट है कि नीलांबर-पीतांबर विश्वविद्यालय शिक्षा को सिर्फ डिग्री तक सीमित नहीं रखना चाहता, बल्कि उसे आज की प्रतिस्पर्धी दुनिया के अनुरूप प्रासंगिक और व्यावसायिक बनाना चाहता है। विश्वविद्यालय के प्रवक्ता डॉ विनीता दीक्षित ने कहा कि ये सभी पहलें छात्रों को गुणवत्तापूर्ण और समकालीन शिक्षा उपलब्ध कराने की दिशा में निर्णायक कदम हैं। उल्लेखनीय है कि इन नए पाठ्यक्रमों के आरंभ होने से पलामू प्रमंडल सहित आसपास के जिलों के छात्रों को अब अपने ही क्षेत्र में उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा प्राप्त करने का अवसर मिलेगा।

पलाश जेएसएलपीएस योजनाओं की समीक्षा बैठक

मेदिनीनगर। उप विकास आयुक्त जावेद हुसैन की अध्यक्षता में शुक्रवार को समाहरणालय सभागार में पलाश जेएसएलपीएस योजनाओं की समीक्षा बैठक हुई। इसमें नए सखी मंडलों के गठन और आजीविका बढ़ाने के लिए स्वयं सहायता समूह की भागीदारी सुनिश्चित करने पर बल दिया गया। बैठक में बताया गया कि वर्तमान वित्तीय वर्ष में बैंक लिंकेज का लक्ष्य 250 है, जबकि अभी तक 88 ही प्राप्त हुए हैं। प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा और जीवन ज्योति योजना को एक माह में पूर्ण कराने का निर्देश दिया गया। फूलों झानो आशीर्वाद योजना के अंतर्गत जुलाई तक 50 लाभुकों को लाभ पहुंचाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। बैठक में सहायक समाहर्ता, जिला कार्यक्रम प्रबंधक अनीता सीकेरकेट्टा, प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक, परियोजना पदाधिकारी और अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

यातायात नियमों का उल्लंघन, 23,600 रुपये का चालान

- छः मुहान चौक पर चलाए गए विशेष चेकिंग अभियान में दर्जनों दोपहिया वाहन जब्त
- ई-रिक्शा चालकों पर भी हुई कार्रवाई

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। जिले में यातायात नियमों के पालन को लेकर प्रशासन अब सख्त हो गया है। इसी क्रम में 20 जून 2025 को मेदिनीनगर शहर के छः मुहान चौक पर परिवहन विभाग और पुलिस द्वारा संयुक्त रूप से विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान सड़क पर दौड़ते दोपहिया और चार पहिया वाहनों की सघन जांच की गई।

जांच अभियान के दौरान यह पाया गया कि कई दोपहिया वाहन चालक बिना हेलमेट, बिना लाइसेंस के गाड़ी चला रहे थे। इतना ही नहीं, कुछ वाहन ट्रिपल लोडेड भी थे, जो कि मोटर वाहन अधिनियम के स्पष्ट उल्लंघन में आता है।

इन उल्लंघनों को देखते हुए 10 दोपहिया वाहनों को जब्त किया गया और उन्हें शहर थाना परिसर में सुरक्षात्मक रूप से रखा गया है। आगे की कार्रवाई के लिए सभी वाहन जिला परिवहन कार्यालय, पलामू को भेजे गए हैं।

जिला परिवहन कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार : 14 दोपहिया वाहनों पर कुल 21,300 का चालान फाइन जारी किया गया है।

इसके अलावा 2 ई-रिक्शा (टेंपो सवारी वाहनों) पर 2,300 का चालान काटा गया है।

इस प्रकार कुल 23,600 की चालान राशि का दस्तावेज जारी हुआ है, जिसे संबंधित वाहन स्वामियों को नियमानुसार जमा करना होगा।

परिवहन विभाग ने यह भी संकेत दिया है कि आने वाले दिनों में ऐसे चेकिंग अभियान लगातार जारी रहेंगे। वाहन चालकों से अपील की गई है कि वे हेलमेट पहनें, वाहन के कागजात पूर्ण रखें और यातायात नियमों का सख्ती से पालन करें, अन्यथा कानूनी कार्रवाई से कोई बच नहीं पाएगा।

जल जीवन मिशन की समीक्षा बैठक संपन्न

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। समाहरणालय सभागार में शुक्रवार को उपायुक्त समीरा एस की अध्यक्षता में जल जीवन मिशन और स्वच्छ भारत मिशन समेत विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की गई। बैठक के दौरान स्वच्छ सर्वेक्षण ग्रामीण 2025 की औपचारिक शुरुआत की गई, जिसमें सभी बीडीओ और स्वच्छता कर्मियों को बेहतर प्रदर्शन के लिए आवश्यक दिशानिर्देश दिए गए।

जलापूर्ति योजनाओं की प्रगति, पेयजल संकट, मरम्मत और जल जीवन मिशन से जुड़े कार्यों पर चर्चा हुई। उपायुक्त ने सभी संबंधित अधिकारियों को घर-घर जल आपूर्ति से जुड़ी जानकारी को जेजेएम के आईएमएस पोर्टल पर अपलोड करने और हर गांव, स्कूल, आंगनबाड़ी में पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

कचरा प्रबंधन पर विशेष निर्देश : उपायुक्त ने ओडीएफ गांवों में ठोस और तरल अपशिष्ट प्रबंधन की स्थिति की समीक्षा की। कार्य में ढिलाई पाए जाने पर छतरपुर, लेस्लीगंज, मेदिनीनगर, नौडीहा बाजार, नवाबाजार, पाटन, रामगढ़, तरहसी और उंटारी रोड के प्रखंड समन्वयकों को कार्य में तेजी लाने का निर्देश दिया गया।

गोवर्धन योजना पर हुई चर्चा : बैठक में शौचालय निर्माण कार्यों को अभियान के रूप में चलाने की बात कही गई। गोवर्धन योजना के अंतर्गत पंचायत और प्रखंड स्तर पर लाभुकों का चयन ग्राम सभा के माध्यम से करने का निर्देश दिया गया। बैठक में पेयजल टंकी, जलस्त्रोतों और पाइपलाइन मरम्मत जैसे विषयों पर भी चर्चा हुई।

बैठक में सहायक समाहर्ता, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के कार्यपालक अभियंता, जनसंपर्क पदाधिकारी, पंचायती राज पदाधिकारी, शिक्षा अधीक्षक समेत विभिन्न विभागों के अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को लेकर जिला स्तर पर तैयारी

मेदिनीनगर। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 21 जून को नीलांबर-पीतांबर विश्वविद्यालय के पीजी ब्लॉक में सुबह 5:30 बजे से योग कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। जिला आयुष समिति के तत्वावधान में प्रशिक्षित योग प्रशिक्षकों के माध्यम से योग और प्राणायाम की विभिन्न क्रियाएं कराई जाएंगी। इस वर्ष योग दिवस की थीम "एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग" रखी गई है। पलामू जिले के लोग इस अभियान में सक्रिय भाग लेंगे।

मादक द्रव्यों के विरुद्ध जागरूकता अभियान जारी

मेदिनीनगर। उपायुक्त समीरा एस ने कहा कि मादक द्रव्यों का सेवन मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य पर गंभीर प्रभाव डालता है, जिससे बचना जरूरी है। पलामू के लोगों से अपील की गई है कि वे नशा छोड़ स्वस्थ जीवन अपनाएं और जागरूक समाज के निर्माण में भागीदार बनें। राज्य सरकार के निर्देशानुसार 10 से 26 जून तक जिले में जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। विद्यालयों में वाद-विवाद प्रतियोगिता, नुक्कड़ नाटक, एलईडी वैन, होर्डिंग और पंपलेट वितरण के माध्यम से लोगों को जागरूक किया जा रहा है। सूचना एवं जनसंपर्क विभाग द्वारा दृश्यों और ऑडियो-विजुअल माध्यमों के ज़रिए भी जन-जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है।

जिले के नए उप विकास आयुक्त ने कार्यभार संभाला

मेदिनीनगर। जिले के 55वें उप विकास आयुक्त के रूप में शुक्रवार को जावेद हुसैन ने कार्यभार ग्रहण किया। निवर्तमान उप विकास आयुक्त शब्बीर अहमद ने उन्हें पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। कार्यभार ग्रहण करने के बाद उन्होंने जिला ग्रामीण विकास अभिकरण और विकास शाखा के सभी कर्मियों से औपचारिक परिचय प्राप्त किया। जावेद हुसैन ने कहा कि पूर्व उप विकास आयुक्त द्वारा प्रारंभ की गई योजनाओं को प्राथमिकता दी जाएगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि अबुआ आवास योजना का लक्ष्य हासिल करना उनकी प्रमुख प्राथमिकता होगी, जिसे डीआरडीए की टीम और सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों के सहयोग से पूरा किया जाएगा।

नाराजगी | छह माह बाद भी निर्माण कार्य शुरू नहीं, मानसून में बढ़ी खेल गतिविधियों की मुश्किलें

इंडोर स्टेडियम निर्माण कार्य को नहीं मिली रफ्तार, खिलाड़ियों में निराशा

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। मेदिनीनगर के खिलाड़ियों और खेल प्रेमियों के लिए बहुप्रतीक्षित इंडोर स्टेडियम सह हेल्थ क्लब का निर्माण कार्य अब तक शुरू नहीं हो सका है। भूमि उपलब्ध कराए जाने के छह महीने बीत जाने के बाद भी काम की रफ्तार शून्य बनी हुई है, जिससे स्थानीय खिलाड़ियों और नागरिकों में गहरी नाराजगी और निराशा देखी जा रही है। वार्ड संख्या 23 के नवाटोली इलाके में प्रस्तावित इस आधुनिक इंडोर स्टेडियम का शिलान्यास और स्वीकृति दिसंबर 2024 में तत्कालीन उपायुक्त शशि रंजन द्वारा दी गई थी। स्टेडियम का निर्माण करीब 4.50 करोड़ रुपये की लागत से होना है। इसके लिए नगर निगम द्वारा डीपीआर तैयार कर टेंडर प्रक्रिया भी पूरी कर ली गई है, फिर भी अब तक निर्माण शुरू नहीं हो पाया है।

खिलाड़ियों को मानसून में हो रही कठिनाई : स्थानीय खिलाड़ियों का कहना है कि अभी तक जिले में कोई समुचित इंडोर सुविधा नहीं है। बरसात के मौसम में खुले खेल मैदानों में पानी भर जाने के कारण अभ्यास बंद हो जाता है, जिससे उनकी तैयारी और प्रदर्शन प्रभावित होता है। ऐसे में इंडोर स्टेडियम की अनुपलब्धता खासकर बैडमिंटन, टेबल टेनिस, योग और चेस जैसे खेलों के खिलाड़ियों के लिए बेहद निराशाजनक है।

इस संबंध में पूछे जाने पर सहायक नगर आयुक्त विश्वजीत महतो ने बताया कि संवेदक द्वारा स्टेडियम निर्माण के लिए लेआउट तैयार कर लिया गया है। अब कार्य जल्द शुरू किया जाएगा। नगर निगम की कोशिश है कि इस बहुउद्देशीय स्टेडियम को जल्द पूरा कर शहरवासियों को एक बड़ी सौगात दी जाए।

जनता की मांग: जल्द शुरू हो निर्माण : स्थानीय लोगों और खिलाड़ियों का कहना है कि खेल को बढ़ावा देने के लिए ऐसे बुनियादी ढांचे की नितांत आवश्यकता है। यदि समय पर निर्माण नहीं हुआ तो इससे न केवल खिलाड़ियों को नुकसान होगा, बल्कि शासन की 'खेलो इंडिया' और 'फिट इंडिया' जैसी योजनाओं की मंशा भी अधूरी रह जाएगी।

स्टेडियम में होंगे ये आधुनिक सुविधाएं

यह स्टेडियम मेदिनीनगर के लिए एक मल्टीपर्पस स्पोर्ट्स और फिटनेस सेंटर के रूप में विकसित किया जाना है। प्रस्ताव के प्रमुख सुविधाएं योग केंद्र,बैडमिंटन कोर्ट, टेबल टेनिस और चेस कोर्ट,मल्टी जिम और हेल्थ क्लब,म्यूजिक सिस्टम युक्त लॉन व स्विमिंग पूल की सुविधा रहेगा। इस परियोजना का उद्देश्य शहर के युवाओं को स्वस्थ जीवनशैली और खेल प्रतिभा के विकास के लिए उपयुक्त मंच उपलब्ध कराना है।

शपथ पत्र

मैं, अरुण प्रसाद पिता स्व. द्वारिका महतो ग्राम-कुकही (भैंसना), पो.-कुकही, थाना-हैदरनगर, पलामू, झारखंड का निवासी हूं। मैं शपथ पूर्वक घोषणा करता हूं कि संदेश कुमार मेरा पुत्र है जिसका जन्म तिथि 28/03/2011 है। वहीं आधार कार्ड संख्या 630139851036 में मेरा पुत्र संदेह कुमार का जन्म तिथि 01/01/2009 अंकित है जो गलत है। मेरा पुत्र संदेश कुमार का सही जन्म तिथि 28/03/2011 है।

शपथ पत्र संख्या :4285 दिनांक : 20/06/2025

ईवीएम वेयरहाउस का निरीक्षण सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा

गढ़वा। पुराने समाहरणालय परिसर स्थित ईवीएम वेयरहाउस का त्रैमासिक निरीक्षण शुक्रवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी एवं उपायुक्त दिनेश कुमार यादव ने किया। इस दौरान राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि भी उपस्थित थे। निरीक्षण में सुरक्षा व्यवस्था, सीसीटीवी, अग्निशमन यंत्र और लॉगबुक की स्थिति का जायजा लिया गया। उपायुक्त ने सभी मानकों के अनुपालन का निर्देश दिया। प्रतिनिधियों ने निरीक्षण प्रक्रिया की पारदर्शिता की सराहना की।

विद्युत करंट की चपेट में आने से महिला की मौत

कांडी। थाना क्षेत्र के चटनियां पंचायत अंतर्गत सुगवा दामर टोला में शुक्रवार सुबह एक महिला की विद्युत करंट की चपेट में आने से मौत हो गई। मृतका की पहचान घुरुल पाल की पत्नी चंपा देवी (उम्र लगभग 50 वर्ष) के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार सुबह 6 बजे चंपा देवी मवेशियों को भूसा देने गई थीं, तभी घर के पास स्थित पोल में एलटी तार गिर गया और वह विद्युत प्रवाहित हो गया। महिला अचानक उसी पोल के समीप पहुंच गई और करंट की चपेट में आ गई, जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई। सूचना मिलते ही कांडी थाना पुलिस दलबल के साथ घटनास्थल पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए गढ़वा भेजा गया।

खरौंधी में सुब्रतो कप फुटबॉल प्रतियोगिता का उद्घाटन, छात्रों ने दिखाया उत्साह

खरौंधी। स्थानीय उच्च विद्यालय के मैदान में शुक्रवार को 64वीं सुब्रतो कप फुटबॉल टूनामेंट के अंतर्गत दो दिवसीय प्रखंड स्तरीय प्रतियोगिता की शुरूआत हुई। उद्घाटन समारोह में प्रखंड विकास पदाधिकारी रविंद्र कुमार, उपप्रमुख देवदत्त प्रसाद आर्य, जनप्रतिनिधि और बीपीएम नवीन प्रकाश ने फीता काटकर प्रतियोगिता की शुरूआत की। प्रतियोगिता में विभिन्न स्कूलों से आए छात्र-छात्राएं अंडर-17 और अंडर-15 बालक वर्ग में भाग ले रहे हैं। उद्घाटन मैच में उच्च विद्यालय तोरेलावा ने अमरोरा को 1-0 से हराया, जबकि अंडर-15 वर्ग में भलुही और खरौंधी के बीच खेले गए मैच में खरौंधी की टीम पेनाल्टी शूटआउट में विजयी रही। कार्यक्रम में स्कूल के प्रधानाध्यापक नंदकिशोर पाठक, शिक्षक और खेल प्रशिक्षक मौजूद रहे। फाइनल मुकाबले शनिवार को खेले जाएंगे।

केतार में सुब्रतो कप फुटबॉल प्रतियोगिता, छाताकुड़ की टीम बनी विजेता

केतार। प्रखंड स्तरीय सुब्रतो कप फुटबॉल प्रतियोगिता शुक्रवार को लोहिया समता उच्च विद्यालय मैदान में शुरू हुई। उद्घाटन प्रमुख चंद्रावती देवी, बीडीओ प्रशांत कुमार और बीपीएम रवि कुमार बैध ने किया। प्रतियोगिता में अंडर-17 बालक और बालिका वर्ग की कई टीमों ने भाग लिया। बालक वर्ग का फाइनल छाताकुड़ और परसोडीह के बीच हुआ, जिसमें छाताकुड़ विजयी रही। बालिका वर्ग में छाताकुड़ ने बालिका आवासीय विद्यालय केतार को 4-2 से हराया। विजेताओं को ट्रॉफी प्रदान की गई। प्रमुख ने कहा कि ऐसी प्रतियोगिताएं ग्रामीण क्षेत्र की प्रतिभा को निखारने का अवसर देती हैं।

सीमावर्ती थाना क्षेत्रों में अवैध गतिविधियों पर रोक लगाने को लेकर बैठक

धुरकी। शुक्रवार को एक बैठक आयोजित की गई, जिसमें छत्तीसगढ़ के सनावल थाना और झारखंड के धुरकी थाना व डिण्डो ओपी के अधिकारियों ने हिस्सा लिया। बैठक में अवैध बालू खनन और गौ तस्करी की रोकथाम को लेकर रणनीति बनाई गई। तय किया गया कि पुलिस सादी वर्दी में गश्ती करेगी और संदिग्ध वाहनों पर निगरानी रखेगी। थाना प्रभारी उपेंद्र कुमार ने बताया कि माफियाओं पर कार्रवाई को लेकर योजना तैयार कर ली गई है। विभागीय समन्वय से अवैध गतिविधियों पर सख्ती से रोक लगेगी।

राजकीयकृत प्लस टू विद्यालय भवनाथपुर में प्रवेश परीक्षा का परिणाम घोषित

भवनाथपुर। राजकीयकृत प्लस टू उच्च विद्यालय भवनाथपुर में शुक्रवार को कक्षा नौवीं एवं ग्यारहवीं की प्रवेश परीक्षा का परिणाम घोषित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी, प्राचार्य व अन्य सदस्य उपस्थित रहे। परीक्षा परिणाम घोषित करते समय विद्यालय परिसर में उत्सव जैसा माहौल था। अभिभावक और परीक्षार्थियों ने इस क्षण को गर्व का पल बताया। विद्यालय प्राचार्य ने बताया कि इस बार पहली बार नामांकन से पूर्व प्रवेश परीक्षा आयोजित की गई, जिससे योग्य छात्रों का चयन किया गया है। उन्होंने बताया कि इस प्रकार की प्रक्रिया से शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार संभव है। कार्यक्रम में सभी शिक्षकों और कर्मचारियों ने आयोजन को सफल बनाने में सहयोग दिया।

जमीरा पंचायत में धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत शिविर आयोजित

चंदवा (लातेहार)। धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत शुक्रवार को जमीरा पंचायत सचिवालय में शिविर का आयोजन किया गया। बीडीओ चंदन प्रसाद, मुखिया दुर्गावती देवी और झामुमो नेता शीतमोहन मुंडा ने दीप प्रज्वलित कर शिविर का उद्घाटन किया। शिविर में आधार, आयुष्मान कार्ड, जाति प्रमाण पत्र, स्थानीय प्रमाण पत्र, केसीसी लोन, मातृत्व वंदना योजना, पेंशन, मनरेगा, जनधन आदि योजनाओं से संबंधित 80 से अधिक आवेदनों का ऑन द स्पॉट निष्पादन किया गया। 13 एक्टिव टीबी केस मिले और मरीजों के बीच दवाएं वितरित की गईं। बीडीओ ने लाभुकों के बीच परिसंपत्तियों का वितरण किया। मौके पर बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

स्वच्छ भारत मिशन एवं जल जीवन मिशन की समीक्षा, जिलास्तर पर निर्देश जारी

नवीन मेल संवाददाता

गढ़वा। समाहरणालय सभागार में शुक्रवार को उपायुक्त की अध्यक्षता में स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) और जल जीवन मिशन की प्रगति की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में कार्यपालक अभियंता ने अब तक की उपलब्धियों की जानकारी दी। स्वच्छ सर्वेक्षण ग्रामीण-2025 की तैयारी को लेकर जन-जागरूकता, विभागीय समन्वय और समयबद्ध कार्य को लेकर

रणनीति तय की गई। उपायुक्त ने निर्देश दिया कि जलापूर्ति योजनाओं के तहत सभी लंबित कार्यों को शीघ्र पूरा किया जाए। कार्य में लापरवाही पर कार्यपालक अभियंता और कनीय अभियंताओं को फटकार भी लगाई गई। ग्राम स्तर पर 15वें वित्त और मनरेगा के तहत ढांचागत निर्माण पर भी चर्चा की गई। बैठक में विभिन्न विभागों के पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधिकारी, जनसंपर्क पदाधिकारी, पंचायत प्रतिनिधि आदि उपस्थित रहे।

मध्य विद्यालय अमरोरा में स्वास्थ्य शिविर, बच्चों की जांच की गई

नवीन मेल संवाददाता

खरौंधी। मध्य विद्यालय अमरोरा में शुक्रवार को स्वास्थ्य जागरूकता को लेकर एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। डॉ. सोहित कुमार की देखरेख में कुल 30 बच्चों की जांच की गई। शिविर में बच्चों के आंख, दांत, त्वचा, पोषण स्तर, वजन और रक्तचाप की जांच की गई। डॉक्टर ने छात्रों को साफ-सफाई, संतुलित आहार और नियमित व्यायाम की सलाह दी। प्रधानाध्यापक राजीव रंजन द्विवेदी ने शिविर को उपयोगी बताते हुए टीम के प्रति आभार व्यक्त किया। मौके पर शिक्षक व ग्रामीण भी उपस्थित थे।

डायन बिसाही को लेकर विवाद, तीन घायल

भवनाथपुर। केतार थाना क्षेत्र के पाचाडुमर गांव में डायन बिसाही के आरोप को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया, जिसमें तीन लोग घायल हो गए। इनमें अजय बैठा, फूलकुमारी देवी और मंजू देवी शामिल हैं। बताया गया कि एक पक्ष द्वारा दूसरे पक्ष पर डायन होने का आरोप लगाकर गाली-गलौज की गई और लाठी-डंडों से हमला किया गया। झगड़े में पुरुष और महिलाओं को गंभीर चोटें आईं, जिन्हें भवनाथपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है। घटना के बाद दोनों पक्षों में तनाव बना हुआ है।

जहरीले जीवों के काटने से दो महिलाएं घायल

नवीन मेल संवाददाता

भवनाथपुर। थाना क्षेत्र में शुक्रवार को दो अलग-अलग घटनाओं में दो महिलाएं विषैले जीवों के काटने से घायल हो गईं। पहली घटना में रेलवे साइडिंग में करैत सांप ने विजेता देवी को काट लिया। परिजन उन्हें भवनाथपुर सीएचसी लाए, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें गढ़वा रेफर किया गया। दूसरी घटना केतार प्रखंड के कोश डिहरा गांव में हुई, जहां बारिश के दौरान आंगन में खड़ी ऊषा देवी को बिच्छू ने डंक मार दिया। उन्हें भी भवनाथपुर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। दोनों महिलाओं की हालत स्थिर बताई जा रही है।

11वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस आज

बिरसा मुंडा हेलीपैड पार्क में होगा योग अभ्यास, आमजन आमंत्रित

नवीन मेल संवाददाता

गढ़वा। निदेशक, आयुष तथा स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग, झारखंड के मार्गदर्शन में 21 जून 2025 को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम प्रातः 5:30 बजे से बिरसा मुंडा हेलीपैड पार्क, गढ़वा में आयोजित होगा। इस अवसर पर प्रशिक्षित योग प्रशिक्षकों द्वारा योग एवं प्राणायाम की विभिन्न क्रियाओं का अभ्यास कराया जाएगा। कार्यक्रम का उद्देश्य जनसामान्य

को योग के माध्यम से स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना है। गढ़वा उपायुक्त दिनेश कुमार यादव ने जिलेवासियों से अपील की है कि अधिक से अधिक संख्या में भाग लें और योग को अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बनाएं। उन्होंने कहा कि योग शारीरिक और मानसिक संतुलन के लिए अत्यंत उपयोगी है, और इस कार्यक्रम में जनभागीदारी से समाज में स्वास्थ्य के प्रति सकारात्मक संदेश जाएगा। आयोजन में सरकारी अधिकारी, शिक्षक, विद्यार्थी, समाजसेवी संगठनों सहित सभी नागरिकों की भागीदारी अपेक्षित है। आयोजकों ने सभी जिलेवासियों को कार्यक्रम में सम्मिलित होने के लिए आमंत्रित किया है।

कांडी बाजार की सड़कें बनीं जलजमाव की मिसाल, वर्षा में यातायात बाधित

नवीन मेल संवाददाता

कांडी। प्रखंड मुख्यालय स्थित कांडी बाजार की सड़कें वर्षा शुरू होते ही जलजमाव से भर गई हैं, जिससे आम लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। यह बाजार आसपास के लगभग 20 गांवों के लिए व्यापारिक केंद्र है, जहां हजारों की संख्या में लोग खरीदारी और आवागमन के लिए पहुंचते हैं। हल्की बारिश में भी मुख्य सड़कें नालियों का रूप ले लेती हैं, जिससे पैदल चलना भी मुश्किल हो जाता है। बस और टेंपो के माध्यम से गढ़वा, डालटनगंज, रांची जैसे स्थानों के लिए यात्रा करने वालों को भी भारी असुविधा होती है। स्थानीय जनप्रतिनिधि द्वारा कुछ हिस्सों में नाली निर्माण कार्य कराया गया है, परंतु यह प्रयास वर्तमान हालात को सुधारने के लिए पर्याप्त

नहीं है। मुखिया स्तर पर सीमित संसाधनों के कारण पूरे बाजार क्षेत्र की मरम्मत संभव नहीं हो पा रही है। क्षेत्र के लोगों का कहना है कि यदि इस समस्या पर जनप्रतिनिधियों, विधायकों या अधिकारियों ने गंभीरता दिखाई होती, तो यह स्थिति उत्पन्न नहीं होती। बाजार की दुर्दशा पर अब ठोस पहल की आवश्यकता है।

हाथी के हमले में घर क्षतिग्रस्त मवेशियों की मौत, ग्रामीण दहशत में

नवीन मेल संवाददाता

चिनियां। बिलैती खैर पंचायत के चरखपथली टोला में बीती रात एक जंगली हाथी ने जमकर उत्पात मचाया। हाथी ने उमेश चौधरी के घर को पूरी तरह क्षतिग्रस्त कर दिया और दो बकरियों को कुचल डाला। घटना के वक्त घरवाले अंदर थे लेकिन समय रहते बाहर निकलकर जान बचाई। हाथी घर में रखा सारा अनाज भी खा गया। वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। प्रभारी वनपाल अनिमेष कुमार ने घटना की पुष्टि करते

हुए कहा कि पीड़ित को मुआवजा दिया जाएगा। ग्रामीणों ने हाथी को क्षेत्र से हटाने की मांग की है।

बांकी सिंचाई परियोजना की नहर पहली बारिश में ध्वस्त, किसानों की चिंता बढ़ी

नवीन मेल संवाददाता

कांडी। केंद्र सरकार की बहुप्रतीक्षित बाई-बाकी सिंचाई परियोजना की निमार्णाधीन नहर पहली ही बारिश में ढह गई। करीब 165 करोड़ रुपये की लागत से हरदेव कंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड द्वारा बनाई जा रही यह नहर घटिया निर्माण की भेंट चढ़ गई। जमुदहा नाला के पास बाएं तरफ निर्मित यह नहर हल्की बारिश भी नहीं झेल सकी और बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। ग्रामीणों का कहना है कि यह परियोजना कागजों पर फाइनल हो चुकी है, लेकिन जमीन पर अभी भी अधूरी पड़ी है। नहर के टूटने से कुशहा, सन्नी, रक्सही और भरत पहाड़ी गांवों के खेतों में मलवा भर गया है,

165 करोड़ की लागत से बन रही परियोजना की गुणवत्ता पर उठे सवाल

जिससे सिंचाई की संभावनाएं पूरी तरह खत्म हो गई हैं। अब किसान सिंचाई से तो वंचित होंगे ही, साथ ही खेतों में मिट्टी और पत्थर जमा होने से खेती करना भी मुश्किल हो गया है। इस गंभीर स्थिति की जानकारी जल पथ प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता एवं सहायक अभियंता को व्हाट्सएप के माध्यम से दी गई है, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई या स्थल निरीक्षण नहीं किया गया है। किसानों ने मांग की है कि दोषी एजेंसी के खिलाफ तत्काल जांच हो और प्रभावित किसानों को मुआवजा दिया जाए। स्थानीय लोगों का कहना है कि अगर अब भी समय रहते सुधारात्मक कदम नहीं उठाए गए, तो आनेवाले दिनों में यह परियोजना पूरी तरह विफल हो सकती है।

e-Procurement Cell

Office of the Executive Engineer,

Building Construction Department, Building Division, Daltonganj,

Very Short Term E-Quotation Invitation Notice

RATE PURPOSE ONLY

Quotation Reference No -11/E.E.,BCD/Building Div. Daltonganj/2025-26

Sealed Quotations are invited for the work given below :-

Sl No.	Name of Work
01	Construction of Modular OT One (01) at Medinirai Medical College & Hospital (Sadar), Palamu for the year 2024-25.
02	Construction of Modular OT Two (02) at Medinirai Medical College & Hospital (Sadar), Palamu for the year 2024-25.
03	Construction of Modular OT Three (03) at Medinirai Medical College & Hospital (Sadar), Palamu for the year 2024-25.

For all Materials from Reputed Shop Keepers/ Manufacturers/Suppliers/Retailers/Distributors and Registered B.C.D. Contractors for following items. They should quote their rates for unit mentioned in the table. If they do not deals all of the below mentioned items then they are allowed to quote their rate for part of the items which ever they deals. The rates should be exclusive of all types of Taxes, GST, Contractor's Profit and overhead charges etc. but inclusive of Royalty. All Rates should be exclusive of Labour Cess.

Terms and Condition

1. The quotationer shall furnish Pan,GST registration no.
2. The rate quoted by quotationer shall be firm and final.
3. The undersigned reserves the right to accept or reject/cancel any or all quotations without assigning any reason there of.

नोट :– (1)वेबसाईट में ई–कोटेशन प्रकाशन की तिथि : 25.06.2025 के अपराह्न 3:00 बजे।

(2) वेबसाईट में ई–कोटेशन अपलोड की अंतिम तिथि : 03.07.2025 के अपराह्न 3:00 बजे तक।

(3) ई–कोटेशन खोलने की तिथि एवं समय 05.07.2025 अपराह्न 3:30 बजे।

(4) ई–कोटेशन आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता : कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल डालटनगंज, पलामू।

(5) ई–कोटेशन प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0 : 9430783582

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

Nodal Officer,
e-Procurement Cell,
Office of the Executive Engineer
Building Construction Department,
Building Division, Daltonganj

PR 355635 Building (25-26)_D

कार्यालय, नगर पंचायत, लातेहार।

अधिसूचना

नगरीय प्रशासन निदेशालय नगर विकास एवं आवास विभाग के पत्रांक 01/न०प्र०नि०/NULM/SUSV&चुनाव/82/2017 - 179 दिनांक 05/02/2024 एवं 988 दिनांक 09/07/2024 के अलोक में झारखण्ड पथ विक्रेता (आजीविका संरक्षण एवं विनियमन) नियमावली 2015 के तहत् नगर विक्रय समिति (टाउन वेंडिंग कमिटि) के गठन हेतु कार्यालय नगर पंचयत लातेहार के ज्ञापांक 905 दिनांक14/05/2024 द्वारा प्रकाशित आम सुचना के अलोक में झारखण्ड पथ विक्रेता (आजीविका संरक्षण एवं विनियम) नियमावली 2015 के तहत नगर विक्रय समिति के गठन हेतु प्राप्त आवेदन के उपरान्त निर्विरोध निर्वाचित किये गये सदस्य निम्नवत है।

sl	Name of the Applicant	Father/Husband Name	Vandor ID	CATEGORY आरक्षित कोटि	Gender
1	ASHA DEVI	NARESH RAM	JH/SV/LTH/3/0113	अनारक्षित (GEN)	Female
2	GITA DEVI	MAHENDRA PRASAD	JH/SV/LTH/08/0314	अनारक्षित (GEN)	Female
3	Jawahar Oraon	Phuldeo Oraon	JH/SV/LTH/11/0134	अनुसूचित जनजाति (ST)	Male
4	KIRAN KUMAR CHANDRVASHI	LALU RAM	JH/SV/LTH/12/0020	अनारक्षित (GEN)	Male
5	Lila Devi	Bijendra Oraon	JH/SV/LTH/15/0127	अनुसूचित जनजाति (ST)	Female
6	MACHCHHINDAR URAON	RAJ MOHAN URAON	JH/SV/LTH/13/0434	अनुसूचित जनजाति (ST)	Male
7	Nitesh kumar sinha	Rajesh prasad sinha	JH/SV/LTH/07/0484	आर्थिक रूप से कमजोर नागरिकों का वग (EWS)	Male
8	PINTU RAM	KAILASH RAM	JH/SV/LTH/12/0086	अनुसूचित जाति (SC)	Male
9	RABINDRA ORAON	GANAURI ORAON	JH/SV/LTH/15/0292	अनुसूचित जनजाति (ST)	Male
10	RAVINDRA PRASAD	MAHENDRA SAV	JH/SV/LTH/7/0019	अनारक्षित (GEN)	Male
11	SATENDRA KUMAR	GOKHUL RAM	JH/SV/LTH/14/0094	अनारक्षित (GEN)	Male
12	SUNITA DEVI	SANJAY ORAON	JH/SV/LTH/14/0194	अनुसूचित जनजाति (ST)	Female

उक्त निर्विरोध निर्वाचित किये गये सदस्यों की सूची का प्रकाशन नगर पंचायत लातेहार के सूचना पटट् पर प्रर्दशीत किया गया हे।

PR 355550 Urban Development(25-26)D

प्रशासक नगर पंचायत, लातेहार।

कार्यालयः–जिला कृषि पदाधिकारी, लातेहार

संयुक्त जिला कृषि भवन, प्रथम तल, कीनामाड़, लातेहार–829206

Email :- latehardao@rediffmail.com

प्रेस विज्ञप्ति

झारखण्ड में मानसून की शुरूवात हो चूकी है एवं जिले में भारी वर्षा हो रही है। अतः जिले के सभी किसान भाईयों से अनुरोध है कि अत्याधिक वर्षा होने की स्थिति में निम्नांकित बातों का ध्यान रखेगें। जिससे की आपकें फसलों एवं मवेशिओं आदि का नुकसान न होः–

फसल	असर	बचाव
फल एवं सब्जियों	अभी अभी बोइ गइ फसलों में जल जमाव के कारण अंकुरण ना होना। लत्तर वाली सब्जियों को सहारा दें। सब्जियों के नर्सरी में जल जमाव के कारण सब्जियों का सडन फलों का झडना ,फलों पर दाग लगना	जल निकासी की उचित व्यवस्था करें। परिपक्क फल एवं सब्जियों कि तुडाइ कर लें एवं इन्हें सुरक्षित स्थानों पर रखें। खडी फसल में रोग के प्रसार को कम करने के लिए गिरे हुए फलों को हटा दें। किसी भी तरह के छिडकाव के लिए साफ मौसम के लिए रुकें।
धान, मक्का, मूंग अन्य खरीफ फसलें	अभी अभी बोइ गइ फसलों में जल जमाव के कारण अंकुरण ना होना	खेत में जल निकासी की उचित सुविधा बनाए रखें। किसी भी तरह के छिडकाव के लिए साफ मौसम के लिए रुकें।
गरमा मक्का	परिपक्क मक्का की कटाई कर उन्हें सुरक्षित स्थान पर रखें। जल निकासी की उचित सुविधा रखें।	
पशुपालन	मवेशियों को खुले में ना छोडें। मौसम की स्थिति देख की ही उन्हें बाहर ले लाए। मवेशियों के घर को अच्छी तरह ढ़क दें।	
वर्षा जल संचयन	खेत में डोभा के निर्माण के माध्यम से यथास्थान संरक्षण और जल संचयन के माध्यम से वर्षा जल का प्रबंधन (निचले सिरे पर भूमि क्षेत्र के 1/10वें भाग पर)करें। ढलान के निचले हिस्से पर 10'X10'X10' का गड्ढा बना लें। जो सूखे दिनों मे फसलों की जल अपूर्ति को पूरा करने मे मदद कर सकते हैं ।	
अत्यधिक वर्षा एवं बिजली कड़कने के समय	अत्यधिक वर्षा एवं बिजली कड़कने के समय किसान भाई वर्षा से बचने के लिए पेड़, पौधे के सहारा न ले, अथवा पेड के निचे खड़े न रहें।	

जिला कृषि पदाधिकारी,
लातेहार

PR 355599 Agriculture(25-26)#D

कुंदा में सर्पदंश से एक व्यक्ति की मौत

कुंदा (चतरा)। थाना क्षेत्र के टिकुलिया गांव निवासी महेश भुइंया की सर्पदंश से मौत हो गई। बुधवार रात खाना खाने के बाद वे जमीन पर सो रहे थे, तभी जहरीले सांप ने काट लिया। परिजन तत्काल उन्हें प्रतापपुर पीएचसी ले गए, लेकिन इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। थाना प्रभारी प्रिंस कुमार सिंह ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर बाद में परिजनों को सौंप दिया।

टंडवा में मिट्टी का घर गिरने से दुधमुंहे बच्चे की मौत

टंडवा (चतरा)। चतरा जिले के टंडवा प्रखंड अंतर्गत लेंबुआ गांव में बारिश के कारण एक दर्दनाक हादसा सामने आया है। गांव निवासी राहुल भुइयां उर्फ कैला भुइयां का मिट्टी-खपरैल का घर शुक्रवार को बारिश के कारण गिर गया। मलबे में दबने से उनके दो वर्षीय पुत्र की मौत हो गई। घटना के बाद गांव में मातम पसरा हुआ है। मृतक के घर पंचायत समिति सदस्य सुमन कुमार पहुंचे और परिजनों को ढाढ़स बंधाया। उन्होंने पीड़ित परिवार को हर संभव सहायता का आश्वासन भी दिया।

बीमार बेटी के इलाज के लिए पैसे नहीं, मदद की लगाई गुहार

बेतला। बरवाडीह प्रखंड के सरईडीह निवासी अखबार विक्रेता विक्रम कुमार की पुत्री मानसी कुमारी गंभीर दिमागी बीमारी से पीड़ित है। विक्रम कुमार ने बताया कि आर्थिक तंगी के कारण वह अपनी बेटी का समुचित इलाज नहीं करा पा रहे हैं। रांची सहित अन्य शहरों में इलाज कराने के बाद डॉक्टरों ने बताया कि मानसी के मस्तिष्क में गहरा जख्म है, जिसका इलाज खर्चीला है। विक्रम ने बताया कि अपनी क्षमता के अनुसार जितना पैसा था, वह इलाज में खर्च हो गया। कुछ कर्ज लेकर इलाज जारी रखने की कोशिश की गई, पर अब और संभव नहीं है। उन्होंने विधायक और उपायुक्त से मदद की अपील की है। मानसी की बिगड़ती हालत ने उसके माता-पिता को मानसिक रूप से तोड़ दिया है।

33 हजार वोल्ट के तार पर गिरा पेड़, बाल-बाल बचे राहगीर

बेताल (लातेहार)। बरवाडीह प्रखंड अंतर्गत कुटमू चौक के पास स्थित सरकारी शराब दुकान के समीप शुक्रवार को एक विशाल महुआ का पेड़ अचानक 33 हजार वोल्ट की विद्युत तार पर गिर पड़ा। इस घटना में तार क्षतिग्रस्त हो गया और क्षेत्र की बिजली आपूर्ति बाधित हो गई। घटना के समय सड़क से गुजर रहे राहगीर बाल-बाल बच गए। घटना के बाद मौके पर लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। विद्युत विभाग के कर्मचारी तार को ठीक करने में जुटे हैं, लेकिन लगातार हो रही बारिश के कारण मरम्मत कार्य में दिक्कत आ रही है। पेड़ गिरने से सड़क मार्ग पर भी यातायात प्रभावित हुआ है।

होटल वन विहार के नए प्रबंधक बने रंजीत सिन्हा, बेहतर सेवा देने का वादा

बेतला। बेतला नेशनल पार्क स्थित पर्यटन विभाग के होटल वन विहार के नए प्रबंधक रंजीत सिन्हा ने पदभार ग्रहण किया है। उन्होंने कहा कि देश-विदेश से आने वाले पर्यटकों को बेहतर सेवा उपलब्ध कराना उनकी प्राथमिकता होगी। होटल में बांस से बने ट्री हाउस, कैंटीन और पार्किंग की आधुनिक सुविधा उपलब्ध कराई गई है। लगातार एक साल से सौंदर्यीकरण का कार्य चल रहा है। होटल स्टाफ ने गुलदस्ता भेंट कर रंजीत सिन्हा का स्वागत किया।

गोवा बैडमिंटन टूर्नामेंट में लातेहार के खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन

लातेहार। गोवा में आयोजित ऑल इंडिया सब-जूनियर बैडमिंटन रैंकिंग टूर्नामेंट में लातेहार जिले के दो खिलाड़ियों राम रतन और मोहम्मद मुजाहिद राजा ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर जिले का नाम रोशन किया। राम रतन ने अंडर-17 सिंगल्स में छत्तीसगढ़, पंजाब और तमिलनाडु के खिलाफ जीत दर्ज की, जबकि चौथे राउंड में मणिपुर से हार गए। वहीं मुजाहिद राजा ने अंडर-15 सिंगल्स में पहले राउंड में तेलंगाना को हराया, लेकिन उत्तराखंड से हार गए। डबल्स में दोनों ने मिलकर गोवा और पुडुचेरी को हराया, लेकिन तमिलनाडु से हार गए। दोनों खिलाड़ियों को डीवीसी तुबैद कोल माइंस द्वारा प्रायोजित किया गया था।

नक्सल प्रभावित पोस्ट-पिकेटों के लिए दुरूह भत्ते की मांग तेज, एसोसिएशन ने भेजा अभ्यावेदन

लातेहार। जिले के नक्सल प्रभावित थानों के अधीन आने वाले पोस्ट और पिकेटों में तैनात पुलिसकर्मियों को दुरूह भत्ता न मिलने पर नाराजगी बढ़ रही है। इस संबंध में पुलिस एसोसिएशन लातेहार शाखा के स०अ०नि० जगत प्रकाश ने प्रांतीय सचिव संजीव कुमार को अभ्यावेदन भेजते हुए समान क्षेत्र-समान कार्य के सिद्धांत पर दुरूह भत्ता देने की मांग की है। उन्होंने कहा कि इन पोस्ट और पिकेटों में तैनात पुलिसकर्मी भी मुठभेड़, गिरफ्तारी एवं नक्सली गतिविधियों में बराबर भागीदारी करते हैं, लेकिन अभी तक उन्हें इसका लाभ नहीं मिल रहा है। उन्होंने सरकार से सभी प्रभावित क्षेत्रों को इस भत्ते की श्रेणी में लाने की मांग की है।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में रक्तदान शिविर डॉ. विवेक विद्यार्थी ने किया 63वां रक्तदान

लातेहार। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में शुक्रवार को आयोजित रक्तदान शिविर का शुभारंभ प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. विवेक विद्यार्थी ने स्वयं रक्तदान कर किया। यह उनका 63वां रक्तदान था। उन्होंने कहा कि रक्तदान एक महान सेवा है, जिससे जीवन बचाया जा सकता है। रक्तदान से शरीर पर कोई दुष्प्रभाव नहीं होता, बल्कि यह स्वास्थ्य के लिए लाभकारी होता है। शिविर में चिकित्सा पदाधिकारी श्रवण कुमार महतो, सीएचओ रोशन कुमार उरांव, एएनएम संयुक्ता कुमारी सहित सात लोगों ने रक्तदान किया। ब्लड बैंक लातेहार के लैब तकनीशियन विनय कुमार सिंह द्वारा रक्त संग्रह किया गया। काउंसलिंग का दायित्व प्रमिला कुमारी और डेटा एंट्री का कार्य जुनैद अली ने किया।

ट्रैक्टर दिलाने के नाम पर महिला से ठगी

लातेहार। जिले की महिला से ट्रैक्टर दिलाने के नाम पर ठगी करने वाले दो साइबर अपराधियों को पुलिस ने देवघर के मोहनपुर थाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया है। साइबर थाना प्रभारी संजीव मिश्रा ने बताया कि खरचा, रिचुघुटा निवासी इंद्रमुनी उरांव से सुखाड़ राहत योजना के नाम पर दो लाख 37 हजार 600 रुपये की ठगी की गई थी। पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव के निर्देश पर गठित टीम ने तकनीकी विश्लेषण के आधार पर छापामारी कर कांग्रेस कुमार (24) और साउल अंसारी (26) को गिरफ्तार किया। उनके पास से मोबाइल, पासबुक, एटीएम और सिम कार्ड बरामद किए गए हैं। छापेमारी में पुअनि पिंटू कुमार, आरक्षी सुरेश कुमार सिंह और विरेंद्र पासवान शामिल थे।

बालूमाथ में नशे का फैलता जाल, बर्बाद हो रही युवा पीढ़ी

- खुलेआम बिक रहे नशीले पदार्थ, प्रशासनिक उदासीनता पर उठे सवाल

नवीन मेल संवाददाता

बालूमाथ (लातेहार)। एक ओर केंद्र और राज्य सरकारें 'नशा मुक्त भारत' का अभियान चला रही हैं, वहीं बालूमाथ प्रखंड नशे की चपेट में आता जा रहा है। गांवों और बाजारों में खुलेआम नशीली दवाएं, गांजा, और प्रतिबंधित सिरप बिक रहे हैं। किशोर, छात्र और बेरोजगार युवा इन जानलेवा आदतों के शिकार हो रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि बाजारों में कुछ लोग चोरी-छिपे नशे का सामान बेचते हैं, लेकिन कोई रोकने वाला नहीं है।

प्रशासन की निष्क्रियता पर उठ रहे सवाल : नशा माफिया टाउन इलाके में सक्रिय हैं, जो रात के अंधेरे में डिलीवरी करते हैं। कई छात्र स्वयं नशा वितरक बन गए हैं। इस कारण कई परिवार बर्बादी की कगार पर पहुंच गए हैं। युवाओं की मानसिक स्थिति बिगड़ रही है, घरों में झगड़े, चोरी और सामाजिक तिरस्कार जैसी घटनाएं बढ़ी हैं।

जरूरत है कड़ी कार्रवाई की : स्थानीय लोग प्रशासन से सख्त कार्रवाई, जागरूकता अभियान और नशामुक्ति केंद्र स्थापित करने की मांग कर रहे हैं। यह एक सामाजिक और नैतिक जिम्मेदारी बन गई है कि युवा पीढ़ी को इस दलदल से बचाया जाए।

गुजरात में छत से गिरकर युवक की मौत, शव चार दिन बाद गांव पहुंचा

नवीन मेल संवाददाता

गिद्धौर (चतरा)। गिद्धौर थाना क्षेत्र के बरटा-पांडेटांड़ गांव के 18 वर्षीय अरविंद कुमार भुइयां, पिता बिशुनधारी भुइयां की गुजरात के अहमदाबाद में काम के दौरान मौत हो गई।

परिजनों के अनुसार, युवक 14 जून को बिल्डिंग की छत से गिरकर घायल हो गया था और इलाज के दौरान उसकी मृत्यु हो गई। चार दिन बाद शव गांव लाया गया, जहां शव आया लेकिन पिता नहीं लौट सके, क्योंकि वे गुजरात में ही शव लाने गए थे।

इस घटना ने पलायन और बाल श्रम पर प्रशासन की नीतियों को कठघरे में खड़ा कर दिया है। मृतक की उम्र महज 18 वर्ष थी, और इतने कम उम्र में परदेश जाकर मजदूरी करना बताता है कि सरकारी योजनाओं का लाभ जरूरतमंदों तक नहीं पहुंच रहा है।

बाल संरक्षण, श्रम विभाग और ग्रामीण विकास योजनाओं की मौजूदा स्थिति की समीक्षा और सुधार की सख्त जरूरत है।

बारिश से गिरा मिट्टी-खपरैल घर, दो परिवारों की टूटी छत

बारियातू। प्रखंड के फूलसु पंचायत अंतर्गत हिसरी ग्राम की निवासी सहबीना मसोमात, पति स्व. गणेश राम का घर लगातार हो रही मूसलाधार बारिश के कारण गिर गया है। मिट्टी-खपरैल से बना यह कच्चा मकान उनका एकमात्र आश्रय था। अब वह पूरी तरह बेघर हो गई हैं।

सहबीना मसोमात ने बताया कि वह विधवा और अत्यंत गरीब हैं, ऐसे में अपने दम पर फिर से घर बनाना असंभव है। उन्होंने अवास योजना के तहत तत्काल सहायता की मांग की है और कहा कि यदि बारिश के बीच कोई मदद नहीं मिली तो परिवार को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ेगा।

इसी प्रकार बारिखाप ग्राम की जीबला देवी, पति दिगंबर टाना भगत का घर भी तेज बारिश से गिर गया। जीबला देवी ने बताया कि समय रहते वे और उनके परिजन बाहर निकल गए, जिससे बड़ी दुर्घटना टल गई। उन्होंने भी संबंधित विभाग से सहायता की गुहार लगाई है।

कुंदा में बारिश का कहर, दूसरे दिन भी कच्चे मकान धराशायी

कुंदा (चतरा)। प्रखंड क्षेत्र में मूसलधार बारिश से दूसरे दिन भी गरीबों के आशियाने धराशायी हो गए। लेवाड़ गांव के अकल गंझु, करीलगढ़वा टोला के विनोद गंझु, चाया गांव के बैजनाथ यादव, मेदवाडीह के बिकु गुप्ता समेत कई ग्रामीणों के कच्चे मकान गिर गए। भुक्तभोगियों ने बताया कि उनकी आर्थिक स्थिति बेहद कमजोर है और वे मकान की मरम्मत करने में असमर्थ हैं। उन्होंने प्रशासन से शीघ्र मुआवजा देने की मांग की है।

बारिश के बाद टापू बने कई गांव, जान जोखिम में डालकर नदी पार कर रहे ग्रामीण

कुंदा (चतरा)। भारी बारिश के कारण नवादा पंचायत के उलवार, रगनियांतरी, टटेज, इचाक, पचम्बा, नावाडीह समेत कई गांव टापू में तब्दील हो गए हैं। ग्रामीण जान जोखिम में डालकर तेज धार वाली नदी पार कर रहे हैं। मुखिया भरत यादव ने बताया कि वर्षों से पुल की मांग की जा रही है, लेकिन अब तक कोई कार्यवाही नहीं हुई है। स्कूली बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है और ग्रामीण अपनी जरूरतों के लिए जोखिम उठा रहे हैं।

बुकरू–रहिया–टंडवा मार्ग बरसात में और जर्जर

बालूमाथ (लातेहार)। प्रखंड अंतर्गत शेरेगड़ा पंचायत स्थित बुकरु रेलवे कोल साइडिंग के समीप से रहिया, टंडवा, बारियातू की ओर जाने वाला कच्चा मार्ग बरसात के कारण अत्यंत जर्जर हो चुका है। यह मार्ग भलुवाही, पत्रा टोली, जमुंडी, कुसुमटोला, रेंची, हेसला, साल्वे, अलगडीहा समेत दर्जन भर गांवों को जोड़ता है, जिनमें लगभग दस हजार से अधिक की आबादी निवास करती है। ग्रामीणों ने बताया कि यह मार्ग वर्षों से कच्चा है और हल्की वर्षा में भी कीचड़ व गड्ढों से भर जाता है।

हंटरगंज में ज्वेलरी शॉप में सेंधमारी, लाखों की चोरी

हंटरगंज (चतरा)। हंटरगंज प्रखंड के गोसाईडीह मेन रोड पर स्थित स्नेहा एंड विकास ज्वेलर्स में बीती रात अज्ञात चोरों ने सेंधमारी कर लगभग 3.6 लाख रुपये मूल्य की ज्वेलरी और नकदी की चोरी कर ली। चोरों ने दुकान की पिछली दीवार में सेंध काटकर तिजोरी और शोकेस में रखे कीमती चांदी के सामान पर हाथ साफ कर दिया। दुकानदार सेवाईचक (गया) निवासी संचालक ने बताया कि पहले भी वर्ष 2022 में 5 लाख की चोरी इसी दुकान से हो चुकी है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर सीसीटीवी फुटेज की जांच शुरू कर दी है। स्थानीय लोगों ने बढ़ती चोरी की घटनाओं पर नाराजगी जताई और गश्ती बढ़ाने की मांग की है।

कृषक मित्रों का प्रदर्शन जारी, सम्मानजनक मानदेय की मांग दोहराई

लातेहार। जिले के कृषक मित्रों ने शुक्रवार को जिला कृषि कार्यालय परिसर में प्रदर्शन कर सम्मानजनक मानदेय की मांग की। जिला कृषक मित्र महासंघ के नेतृत्व में आयोजित प्रदर्शन के दौरान एक ज्ञापन जिला कृषि पदाधिकारी सह आत्मा परियोजना निदेशक को सौंपा गया। महासंघ के जिला अध्यक्ष जगदीश राम ने बताया कि कृषक मित्र 27 मई से हड़ताल पर हैं, लेकिन सरकार की ओर से कोई ठोस पहल नहीं हुई है। उन्होंने कहा कि पिछले 15 वर्षों से कृषक मित्र आत्मा परियोजना के तहत विभिन्न विभागों की योजनाओं के प्रचार-प्रसार, बीएलओ जैसे कार्यों में योगदान दे रहे हैं, लेकिन उन्हें अत्यंत अल्प मानदेय मिलता है। प्रदर्शन में बालदेव उरांव, शंकर साव, सुनीता देवी, रवि रौशन, राजेश्वर प्रसाद, महेंद्र उरांव सहित दर्जनों कृषक मित्र शामिल रहे।

72 करोड़ की लागत से बनी सड़क पहली बारिश में धंसी, निर्माण गुणवत्ता पर उठे सवाल

बारियातू (लातेहार)। पथ प्रमंडल द्वारा 72 करोड़ की लागत से बारियातू-हेरहंज मार्ग पर बनाई जा रही 23.5 किलोमीटर लंबी सड़क पहली बारिश में ही धंस गई। डाढ़ा मोड़ से रुद के बीच कलवर्ट के पास सड़क फट गई है और जगह-जगह दरारें आ गई हैं। निर्माण कार्य संवेदक दिनेश चंद्र आर. अग्रवाल द्वारा किया जा रहा है। पहले भी अखबारों में निर्माण कार्य की गुणवत्ता को लेकर खबरें छप चुकी थीं, लेकिन कोई सुधार नहीं हुआ। स्थानीय नेता लाल आशीषनाथ शाहदेव ने बताया कि घटिया निर्माण के कारण वाहन फंसने की घटनाएं सामने आई हैं। उन्होंने सरकार से जांच कर कार्रवाई की मांग की है।

गेरुआगढ़ा तालाब से भरे पानी से ग्रामीण डरे, विधायक प्रतिनिधि ने लिया जायजा

चंदवा। प्रखंड के गेरुआगढ़ा तालाब में बारिश के कारण अत्यधिक पानी भर गया है, जिससे आसपास के घरों को खतरा हो गया है। बच्चों के डूबने और घर गिरने की आशंका के चलते ग्रामीण भयभीत हैं। सूचना मिलने पर विधायक प्रतिनिधि आदर्श रविराज ने तालाब का निरीक्षण किया और मुखिया संगीता लकड़ा से बात की। उन्होंने विधायक प्रकाश राम को स्थिति से अवगत कराया, जिसके बाद अंचलाधिकारी को आवश्यक कार्रवाई का निर्देश दिया गया। हल्का कर्मचारी मुनेश्वर गंझू ने तालाब स्थल का निरीक्षण कर शीघ्र जल निकासी की व्यवस्था कराने की बात कही।

न्यूज बॉक्स

गिद्धौर में किशोरी रहस्यमय ढंग से लापता, थाने में आवेदन

गिद्धौर (चतरा)। गिद्धौर मुख्यालय की निवासी सुनीता देवी, पति सुरेंद्र राणा ने थाने में आवेदन देकर अपनी 15 वर्षीय पुत्री पूजा कुमारी की गुमशुदगी की सूचना दी है। आवेदन के अनुसार पूजा कुमारी 16 जून से लापता है। परिजनों ने रिश्तेदारों और आसपास के इलाकों में खोजबीन की लेकिन कोई पता नहीं चला। सुनीता देवी ने गिद्धौर थाना से सहायता की गुहार लगाई है।

बारिश से ध्वस्त हुआ घर, धान बर्बाद, प्लास्टिक के नीचे रहने को मजबूर परिवार

महुआडांड़। प्रखंड के परहाटोली पंचायत में बुधवार रात भारी बारिश के कारण अत्यंत गरीब परिवार के बिफन नगेसिया का मिट्टी का घर ढह गया। छप्पर और दीवार गिरने से घर में रखा लगभग 4 क्विंटल धान भीगकर बर्बाद हो गया। बिफन ने बताया कि हर साल घर की मरम्मत करते थे, लेकिन इस बार अधिक बारिश के कारण मौका नहीं मिला और घर गिर गया। अब परिवार प्लास्टिक डालकर रहने को मजबूर है। उन्होंने बताया कि अब तक उन्हें किसी भी सरकारी आवास योजना का लाभ नहीं मिला है।

साप्ताहिक जन सुनवाई में उपायुक्त ने सुनी 15 शिकायतें, दिए समाधान के निर्देश

लातेहार। उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में जिला मुख्यालय में साप्ताहिक जन शिकायत निवारण शिविर आयोजित हुआ। शहरी व ग्रामीण क्षेत्र के लोगों ने भूमि अधिग्रहण, दाखिल-खारिज, आवास निर्माण, मनरेगा में अनियमितता जैसी 15 शिकायतें प्रस्तुत कीं। उपायुक्त ने सभी शिकायतों को गंभीरता से सुना और संबंधित विभागों को भौतिक सत्यापन कर शीघ्र समाधान के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि किसी भी समस्या के निराकरण में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

समाज कल्याण और बाल संरक्षण योजनाओं की हुई गहन समीक्षा

लातेहार। उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में जिला समाज कल्याण कार्यालय एवं बाल संरक्षण इकाई के कार्यों की समीक्षा बैठक समाहरणालय सभागार में आयोजित की गई। बैठक में सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, मुख्यमंत्री कन्यादान, प्रधानमंत्री मातृ वंदना, आंगनबाड़ी केंद्रों की स्थिति, पोषण ट्रैकर ऐप, टीएचआर वितरण, सेविकाओं की उपस्थिति, रिक्तियों की भरती, विधवा पुनर्विवाह योजना, मानदेय भुगतान सहित मिशन वात्सल्य की प्रगति की समीक्षा की गई। उपायुक्त ने निर्देश दिया कि आंगनबाड़ी केंद्रों की दैनिक गतिविधियों की जियो-टैग तस्वीरें भेजी जाएं, सेविकाओं की उपस्थिति पर नजर रखी जाए और 30 जून तक रिक्त पदों की भरती सुनिश्चित की जाए। मिशन वात्सल्य, पोषण ट्रैकर और बाल संरक्षण कार्यों की समीक्षा करते हुए उन्होंने कुपोषित व एनीमिक बच्चों की पहचान कर एमटीसी भेजने तथा कमजोर वर्ग के बच्चों की सुरक्षा और पुनर्वास पर विशेष बल दिया। बैठक में जिला समाज कल्याण पदाधिकारी अल्का हेंब्रम, जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ. चंदन, सहायक निदेशक अजय कच्छप, बाल संरक्षण पदाधिकारी रीना कुमारी सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

बुकरु-हेंसला मार्ग बारिश से बदहाल, एक दर्जन गांव प्रभावित

लातेहार। बुकरु रेलवे कोल साइडिंग से टंडवा/बारियातू होते हुए जाने वाला कच्चा रास्ता बारिश के कारण बेहद जर्जर हो गया है। यह शॉर्टकट मार्ग होकर एक दर्जन गांवों को जोड़ता है, जिस पर प्रतिदिन हजारों लोग जोखिम उठाकर यात्रा करते हैं। स्थानीय ग्रामीणों की वर्षों पुरानी मांग है कि इस मार्ग को पक्की सड़क में बदला जाए। लेकिन अब तक कोई ठोस पहल नहीं हुई है, जिससे लोगों में नाराजगी है। बारिश के कारण आवागमन और कठिन हो गया है।

कार्यालय जिला अभियंता, जिला परिषद,पलामू

निविदा रद्द करने संबंधी सूचना

उप विकास आयुक्त–सह– मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद, पलामू के द्वारा पत्रांक 1580/जि0प0, दिनांक 18.06.2025 के माध्यम से निर्गत आदेश के आलोक में अधोहस्ताक्षरी द्वारा ज्ञापांक 763/जि0अ0, दिनांक 28.05.2025 द्वारा निर्गत निविदा ई–संख्या–DOPR/DE/ZP/Palamu 05/2025-26 अन्तर्गत निम्नांकित योजना का निविदा अपरिहार्य कारणों से रद्द किया जाता है:–

क्र.	प्रखण्ड	पंचायत	योजना का नाम	प्राक्कलित राशि	एन0आई0टी0 रेफरेंस सं0	Tender ID	PR No.	अभि0
1	2		3	4	5	6	7	8
1	मेदिनीनगर	मेदिनीनगर	कार्यालय जिला परिषद, पलामू के नये भवन परिसर का चाहरदिवारी एवं अन्य निर्माण कार्य।	2493500	NIT-05/ 2025-26/ Gr-01	2025_ZPPA L_101627_1	PR 353835 District(25-26).D	निविदा रद्द
2	मेदिनीनगर	मेदिनीनगर	जिला परिषद कार्यालय भवन का सुन्दरीकरण कार्य।	2498800	NIT-05/ 2025-26/ Gr-01	2025_ZPPA L_101628_1		
3	चैनपुर	चैनपुर	प्रखण्ड चैनपुर में मझिगांवा ट्रांसफार्मर से पीपल पेड़ होते हुए PWD रोड तक ग्रेड–1 पथ निर्माण।	1011700	NIT-05/ 2025-26/ Gr-01	2025_ZPPA L_101629_1		

ह0/–
जिला अभियंता,जिला परिषद, पलामू

PR 355611 District(25-26).D

पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, पलामू।

(सर्वसाधारण के लिए सूचना)

तरहसी थाना कांड सं0–74/2024 दिनांक 03.11.2024 धारा–351 (2)/352 बी0एन0एस0 एवं 3 (1)(r)3(1)(s)3(1)(t) SC/ST act. के प्राथमिकी अभियुक्त 1. दिपक यादव पिता अंकुन यादव 2. अनिल यादव पिता–टुनगुनी यादव 3. बबलु यादव पिता–प्रमोद यादव, तीनों ग्राम–ताल पो0–उदयपुरा–02 थाना–तरहसी, जिला–पलामू के संबंध में सूचना/जानकारी प्राप्त होने पर पुलिस अधीक्षक के कार्यालय में सूचित करें अथवा निम्नांकित फोन नम्बर पर संपर्क कर इसकी सूचना देने का कश्ट करें।

अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, (पांकी) लेस्लीगंज :– 9523355003
थाना प्रभारी, तरहसी :– 9430774070

पुलिस अधीक्षक, पलामू।

PR 355608 Police (25-26)D

पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, पलामू

(सर्वसाधारण के लिए सूचना)

सतबरवा थाना कांड सं0–47/2025 दिनांक–16.04.2025,धारा–64/बी0एन0एस0 एक्ट 2023 के प्राथमिकी अभियुक्त राजु ठाकुर पिता स्व0 सरजू ठाकुर सा0–हेहेगड़ा थाना– छिपादोहर जिला–लातेहार के संबंध में सूचना/जानकारी प्राप्त होने पर पुलिस अधीक्षक के कार्यालय में सूचित करें अथवा निम्नांकित फोन नम्बर पर संपर्क कर इसकी सूचना देने का कष्ट करें।

अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, सदर पलामू :– 7759085997
थाना प्रभारी, सतबरवा :– 7277459312

पुलिस अधीक्षक, पलामू

PR 355606 (Police)25-26*D

अव्यवस्था 63 केवीए ट्रांसफॉर्मर जलने से कुम्हार टोली में बिजली गुल

चंदवा में बारिश से बिजली व्यवस्था चरमराई, कई इलाके अंधेरे में

नवीन मेल संवाददाता

चंदवा (लातेहार)। प्रखंड क्षेत्र में लगातार हो रही बारिश के कारण विद्युत आपूर्ति व्यवस्था बुरी तरह प्रभावित हुई है। महुआमिलान–डूरु के बीच 11 हजार वोल्ट के तार पर पलाश का पेड़ गिर जाने से महुआमिलान, स्टेशन, रक्सी, पिपराही और मरमर सहित कई गांव पिछले चार दिनों से अंधेरे में हैं। शहर से सटे कुम्हार टोली में लगा 63 केवीए का ट्रांसफार्मर जल गया, जिससे इलाके की विद्युत आपूर्ति पूरी तरह ठप है। स्थानीय निवासियों ने बताया कि उपभोक्ताओं की संख्या अधिक होने के कारण 63 केवीए ट्रांसफार्मर अपर्याप्त है। उन्होंने कम से कम 100 केवीए ट्रांसफार्मर लगाने की मांग की है। उपभोक्ताओं ने मामले की जानकारी विधायक और सांसद को दी है और शीघ्र समाधान की मांग की है।

महुआडांड़ में बिजली संकट गहराया 24 घंटे में सिर्फ 2 घंटे रोशनी

महुआडांड़। अनुमंडल क्षेत्र में बिजली आपूर्ति व्यवस्था चरमराई हुई है। दिनभर में केवल 2 से 3 घंटे ही बिजली मिल रही है, जिससे आम जनजीवन प्रभावित हो रहा है। स्थानीय लोगों ने बताया कि पिछले एक सप्ताह से हालात बेहद खराब हैं। स्कूली बच्चे मोबाइल चार्ज करने के लिए बाजारों का चक्कर लगा रहे हैं, पढ़ाई बाधित हो रही है। बिजली विभाग के अधिकारी फोन नहीं उठाते, कर्मचारी क्षेत्र से गायब हैं। पर्यटकों और सरकारी मेहमानों को भी पानी और बिजली की भारी किल्लत झेलनी पड़ रही है। स्थानीय लोगों ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र सुधार नहीं हुआ, तो विभाग के खिलाफ धरना प्रदर्शन किया जाएगा।

मूसलाधार बारिश से भारी क्षति, कई कच्चे मकान गिरे, सड़क जाम

- ग्रामीण क्षेत्रों में जनजीवन प्रभावित, प्रशासन से राहत की मांग

नवीन मेल संवाददाता

भंडरा। भंडरा प्रखंड में पिछले तीन दिनों से हो रही लगातार मूसलाधार बारिश ने जनजीवन को अस्त-व्यस्त कर दिया है। बारिश के कारण कई कच्चे मकान धराशायी हो गए हैं, कई पेड़ गिर पड़े, और खेतों में लगी सब्जियों की फसलें पूरी तरह बर्बाद हो गई हैं।

ग्रामीण क्षेत्रों विशेषकर पलमी माझे टोली, बिटपी, तिलसिरी और आमदरी गांव में हालात काफी गंभीर बने हुए हैं। पलमी माझे टोली निवासी सुनील उरांव का कच्चा मकान पूरी तरह ध्वस्त हो गया, जिससे मकान में रखा सारा सामान नष्ट हो गया। अन्य गांवों से भी कच्चे मकानों के गिरने की सूचनाएँ मिल रही हैं।

मुरली पोखरा से बिटपी, तिलसिरी और आमदरी को जोड़ने वाली मुख्य सड़क पर बीचोबीच एक विशाल पेड़ गिर जाने से सड़क पूरी तरह अवरुद्ध हो गई है। इससे स्कूली बच्चों और ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बिटपी, पतराटोली, तिलसिरी, आमदरी के निवासियों को वैकल्पिक मार्ग से आना-जाना करना पड़ रहा है।

पेड़ गिरने और मकान ध्वस्त होने की सूचना स्थानीय अंचल अधिकारी को दे दी गई है। ग्रामीणों ने प्रशासन से शीघ्र राहत और पुनर्वास कार्य शुरू करने की मांग की है, ताकि बारिश से प्रभावित परिवारों को राहत मिल सके।

ग्रामीणों क्षेत्रों में यातायात की समस्या, परेशानी

सेन्हा-लोहरदगा। सुदूर्वर्ती व पठारी क्षेत्र के ग्रामीणों को यातायात की समस्या बढ़ा जिसे जिला मुख्यालय से संपर्क टूटने के कगार पर है। सेन्हा प्रखंड क्षेत्र एवं किसको प्रखंड क्षेत्र के सीमावर्ती पथ पर कलभट पुलिया का निर्माण कार्य समय से पूर्ण नही होने के कारण आरा,नीचे तुरियाडीह, गढ़कसमार रानीगंज सहित पठारी क्षेत्र के मुंगो गम्हरिया, रंकुली, सिंदूर के अलावे दर्जनों गांव का संपर्क जिला मुख्यालय से टूटने के कगार पर है। गौरतलब हो कि चंदवा टोंगरी के समीप भारद्वाज कंट्रक्शन के संवेदक द्वारा पथ निर्माण एवं जगह जगह पर पुलिया का निर्माण किया जाना था। परंतु समय से निर्माण कार्य पूर्ण नही हुआ जिसका परिणाम सुदुर्वर्ती ग्रामीण एवं पठारी क्षेत्र के ग्रामीणों को आवागमन के दौरान झेलना पड़ रहा है। ग्रामीणों के अनुसार बताया जाता है। चंदवा टोंगरी के पास पुलिया का निर्माण किया जा रहा था।और यातायात बाधित न हो जिसको लेकर डायवर्सन का निर्माण किया गया था।परंतु बरसात की पहली बारिश का कहर से लोगो को यातायात के लिये समस्या उयपन्न हो रही है। जैसा कि देखने को मिल रहा है। जिला की दूरी किस प्रकार तय कर रहें इन क्षेत्रों का दुर्भाग्य कहा जाए या संवेदक की लापरवाही वही प्रखंड व जिला प्रशासन को इस अखबार के माध्यम से अवगत कराते हुए समस्या को निदान कराने की मांग ग्रामीणों द्वारा किया गया है। जिससे किसान वर्ग सहित अन्य यात्रियों को यातायात में राहत मिल सके और आसानी से प्रखंड व जिला मुख्यालय तथा अस्पताल पहुंच सके तथा शहर और बाजार पंहुच कर अपने जरूरत के सामान का खरीदारी कर सके।

चुन्नीलाल उच्च विद्यालय के पास रास्ते पर गिरा पेड़

- चार दिनों से राहगीरों के लिए खतरा
- सेवा भारती ने जिला प्रशासन से शीघ्र कार्रवाई की मांग की

नवीन मेल संवाददाता

लोहरदगा। शहर के अप्पर बाजार स्थित चुन्नीलाल उच्च विद्यालय के पास के मुख्य रास्ते पर बीते चार दिनों से एक विशाल पेड़ की डाल गिरकर पड़ी है, जिससे इस मार्ग पर चलना राहगीरों के लिए खतरा बन गया है। यह रास्ता अत्यधिक व्यस्त और आवागमन की दृष्टि से महत्वपूर्ण है, जहाँ विद्यार्थियों, स्थानीय निवासियों और आम जनता का रोज़ाना आना-जाना लगा रहता है। स्थानीय सामाजिक संगठन सेवा भारती के जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए जिला प्रशासन का ध्यान आकर्षित किया है। उन्होंने मांग की है कि गिरे हुए पेड़ की डाल को शीघ्र हटवाया जाए, ताकि किसी भी प्रकार की अनहोनी या दुर्घटना से बचा जा सके। श्री सर्राफ ने बताया कि लगातार आवागमन के बीच पेड़ की डाल राहगीरों, विशेषकर स्कूली बच्चों के लिए खतरा बनी हुई है। प्रशासन द्वारा समय पर कार्रवाई नहीं किए जाने पर कोई भी गंभीर हादसा हो सकता है। सेवा भारती ने जिला प्रशासन से इस पर तत्काल संज्ञान लेकर उचित कदम उठाने की अपील की है, ताकि जनता को राहत मिल सके और किसी भी प्रकार की संभावित दुर्घटना को टाला जा सके।

उपायुक्त डॉ ताराचंद ने किया पेशरार प्रखंड का दौरा

भारी बारिश के उत्पन्न स्थिति का प्रशासन लिया जायजा

- लावापानी जलप्रपात पहुंचे, आसपास के ग्रामीणों की समस्याओं से हुए अवगत
- भारी बारिश के बाद जलप्रपात की ओर नहीं जाने की सलाह दी

नवीन मेल संवाददाता

लोहरदगा। उपायुक्त डॉ ताराचंद शुक्रवार को पेशरार पहुंचे। पेशरार मुख्यालय पहुँचने के बाद उन्होंने प्रखंड के पेशरार, मदनपुर, दुग्गु, चैनपुर, केरार आदि गांवों का दौरा कर क्षेत्र में हुए भारी बारिश के कारण उत्पन्न हुई स्थिति का जायजा लिया। इसमें पेशरार मुख्यालय से जोड़ने वाले पहुंच पथों, पुल-पुलिया के भी निरीक्षण किया व प्रखंड विकास पदाधिकारी व अंचल अधिकारी पेशरार को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। भारी बारिश से अगर किसी प्रकार की क्षति क्षेत्र में हुई हो तो उसका प्रतिवेदन तैयार कर आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश पदाधिकारियों को दिए।

उपायुक्त विभिन्न क्षेत्रों का दौरा करने के उपरांत पेशरार पंचायत स्थित लावापानी जलप्रपात पहुंचे जहां उन्होंने जलप्रपात का अवलोकन किया। साथ ही, मुख्य पथ से लावापानी जलप्रपात तक के पहुंच पथ, सीढियां, पर्यटकों के लिए उपलब्ध कराई जा सकने वाली सुविधाओं व अन्य संभावनाओं पर पदाधिकारियों के साथ चर्चा की। उपायुक्त लावापानी जलप्रपात के पास रहने वाले व वहीं अपना जीवन-यापन करने वाले स्थानीय लोगों से बातचीत की और मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना, आवास योजनाओं, पेंशन योजनाओं, मुख्यमंत्री पशुधन योजना, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, राशन कार्ड से संबंधित समेत महत्वाकांक्षी योजनाओं का लाभ दिलाने हेतु प्रखंड विकास पदाधिकारी को आवश्यक निर्देश दिए। साथ ही, लावापानी जलप्रपात के पास पर्यटकीय सुविधाओं की संभावनाओं पर आवश्यक निर्देश दिए। लावापानी में पर्यटकों की सुरक्षा व संभावित दुर्घटनाओं को रोकने हेतु प्रखंड विकास पदाधिकारी व अंचल अधिकारी को विशेष निर्देश दिए।

उपायुक्त ने ग्रामीणों से बातचीत कर अपने बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय भेजे जाने की अपील की। साथ ही कहा कि बच्चों को सुरक्षित रूप से विद्यालय भेजें। कोशिश करें कि बारिश के बाद बच्चों को जलप्रपात की तरफ बिल्कुल नहीं भेजें, घर पर ही सुरक्षित रखें।

भारी बारिश के बाद ग्रामीणों को जलप्रपात की ओर नहीं जाने की सलाह दी। इस अवसर पर एसडीपीओ किस्को वेदांत शंकर,प्रखंड विकास पदाधिकारी अजय कुमार तिर्की, अंचल अधिकारी पंकज कुमार, एनडीसी अभिनीत सूरज समेत अन्य पदाधिकारी व पेशरार प्रखंड व अंचल के कर्मीगण उपस्थित थे।

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस : सूर्यवती देवी ने कराया योग पूर्वाभ्यास

जिले के विभिन्न विद्यालयों में लगभग 3000 बच्चों ने लिया भाग

नवीन मेल संवाददाता

लोहरदगा। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में लोहरदगा जिले में महिला योग, कराटे एवं सिलंबम प्रशिक्षिका सूर्यवती देवी द्वारा जिले के विभिन्न विद्यालयों में योग पूर्वाभ्यास कराया गया। इस योगाभ्यास कार्यक्रम में लगभग 3000 विद्यार्थियों ने भाग लिया। यह विशेष योग सत्र एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय कुजरा, एस.एस. हाई स्कूल किस्को, जेएमएस पब्लिक स्कूल हरमू, हाई स्कूल कुजरा तथा स्काई अप पब्लिक स्कूल कुम्हारिया में आयोजित किया गया। योगाभ्यास के दौरान प्रशिक्षिका सूर्यवती देवी ने छात्रों को योग के विभिन्न आसनों का अभ्यास कराया एवं उसके लाभ बताए। उन्होंने कहा, "करें योग, रहें निरोग" – यह केवल एक नारा नहीं, बल्कि जीवनशैली का हिस्सा होना चाहिए। योग केवल योग दिवस पर करने से विशेष लाभ नहीं मिलेगा, बल्कि इसे नियमित जीवनचर्या में शामिल करना आवश्यक है। उन्होंने सभी बच्चों और शिक्षकों से आग्रह किया कि वे प्रत्येक दिन कम-से-कम एक घंटा योग के लिए अवश्य निकालें, ताकि शरीर, मन और आत्मा तीनों में संतुलन बना रहे। विद्यालय प्रबंधन एवं शिक्षकों ने सूर्यवती देवी के इस प्रयास की सराहना की और भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रमों के आयोजन की बात कही।

योग प्राणायाम व आयुर्वेद से जुड़कर स्वस्थ जीवन मिला

नवीन मेल संवाददाता

लोहरदगा। योग भारतीय सनातन संस्कृति की विश्व को दी गई अनुपम उपहार है। योग से जुड़कर लोहरदगा जिले में योग के क्षेत्र में कार्य करने वाली संस्थान पतंजलि योग समिति विभिन्न योग कक्षाओं एवं योग शिविरों के माध्यम से कई लोगों को लाभ मिला है। बताते चलें कि 48 वर्षीय सावित्री देवी पिछले एक वर्ष से पतंजलि के अभय भारती के मार्गदर्शन में निरंतर योगाभ्यासी रहे हैं। वह बताती हैं कि पूर्व में उन्हें सिर दर्द, गैस, पैर का दर्द और शरीर में निरंतर दर्द महसूस होता रहता था। चलने में भी कठिनाई होती थी, पतंजलि के आयोजित शिविरों में भाग लेकर वह पिछले एक वर्ष से निरंतर योग कर रही हैं। अब उन्हें इन समस्याओं से मुक्ति मिल चुकी है। योग के साथ-साथ आयुर्वेद के बारीकियां से भी वे अवगत हुई है, जिनका प्रयोग अपने दैनिक जीवन एवं परिवार के सदस्यों के बीच करती हैं।

इसी तरह ब्लॉक कॉलोनी में आयोजित पांच दिवसीय योग शिविर में शामिल होकर 35 वर्षीय करुणा श्रीवास्तव पीठ दर्द, सांस लेने में तकलीफ एवं शुगर की समस्या से जूझ रही थी. लगभग डेढ़ वर्ष से योग का अभ्यास करती हैं। योग के अभ्यास के साथ प्राणायाम, सूक्ष्म व्यायाम एवं सूर्य नमस्कार आदि का निरंतर अभ्यास कर अब सुगर, पीठ दर्द एवं सांस लेने में तकलीफ आदि समस्याओं से राहत में है।

किस्को मोड़ 34 वर्षीय खुशबू भारती को योग एवं स्वस्थ दिनचर्या से चमत्कारिक लाभ मिला। वे बताती हैं कोरोना काल में ऑनलाइन सह योग प्रशिक्षण पतंजलि योगपीठ हरिद्वार संस्थान से प्रशिक्षण लेकर स्वस्थ जीवन जी रही हैं। उन्होंने एक्यूप्रेशर चिकित्सा व आयुर्वेद चिकित्सा को भी जीवन में आत्मसात किया है।

लोहरदगा के बाबा मठ 52 वर्षीय निवासी महेंद्र प्रसाद गैस, कब्ज की समस्या से ग्रसित थे। पिछले चार वर्षों से पतंजलि के योग कक्षा सुंदरी देवी सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालय प्रांगण में योग कक्षा से जुड़कर बेहतर जीवन जी रहे हैं।

कुडू जामुन टोली 47 वर्षीय पूर्णिमा देवी लिवर, सुगर व शरीर दर्द की समस्या से जूझ रही थी। निरंतर योग शिक्षक प्रवीण भारती के मार्गदर्शन में प्राणायाम में अनुलोम विलोम, बाह्य प्राणायाम, भ्रामरी, ध्यान का अभ्यास कर लगभग रोग मुक्त हुई हैं।

गायत्री परिवार का पौधरोपण कार्यक्रम सम्पन्न

सेन्हा प्रखंड के चंदकोपा ग्राम में लगाए गए 101 पौधे

नवीन मेल संवाददाता

सेन्हा। पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए गायत्री परिवार, सेन्हा प्रखंड द्वारा शुक्रवार को बदला पंचायत अंतर्गत चंदकोपा ग्राम के मदरा टोली स्थित नया तालाब परिसर और प्राथमिक विद्यालय परिसर में पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। लगातार बारिश के बावजूद कार्यक्रम में ग्रामीणों एवं परिजनों की उत्साहपूर्ण सहभागिता देखने को मिली। कार्यक्रम का शुभारंभ गायत्री मंत्रोच्चारण एवं वृक्ष पूजन के साथ हुआ, जिसमें 15 जोड़ी दंपतियों ने सामूहिक रूप से भाग लिया। कर्मकांड का विधिवत संचालन जिला उप समन्वयक दुबराज मांझी द्वारा संपन्न कराया गया। इस अवसर पर कुल 101 फलदार पौधे (मुख्यतः बीजू आम) लगाए गए, जिनमें से 52 पौधे सप्त आंदोलन समन्वयक सुधाकर साहु के सौजन्य से, 11-11 पौधे क्रमशः प्रतिभा देवी एवं प्रतिमा देवी के द्वारा व शेष पौधे ग्रामीणों के सहयोग से लगाए गए। वर्षा के बीच भी सभी सहभागी पूरे धैर्य के साथ कार्यक्रम में सक्रिय रहे। इस दौरान पौधों के संरक्षण एवं देखभाल हेतु सामूहिक संकल्प भी लिया गया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित गणमान्य अतिथियों ने वृक्षारोपण के महत्व एवं वर्तमान पर्यावरणीय चुनौतियों पर प्रकाश डाला। समापन अवसर पर भव्य भंडारे का आयोजन भी किया गया, जिसमें सैकड़ों ग्रामीणों ने भाग लिया। मौके पर गोविन्द साहु (मुख्य प्रबंध ट्रस्टी, गायत्री परिवार लोहरदगा), पींकी जयसवाल (सहायक ट्रस्टी), अनिल साहु (जिला समन्वयक), प्रतिमा साहु (जिला महिला समन्वयक), विकेस कुमार सिन्हा, चंदन मिश्रा, रंजीत कुमार साहु, सुधाकर साहु (सप्त आंदोलन समन्वयक, सेन्हा), भंडारा सहयोग में लवकुश अग्रवाल, प्रेमचंद साहु, अन्य सहयोगीः मदन महतो, पवन कुमार (पतंजलि), विनय साहु, रेखा सोनी (आरएसएस), किरण देवी (शिक्षिका), सहित दर्जनों ग्रामीण जन रहें। कार्यक्रम की सफलता में अनेक ग्रामीणों का सक्रिय योगदान रहा, जिनमें कई नाम भले ही उल्लेख से छूट गए हों, परंतु उनका सहयोग सराहनीय रहा।

पहल | निषिद्ध मादक पदार्थों के विरुद्ध जागरूकता का प्रचार-प्रसार

नुक्कड़ नाटक के माध्यम से चला जागरूकता अभियान

नवीन मेल संवाददाता

लोहरदगा। सूचना एवं जनसम्पर्क कार्यालय, लोहरदगा की ओर से लोहरदगा जिला को नशा मुक्त बनाने के अभियान में एलईडी वैन द्वारा लोहरदगा जिला के किस्को प्रखंड के अरेया पंचायत एवं पेशरार प्रखंड के हेसाग पंचायत के गांवों में निषिद्ध मादक पदार्थों के विरूद्ध जागरूकता का प्रचार प्रसार किया गया। वीडियो/ऑडियो के माध्यम से ग्रामीणो को दिखाया एवं बताया गया है कि नशे की आदत छोड़ो, जीवन से नाता जोड़ो। इसमें मादक द्रव्यों/नशीली पदार्थो के सेवन से स्वास्थ्य पर दुष्प्रभाव के बारे में बताया गया। वीडियो के माध्यम से दिखाया गया कि मादक द्रव्यों के उपयोग से कई प्रकार के मानसिक स्वास्थ्य संबंधी परेशानी यथा पागलपन, अवसाद, उत्तेजना, आक्रामकता आदि से ग्रसित हो सकते हैं। अधिकांश मादक द्रव्य व्यक्ति के हृदय तथा रक्त वाहिकाओं पर प्रतिकूल प्रभाव डालते हैं, जिससे आसामान्य हृदय गति और यहां तक के हृदयघात की संभावना बढ़ जाती है। धूम्रपान से ब्रोंकाइटिस, वातस्फीति और फेफड़ों का कैंसर हो सकता है। ओपीएट्स सांस लेने की गति को धीमा कर सकता है। वायु मार्ग को अवरुद्ध कर अस्थमा के लक्षणों को बढ़ा सकता है जिससे शारिरिक स्वास्थ्य पर बुरा प्रभाव पड़ता है। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से भी लोहरदगा जिला के प्रखंडो के पंचायतो में क्षेत्रीय भाषा में निषिद्ध मादक पदार्थों के विरुद्ध उपयोग को रोकने के लिए आमजनों को जागरूक किया गया। साथ ही इससे संबंधित पंपलेट का भी वितरण किया गया।

महिला समूहों ने आमजनों को किया सचेत

लोहरदगा। शुक्रवार को निषिद्ध मादक पदार्थों के दुष्प्रभाव एवं दुरुपयोग को रोकने के उद्देश्य से एक विशेष जागरूकता अभियान चलाया गया। इस अभियान का संचालन महिला स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से रघुनंदन लेन सहित आसपास के क्षेत्रों में किया गया। अभियान के तहत समूह की महिलाओं ने घर-घर जाकर स्थानीय नागरिकों को नशे के दुष्परिणामों के प्रति सचेत किया। उन्होंने लोगों को मादक पदार्थों और नशीली दवाइयों के सेवन से होने वाली शारीरिक, मानसिक एवं आर्थिक क्षति की विस्तृत जानकारी दी। साथ ही, युवाओं को इस बुराई से दूर रहने और स्वस्थ जीवन शैली अपनाने की अपील की गई।

न्यूज बॉक्स

बारिश से प्रभावित क्षेत्रों का प्रखंड प्रशासन ने किया निरीक्षण

सेन्हा-लोहरदगा। प्रखंड क्षेत्र में लगातार तीन दिन से हो रही बारिश के कारण सभी का जन जीवन अस्त व्यस्त हो गया है।वही प्रखंड विकास पदाधिकारी संग्राम मुर्मू और अंचलाधिकारी मोदस्सर नजर मंसूरी द्वारा पंचायत क्षेत्र का लगातार भ्रमण कर बारिश से हो रही क्षति का जायजा लिया जा रहा है। साथ ही बीडीओ संग्राम मुर्मू ने ग्रामीणों से अपील करते हुए कहा कि नदी, तलाब में पानी भरा हुआ है। कोयल नदी के जल स्तर खतरा का निशान से ऊपर है।नदी तलाब के इर्द गिर्द न जाये बच के के रहें। वही अरु से साके धरधरिया पथ में तोड़ार पखन टोली के समीप नहर के पास छतिग्रस्त रास्ता का भी निरीक्षण करते हुए जिला के वरीय पदाधिकारियों को प्रतिवेदन भेज दिया गया है। साथ ही प्रखंड क्षेत्र के सीठीयो कोयल नदी के समीप बना पुराना पुल से आवागमन के लिये माना करते हुए प्रखंड प्रशासन व जिला प्रशासन के संयुक्त पहल से बेरिकेटिंग किया गया है। जिसे लोग पुराना पुल से यातायात नही कर सके तथा कंडरा और चितरी कोयल नदी के आस पास बच्चे,बुजुर्ग और युवाओं को किसी भी स्थिति में नही आने जाने के लिए सख्त निर्देश दिया गया है। वही बारिश से प्रभावित आपात स्थिति के लिये प्रखंड प्रशासन द्वारा प्रखंड स्तर पर नियंत्रण कक्ष का स्थापना किया गया है। मौके पर बीडीओ संग्राम मुर्मू, सीओ मोदस्सर नजर मंसूरी, थाना प्रभारी वारिश हुसैन और सुजीत उरांव, बिफई उरांव तथा अन्य प्रखंड व अंचल कर्मी मौजूद थे।

भौंरा के हमले से तीन वर्षीय बालक घायल

भंडरा। प्रखंड अंतर्गत आकाशी गांव में मंगलवार को भौंरा के झुंड के हमले में एक तीन वर्षीय बालक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल बालक को परिजनों ने तत्काल भंडरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे घर भेज दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, राजेंद्र लोहरा का चार वर्षीय पुत्र अभय लोहरा गांव के अन्य बच्चों के साथ पास के बगीचे में आम चुनने गया हुआ था। इसी दौरान वहां मौजूद भौंरा के झुंड ने अचानक हमला कर दिया। हमले में अभय को कई जगहों पर डंक लगे, जिससे वह बुरी तरह घायल हो गया। घटना के तुरंत बाद स्थानीय ग्रामीणों और स्वजनों ने घायल बालक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भंडरा पहुंचाया। समय पर इलाज मिलने से उसकी स्थिति फिलहाल स्थिर बताई जा रही है। ग्रामीणों ने प्रशासन से आग्रह किया है कि ऐसे क्षेत्रों में बच्चों की सुरक्षा के प्रति जागरूकता फैलाई जाए और संबंधित स्थानों पर सावधानी बरतने के लिए चेतावनी बोर्ड लगाए जाएं।

शत-प्रतिशत उपस्थिति दर्ज कराने वाले छात्र-छात्राएं हुए सम्मानित

लोहरदगा। मनोहर लाल अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, लोहरदगा में अध्ययनरत कक्षा 12वीं के छात्र-छात्राओं को मई माह में शत-प्रतिशत उपस्थिति दर्ज कराने के लिए सम्मानित किया गया। कॉलेज प्रबंधन की ओर से यह पहल विद्यार्थियों को अनुशासन, समयबद्धता एवं सतत अध्ययन के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से की गई। कक्षा 12वीं विज्ञान संकाय की छात्राएँ ओहमा उराँव एवं कीर्ति राज गुप्ता को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह में महाविद्यालय की प्रभारी आचार्या श्रीमती प्रीति कुमारी गुप्ता सहित अन्य शिक्षकों ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएँ दीं और उनके अनुशासन को प्रेरणादायक बताया। इस अवसर पर विद्यालय की शिक्षिकाएँ रेणु कुमारी, रश्मि साहू, यशोदा कुमारी, ऋद्धि मिश्रा, कविता कुमारी, नीतू कुमारी, तथा शिक्षकगण सनोज कुमार साहु, यूगेश कुमार साव, रितेश कुमार पाठक, आरती भगत सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

एनएच पर पिकअप पलटा

सेन्हा/लोहरदगा। एनएच-143ए पर सेन्हा थाना क्षेत्र के केराझरिया पुल के समीप गुरुवार की सुबह एक मालवाहक पिकअप वाहन अचानक अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गया। हादसे में गनीमत रही कि वाहन में सवार चालक और उपचालक दोनों बाल-बाल बच गए, तथा किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई। प्राप्त जानकारी के अनुसार, उत्तर प्रदेश के बनारस से 10 एचपी सोलर आटा चक्की सिस्टम लादकर यह वाहन गुमला जिला अंतर्गत पालकोट थाना क्षेत्र के पोजेगा गांव की ओर जा रहा था। इसी दौरान केराझरिया पुल के समीप एक तीव्र मोड़ पर स्विफ्ट कार को बचाने के प्रयास में पिकअप अनियंत्रित होकर पलट गया। घटना के कारण वाहन में लदा कीमती सामान क्षतिग्रस्त हो गया। घटना की सूचना मिलते ही सेन्हा थाना की पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची। पुलिस ने जेसीबी मशीन की मदद से पलटे वाहन को हटवाया और स्थिति का जायजा लिया। फिलहाल वाहन को कब्जे में ले लिया गया है और दुर्घटना के कारणों की जांच की जा रही है।

सड़क दुर्घटना में महिला घायल

भंडरा। भंडरा-चट्टी मुख्य पथ भंडरा थाना क्षेत्र के नंदनी पुल के समीप सड़क दुर्घटना में महिला घायल हो गई। जिसे स्थानीय ग्रामीणों द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भंडरा पहुंचाया गया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर छुट्टी दे दी। बता दें कि भंडरा थाना क्षेत्र के पोड़हा गांव निवासी शिवकुमार भगत अपनी पत्नी सुमंती कुमारी (25 वर्ष) के साथ अपने मोटर साइकिल अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान उनकी पत्नी सुमंती कुमारी का साड़ी मोटर साइकिल में फंस गया। जिससे मोटर साइकिल अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। इससे सुमति कुमारी के शरीर में काफी चोटें आई है।

पांच माह से नहीं मिला वेतन, संगठन ने उपायुक्त से हस्तक्षेप की मांग की

लोहरदगा। नगर परिषद के सफाईकर्मी इन दिनों प्रशासन और ठेका कंपनी एस.एस. डब्ल्यू. प्रा. लि. के बीच चल रही आपसी खींचतान के चलते गंभीर आर्थिक संकट से गुजर रहे हैं। नगर परिषद में कार्यरत दर्जनों सफाईकर्मियों को पिछले चार महीनों से वेतन नहीं मिला है, जबकि पांचवां महीना भी आरंभ हो चुका है। स्थिति यह है कि नगर प्रशासन और कंपनी एक-दूसरे पर भुगतान न होने का दोष मढ़ रहे हैं। नगर प्रशासक का कहना है कि वे भुगतान की राशि कंपनी को हस्तांतरित कर चुके हैं, जबकि कंपनी के प्रमुख श्री संजीव का कहना है कि उन्हें पूरा भुगतान नहीं मिला है, अतः कर्मचारियों को वेतन देना संभव नहीं हो पा रहा है। इस खींचतान के बीच सबसे अधिक प्रभावित हो रहे हैं अल्पवेतनभोगी सफाईकर्मी, जो पहले से ही दैनिक जरूरतों के लिए संघर्ष कर रहे हैं। संगठन का कहना है कि यह स्थिति कर्मचारियों को अघोषित रूप से हड़ताल के लिए विवश कर रही है, जिसका सीधा असर नगर की स्वच्छता व्यवस्था और आम जनता पर पड़ेगा। झारखंड राज्य स्थानीय निकाय कर्मचारी महासंघ, जिला शाखा लोहरदगा ने इस संवेदनशील विषय पर उपायुक्त, लोहरदगा से शीघ्र हस्तक्षेप कर न्यायोचित कार्रवाई की मांग की है। संगठन ने यह भी बताया कि जब तक एस.एस. डब्ल्यू. प्रा. लि. कंपनी से एमओयू नहीं हुआ था, वेतन भुगतान नियमित रूप से हो रहा था, किंतु अब कर्मचारियों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

सकरौली गांव जलजमाव से जूझ रहा, सड़कें कीचड़ में तब्दील

नवीन मेल संवाददाता

गुमला (सिसई)। सिसई प्रखंड के भदौली पंचायत अंतर्गत राजस्व ग्राम सकरौली में लगातार तीन दिनों से हो रही मूसलधार बारिश के कारण गांव में भीषण जलजमाव की स्थिति उत्पन्न हो गई है। जल निकासी की समुचित व्यवस्था नहीं होने से पूरे गांव की सड़कें कीचड़ में तब्दील हो चुकी हैं और मिट्टी के मकान ढहने के कगार पर हैं। गांव के वार्ड सदस्य कृष्णा कुमार साहू और ग्राम प्रधान सुमन पाहन ने बताया कि सकरौली में चारों ओर केवल कच्ची सड़कें हैं, और पानी निकासी के लिए कोई नाली नहीं है। इस कारण हर बारिश में गांव तालाब में बदल जाता है। ग्रामीणों को आवागमन, दैनिक कार्य और बच्चों के विद्यालय जाने में गंभीर परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। स्थिति और भी चिंताजनक तब हो जाती है जब गांव में शौचालय की सुविधा भी नहीं होने से वृद्ध महिलाएं और पुरुषों को अत्यधिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। ग्रामीणों ने बताया कि बार-बार संबंधित पंचायत पदाधिकारियों को पीसीसी पथ और नाली निर्माण हेतु सूचना दी गई, परंतु अब तक कोई ठोस पहल नहीं की गई है।

इससे ग्रामीणों में रोष व्याप्त है। वार्ड सदस्य और ग्राम प्रधान दोनों ने प्रखंड एवं जिला प्रशासन से शीघ्र हस्तक्षेप कर सड़क निर्माण, जल निकासी और शौचालय जैसी मूलभूत सुविधाओं को उपलब्ध कराने की मांग की है।

खराब जलमीनार व बरसात में खराब सड़कों की वजह से लोग परेशान

सिसई (गुमला)। प्रखण्ड क्षेत्र के शिवनाथपुर पंचायत में खराब पड़े जल मिनार व गांव टोला को जोड़ने वाला रोड खराब होने से जनता का हाल बेहाल हो गया है। शिवनाथपुर पंचायत के खाश ग्राम शिवनाथपुर के करम टोली से मेन रोड शिवनाथपुर तक का पहुँच पथ इतना ज्यादा खराब है कि लोगों का आना जाना मुश्किल हो गया है,एक साईकिल को पार कर पाना भी मुश्किल होता है।इसी तरह से डहु टोली से जलका पथ व डहु टोली से गम्हरिया को जोड़ने वाली कच्ची सड़क है। जो बरसात में आए दिन राहगीर इस सड़क पर गिर कर घायल हो जाते हैं, ये कच्ची सड़कें इतना खराब है कि चलने वाले लोग स्थानीय प्रतिनिधियों व प्रशासन को हाय की दुआ दे रहे हैं। साथ ही डहु टोली में जल मिनार खराब हो जाने के कारण लोगों को पीने के लिए शुद्ध जल नहीं मिल रहा है। मजबूरन लोगों को कुएं का दूषित पानी पीना पड़ रहा है।

गुमला का खड़िया पाड़ा बना कचरे का ढेर

दो दिन की बारिश ने उजागर की नगर परिषद की लापरवाही

नवीन मेल संवाददाता

गुमला। लगातार दो दिनों की बारिश ने गुमला नगर परिषद की सफाई व्यवस्था की पोल खोल दी है। खड़िया पाड़ा मोहल्ले की स्थिति तो और भी भयावह हो गई है, जहां गंदगी और कचरे का ऐसा अंबार लग गया है कि लोग घरों से बाहर निकलने में भी परहेज कर रहे हैं। पूरा मोहल्ला इन दिनों नरकीय स्थिति में जीवन व्यतीत करने को मजबूर है।

खड़िया पाड़ा की मुख्य सड़क पर हर ओर कचरा फैला हुआ है। यह सड़क अब सड़क कम, कचरा डंपिंग यार्ड अधिक प्रतीत हो रही है। बदबू और सड़ांध के कारण लोगों का चलना-फिरना भी मुश्किल हो गया है। मोहल्लेवासियों का कहना है कि यह वही मार्ग है जहाँ विद्यालय, अटल क्लिनिक और आश्रय गृह जैसे सार्वजनिक उपयोग के संस्थान स्थित हैं, बावजूद इसके नगर परिषद की ओर से सफाई की कोई ठोस व्यवस्था नहीं की जाती। स्थानीय निवासियों ने बताया कि इस सड़क के दोनों ओर बनी नालियों की सफाई कई महीनों से नहीं हुई है। यही नहीं, शहर के ऊपरी इलाकों से बहकर आने वाला कचरा भी इन्हीं नालियों के जरिए ढोड़हा नाला में गिरता है। नालियों की हालत इतनी खराब है कि कई जगहों पर वे जाम हैं या टूटी हुई हैं, जिससे बारिश के दौरान सारा कचरा बाहर आकर सड़क पर बिखर जाता है।

स्थिति इतनी गंभीर हो चुकी है कि बरसात के दिनों में लोगों के घरों में पानी घुस जाता है, जिससे जीवन और अधिक संकटग्रस्त हो जाता है। नगर परिषद की ओर से न तो नियमित सफाई हो रही है, न ही जल निकासी की कोई व्यवस्था बनाई गई है।

मामले को लेकर जब नगर परिषद के प्रशासक सार्जेन मरांडी से संपर्क करने का प्रयास किया गया, तो उनसे संपर्क नहीं हो सका। इससे मोहल्लेवासियों में नाराजगी और भी अधिक बढ़ गई है। लोगों ने प्रशासन से जल्द स्थिति सुधारने और स्थायी समाधान की मांग की है। यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई, तो खड़िया पाड़ा की स्थिति किसी स्वास्थ्य आपदा में बदल सकती है।

कंस नदी पर बना पुल पूरी तरह क्षतिग्रस्त, जिला प्रशासन ने मार्ग अवरुद्ध घोषित कर वैकल्पिक मार्गों के उपयोग की अपील की

सिसई। लगातार बारिश के कारण सिसई प्रखंड अंतर्गत डाड़हा से छारदा जाने वाले मुख्य मार्ग पर जैरा एवं बुड़का गांव के बीच स्थित कंस नदी पर बना पुल पूर्णत: क्षतिग्रस्त हो गया है। जिला प्रशासन, गुमला द्वारा इस मार्ग पर आवागमन पूरी तरह से बाधित घोषित कर दिया गया है। प्रशासन ने क्षेत्र की जनता, विशेष रूप से छारदा, भुरसो और आसपास के गांवों के नागरिकों एवं वाहनों के परिचालकों से अपील की है कि वे सुरक्षा की दृष्टि से इस मार्ग का उपयोग न करें तथा नीचे दिए गए वैकल्पिक मार्गों से आवाजाही सुनिश्चित करें। जिला प्रशासन ने कहा है कि क्षतिग्रस्त पुल पर आवागमन न सिर्फ खतरनाक है, बल्कि जनहानि का कारण भी बन सकता है। अत: आमजन सतर्कता बरतें और प्रशासन द्वारा सुझाए गए मार्गों का ही उपयोग करें।

धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान

नवीन मेल संवाददाता

चैनपुर। भारत सरकार के जनजातीय कार्य मंत्रालय द्वारा चलाए जा रहे "धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान" के तहत शुक्रवार को चैनपुर प्रखंड के छीछवानी गाँव में एक विशेष जागरूकता एवं लाभ संतृप्ति शिविर का आयोजन किया गया। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य जनजातीय बहुल गांवों में रहने वाले वंचित जनजातीय परिवारों की पहचान करना और उन्हें केंद्र व राज्य सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का सीधा लाभ पहुँचाकर उनका सर्वांगीण विकास सुनिश्चित करना है।गुमला जिले में यह महत्वपूर्ण अभियान उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित के मार्गदर्शन में चलाया जा रहा है। इसी क्रम में छीछवानी में आयोजित शिविर में जनजातीय समुदाय के लोगों को कई महत्वपूर्ण योजनाओं जैसे प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, गरीब कल्याण अन्न योजना, आयुष्मान भारत योजना, किसान सम्मान निधि, जनधन योजना, वृद्धावस्था पेंशन, सुकन्या समृद्धि योजना, मातृ वंदना योजना, विश्वकर्मा योजना, सिकल सेल मिशन, नेशनल डायलिसिस कार्यक्रम, और राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन मिशन की विस्तृत जानकारी दी गई।शिविर में योजनाओं के लिए मौके पर ही आवेदन लिए गए और कई पात्र लाभुकों को तुरंत योजनाओं का लाभ भी प्रदान किया गया। इस अवसर पर जनप्रतिनिधि, बीडीओ यादव बैठा, तथा स्वास्थ्य, समाज कल्याण सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

धर्मांतरण कर चुके आठ परिवारों की घर वापसी, सरना धर्म में लौटे

नवीन मेल संवाददाता

सिसई (गुमला)। प्रखंड क्षेत्र के कुदरा गांव में ईसाई धर्म अपना चुके आठ परिवारों ने शुक्रवार को पारंपरिक रीति-रिवाज के साथ सरना सनातन धर्म में वापसी की। इन परिवारों ने गांव के पहान-पुजार, प्रबुद्ध जनों और ग्रामीण समाज की उपस्थिति में देवी मंडप में पूजा-अर्चना कर पुनः सरना धर्म को अपनाया। धर्मांतरण कर चुके इन परिवारों ने खुद स्वीकार किया कि वे अज्ञानता और बहकावे में आकर ईसाई धर्म की ओर चले गए थे। लेकिन समाज और सरना धर्म से संवाद के बाद उन्होंने स्वेच्छा से अपने मूल धर्म में लौटने का फैसला लिया। इससे पहले गांव के लोगों, सरना समाज, हिंदू धर्मावलंबियों और प्रबुद्ध जनों की बैठक हुई, जिसमें सभी ने मिलकर सामूहिक रूप से धर्म में पुनः प्रवेश का निर्णय लिया।

इस अवसर पर गांव के पहान कीनू उरांव, पुजार मगन उरांव, भंडारी लेपा उरांव, पूर्व मुखिया भुखला उरांव, पूर्व उपमुखिया जयराम उरांव, वार्ड सदस्य सुनीता देवी सहित कई सामाजिक प्रतिनिधि उपस्थित थे। हिंदू जागरण मंच झारखंड के प्रदेश परावर्तन प्रमुख संजय वर्मा, विश्व हिंदू परिषद-बजरंग दल के विभाग संयोजक मुकेश सिंह, जिला मंत्री मनीष बाबू, जिला संयोजक संतोष यादव समेत अन्य कार्यकर्ता भी मौके पर मौजूद रहे। धर्म वापसी के इस आयोजन में गांव के सैकड़ों महिला-पुरुष शामिल हुए। आयोजन शांतिपूर्ण माहौल में, परंपरागत संस्कृति के अनुरूप संपन्न हुआ।

उद्योग, स्वरोजगार एवं श्रम योजनाओं की समीक्षा बैठक संपन्न

उपायुक्त ने युवाओं को रोजगार से जोड़ने पर दिया विशेष जोर

नवीन मेल संवाददाता

गुमला। उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित की अध्यक्षता में आज उद्योग विभाग, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम (पीएमईजीपी), प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्यम उन्नयन योजना (पीएमएफएमई) और प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना की संयुक्त समीक्षा बैठक समाहरणालय सभागार में आयोजित की गई। बैठक का मुख्य उद्देश्य युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ना एवं श्रमिकों को योजनाओं का समुचित लाभ दिलाना रहा। बैठक में उपायुक्त ने कहा कि युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए विभिन्न योजनाओं के माध्यम से रोजगार सृजन प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने सभी संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि निर्धारित लक्ष्यों के अनुसार कार्य करें और शत-प्रतिशत उपलब्धि सुनिश्चित करें।

जिला उद्यमी समन्वयक को निर्देशित किया गया कि पीएमईजीपी और पीएमएफएमई योजनाओं के योग्य और अस्वीकृत आवेदनों को बैंकों में अग्रेषित कर शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त किया जाए। प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के अंतर्गत मुखिया स्तर पर लंबित आवेदनों को शीघ्र जिला स्तर पर अग्रेषित करने हेतु सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों और मुखिया को निर्देश जारी किया गया। पीएमएफएमई योजना के तहत जिले के सभी बैंकों से प्रत्येक शाखा से कम से कम दो आवेदन स्वीकृत कराने का निर्देश दिया गया। प्रखंड स्तर पर रोजगार शिविर आयोजित कर अधिक से अधिक युवाओं को रोज़गार से जोड़ने का निर्देश। साथ ही रोजगार शिविर का वार्षिक कैलेंडर तैयार करने को कहा गया। पंजीकृत श्रमिकों को चिकित्सा सहायता, मातृत्व लाभ, सुरक्षा किट आदि योजनाओं का शत-प्रतिशत लाभ देने के निर्देश दिए गए। अब तक लगभग 400 श्रमिकों को सुरक्षा किट का वितरण किया जा चुका है। श्रम निबंधन पोर्टल पर अधिक से अधिक श्रमिकों को जोड़ने हेतु प्रचार-प्रसार तेज करने का आदेश दिया गया। बाल श्रम के उन्मूलन हेतु नियमित सघन अभियान चलाने पर भी बल दिया गया। बैठक के दौरान जिला नियोजन कार्यालय द्वारा जानकारी दी गई कि आगामी 24 जून को गुमला जिले में रोजगार मेला का आयोजन किया जाएगा। साथ ही विभिन्न प्रखंडों में संचालित कौशल विकास केंद्रों की प्रगति से उपायुक्त को अवगत कराया गया।

OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER
PLANNING AND INVESTIGATION DIVISION
ROAD CONSTRUCTION DEPARTMENT (RCD),RANCHI
NirupanBhawan, 3rdFloor,
Room No. 401,56-Set,Doranda,Ranchi-834002

e-Procurement (Short Tender Notice)
Letter of Invitation (LOI) No.-8/2025-26
1st Call
e-Tender Ref No:–RCD/PID/RANCHI/8/2025-26
Date:-18.06.2025

1	Name Of Work	Consultancy Services for Preparation of Detailed Project Report for Construction of Murma Khurd PWD Road to Pandu Main Road via Dhanchabar including replacement/New Proposal of Culverts, Bridges, ROB's, RUB's, Complete Land Acquisition Plan including Ownership details all complete as per latest guidelines, Resettlement and Rehabilitation Proposal, Forest Diversion Proposal and Utility Shifting Proposal in details etc. as required by the Department (If any) under Palamu District in the State of Jharkhand.*Only Empanelled consultant with RCD under category-I vide letter No. 3063(S) WE Dated 22.08.2022are allowed to bid.
2	Tentative Length	9 Km
3	Period of Completion of Work	90 Days
4	Cost of Tender documents& Earnest Money Deposit	Cost of tender documents is Rs. 5000/ (Non-Refundable) EMD:- The quotationers have to deposit a fixed amount of Rs 15000.00 (Fifteen thousand only) as Earnest Money. As per the Departmental Letter no.- 4652(S) dated 06.10.2023, cost of tender document and Earnest Money Deposit will be received in online mode only through e-procurement portal (http://jharkhandtenders.gov.in) by internet banking/NEFT/RTGS facility as per Standard Operating Procedure (SOP) issued by Information Technology & e-Governance Department, Government of Jharkhand vide letter no- 120 dated 03.10.2023.
5	Mode of Bid Submission	e-tendering(https://jharkhandtenders.gov.in/)
6	Date/Time of Publication of Tender on Website	23.06.2025,At 05:30 PM
7	Online Last Date/Time of Bid Submission	07.07.2025, 12:00 noon
8	Date and Time of Bid opening	08.07.2025, 12:30 PM
9	Bid validity	120 days
10	Designation and Contact no. of Tender inviting Officer	Executive Engineer, Planning and Investigation Division,RCD, Ranchi, Mob No.-9471650883

Note:- Only e-Tender shall be accepted. Further details can be seen on e-procurement portal (https://jharkhandtenders.gov.in/).

Executive Engineer,
Planning & Investigation Division,
Road Construction Department, Ranchi.

PR 355580
Road(25-26).D

पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, पलामू

(सर्वसाधारण के लिए सूचना)

रेहला थाना कांड सं0–76/2022 दिनांक –12.07.2022,धारा–414/429/34 भा0द0वि0 एवं 11 (1))(d)(f) पशु क्रुरता निवारण अधिनियम के प्राथमिकी अभियुक्त 1. तसउवर अंसारी पे0 स्व. उदीन अंसारी साकिन– मानपुर, 2. शमशेर अंसारी पे0–सरफुदीन अंसारी साकिन–टनटनवा दोनों थाना–रंका, जिला–गढ़वा के संबंध में सूचना/जानकारी प्राप्त होने पर पुलिस अधीक्षक के कार्यालय में सूचित करें अथवा निम्नांकित फोन नम्बर पर संपर्क कर इसकी सूचना देने का कष्ट करें।

अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, विश्रामपुर पलामू :– 9334185502
थाना प्रभारी, रेहला :– 6204580744

पुलिस अधीक्षक,
पलामू

PR 355630 Police(25-26)#D

कार्यालय जिला अभियंता, जिला परिषद, पलामू।

निविदा रद्द करने संबंधी सूचना।

उप विकास आयुक्त–सह– मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद, पलामू के द्वारा पत्रांक 1580/जि0प0, दिनांक 18.06.2025 के माध्यम से निर्गत आदेश के आलोक में अधोहस्ताक्षरी द्वारा ज्ञापांक 1119/जि0अ0, दिनांक 09.06.2025 द्वारा निर्गत निविदा ई–संख्या– DOPR/DE/ZP/Palamu 04/2025-26 Group-03 अन्तर्गत निम्नांकित योजना का निविदा अपरिहार्य कारणों से रद्द किया जाता है:–

क्र.	प्रखण्ड	पंचायत	योजना का नाम	प्राक्कलित राशि	एन0आई0टी0 रेफरेंस सं0	Tender ID	PR No.	अनि0
1	2		3	4	5	6	7	8
1	नौडीहा बाजार	करकट्टा	ग्राम हरनी में हरनी स्कूल से पाल्हे पतरा करमा गाँव तक सड़क निर्माण।	9535800	NIT-04/ 2025-26/ Gr-03	2025_ZPPAL_102035_1	PR 354099 District(25-26)D	

ह0/–
जिला अभियंता,
जिला परिशद, पलामू।

PR 355627 (District) 25-26 (D)

कार्यालय जिला अभियंता, जिला परिषद, पलामू।

निविदा रद्द करने संबंधी सूचना।

उप विकास आयुक्त–सह– मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद, पलामू के द्वारा पत्रांक 1580/जि0प0, दिनांक 18.06.2025 के माध्यम से निर्गत आदेश के आलोक में अधोहस्ताक्षरी द्वारा ज्ञापांक 762/जि0अ0, दिनांक 28.05.2025 द्वारा निर्गत निविदा ई–संख्या– DOPR/DE/ZP/Palamu 04/2025-26 अन्तर्गत निम्नांकित योजना का निविदा अपरिहार्य कारणों से रद्द किया जाता है:–

क्र.	प्रखण्ड	पंचायत	योजना का नाम	प्राक्कलित राशि	एन0आई0टी0 रेफरेंस सं0	Tender ID	PR No.	अनि0
1	2		3	4	5	6	7	8
1	पण्डवा	कजरी–पाटन	कजरी–पाटन मेन रोड से सखुआ गांव तक सड़क निर्माण।	2465800	NIT-04/ 2025-26/ Gr-01	2025_ZPPAL_101625_1	PR. NO. 353837 District(25-26):D	निविदा रद्द
2	पण्डवा	गाड़ीखास	ग्राम गाड़ी (बड़का भीट्ठा) शंकर सिंह के घर से दुर्गावती नदी तक सड़क निर्माण।	2489300	NIT-04/ 2025-26/ Gr-02	2025_ZPPAL_101626_1		
3	नौडीहा बाजार	करकट्टा	ग्राम हरनी में हरनी स्कूल से पाल्हे पतरा करमा गाँव तक सड़क निर्माण।	9535800	NIT-04/ 2025-26/ Gr-03	2025_ZPPAL_102035_1		

ह0/– जिला अभियंता, जिला परिषद, पलामू।

PR 355614 District(25-26)D

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, (एन॰आर॰ई॰पी॰), चतरा
Email Add: nrepchatra@gmail.com

शुद्धि–पत्र

एन॰ आर॰ ई॰ पी॰, चतरा के कार्यालय अन्तर्गत समाज कल्याण विभाग योजना अन्तर्गत् ई–पुनर्निविदा सूचना संख्या– EE/NREP/CHATRA/24/2024-25-RE-2, दिनांक–21.05.2025, जिसका P.R. No. 355276 के क्रम संख्या– 21 एवं ग्रुप संख्या– 24 में वर्णित कार्य परियोजना का नाम–टण्डवा प्रखण्ड–टण्डवा पंचायत–कोयद ग्राम–कोयद 03 में आंगनबाडी केन्द्रो का निर्माण कार्य के स्थान पर परियोजना का नाम–प्रतापपुर प्रखण्ड–प्रतापपुर पंचायत–मोनिया ग्राम–जैयपुर में आंगनबाडी केन्द्रो का निर्माण कार्य पढा जाय। निविदा की शेष शर्ते पूर्ववत रहेगी।

कार्यपालक अभियंता,
एन॰आर॰ई॰पी॰, चतरा

PR 355584 (NREP)25-26*D

जिला मत्स्य कार्यालय, पलामू

आवश्यक सूचना

एतद् द्वारा सभी मत्स्य कृषकों को सूचित किया जाता है कि नई तकनीक Block Chain एवं National Fisheries Digital Platform (NFDP) में सभी मत्स्य कृषकों का निबंधन कराना आवश्यक है।

1. पासपोर्ट फोटो। (रंगीन पासपोर्ट साइज फोटो)
2. अपना मोबाईल/माबाईल नं0
3. आधार मूल प्रति (Original)
4. बैंक पासबुक (Original)
5. पैन कार्ड (Original)
6. वोटर आई0डी0 कार्ड (Original)
7. राशन कार्ड (Original)
8. जमीन का रसीद (यदि हो तो)
9. आय प्रमाण पत्र (यदि हो तो)
10. जाति प्रमाण पत्र (यदि हो तो)
11. तालाब का विवरणी :-खाता, प्लॉट सं0, तालाब का जलक्षेत्र (एकड़ में)/लैण्डमार्क/जीयो टैग फोटोग्राफ
12. तालाब किस योजना/किस विभाग/निजी/लीज/सामुदायिक/वर्ष में बना है।
13. वंशावली/खतियान का प्रति।(यदि हो तो)
14. मकान/खाता सं0 (NFDP में निबंधन के लिए)
15. मत्स्य कृषक का आधार से मोबाईल नं0 लिंक होना चाहिए।

सभी कृषक/बीज उत्पादक उक्त कागजात के साथ जिला मत्स्य कार्यालय, पलामू में उपस्थित होकर अपना निबंधन करायें। विस्तृत जानकारी के लिए किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय आकर सम्पर्क कर सकते है।

जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, पलामू

PR 355628 Fish(25-26).D

पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, गढ़वा।

आवश्यक सूचना।
(लापता शाहीद अंसारी, उम्र–28 वर्ष)

कि हरिहपुर ओ0पी0 सनहा सं0–10/25, दिनांक–09.06.2025 में लापता शाहीद अंसारी, उम्र–28 वर्ष, पिता–सुलतान अंसारी, सा0–बतो खुर्द, थाना – भवनाथपुर (हरिहरपुर ओ0पी0), जिला–गढ़वा, राज्य–झारखण्ड के रहने वाले हैं। आवेदिका हाजरा बीबी के द्वारा आवेदन में उल्लेख किया गया है इनका पति शाहिद अंसारी दिनांक–08.06.2024 को सुबह अपने घर से कांडी में अपने दुकान के लिए निकले, कांडी में अपने दुकान पर 03 बजे तक थे दुकान से करीब 03 बजे कहीं निकले परन्तु अपने घर वापस नहीं लौटा है। उक्त लापता शाहीद अंसारी का काफी खोजबीन किया गया परन्तु अबतक पता नहीं चल सका है। अतः आम जनता से अनुरोध है कि लापता शाहीद अंसारी किसी व्यक्ति को कहीं दिखे या इनके कहीं होने के बारे में किसी व्यक्ति को किसी प्रकार की लाभप्रद सूचना प्राप्त हो तो कृपया पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय), गढ़वा के मो0नं0–9431706284 या पुलिस अधीक्षक, गढ़वा के मो0नं0– 9431706281 पर सूचित करने की कृपा करें।

हुलिया :–रंग–गोहुआ, लम्बाई–05 फीट 08 इंच, बाला–काला, दाढ़ी–काला, ऑख–समान्य, पहनावा–पैंट शर्ट।

निवेदक,
पुलिस अधीक्षक, गढ़वा।

PR.NO.355594 Police(25-26):D

मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज,पलामू का कार्यालय
(NIT)
ई0–निविदा संख्या– 02/2025–26

मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज, पलामू के लिए चालु वर्ष 2025–26 में विविध सामग्रियों/उपकरणों/रसायन आदि क्रय हेतु प्रकाशक/अधिकृत विक्रेता/प्रतिष्ठान,एजेंसियों से ई0 निविदा दिनांक 23.06.2025 के अपराह्न 5:00 बजे से आमंत्रित किया जाता है।

क्र0 सं0	कार्य का नाम	विविध सामग्रियों/उपकरणों/रसायन आदि का दर अनुमोदन हेतु।
1	बेवसाइट (www.jharkhandtenders.gov.in) पर ई0–निविदा प्रकाशित होने की तिथि	दिनांक 23.06.2025
2	ई0–निविदा बेवसाईट पर निविदा Online Submission प्रारम्भ की तिथि	23.06.2025 TIME- 5 P.M.
3	ई0–निविदा अपलोड़ करनें की अंतिम तिथि एवं समय	15.07.2025, TIME- 6 P.M.
4	ई0–निविदा खोलने का तिथि, समय एवं स्थल	16.07.2025 को प्राचार्य कार्यालय प्रकोष्ठ, 2.30 P.M
5	ई0–निविदा आमंत्रित करने वाले का नाम एवं पता	प्राचार्य, मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज, पलामू, पोखराहा,पलामू (झारखण्ड) 822118
6	अग्रधन की राशि Online (www.jharkhandtenders.gov.in) के माध्यम से देय होगा।	30000.00(तीस हजार)
7	हेल्पलाइन (ई0–निविदा से संबंधित जानकारी के लिये) मोबाईल नं0	8789186865

उक्त अंकित निहित समय तथा तिथि पर निविदा, क्रय समिति द्वारा तकनीकी भाग खोलते समय निविदाकर्त्ता अथवा उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधि उपस्थित रह सकते हैं। निविदाओं के तकनीकी मूल्यांकन के पश्चात् ही सफल निविदादाताओं का मूल्य भाग खोला जाएगा।

नोट:–क्रय किये जाने वाले विविध सामग्रियों/उपकरणों/रसायन आदि ई0–निविदा की शर्ते आदि की जानकारी jharkhnadtenders.gov.in पर देखी/से अपलोड़ किया जा सकता है।

प्राचार्य
मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज,पलामू।

PR 355601 District(25-26)D

सुप्रभात

विचार प्रवाह

जिस प्रकार तेज़ हवा के कारण सागर मे बड़ी-बड़ी लहरें उठती हैं, और फिर सागर में ही समा जाती हैं, उनका अलग अस्तित्व नहीं होता। इसी प्रकार परमात्मा के बिना मानव का भी कोई अस्तित्व नहीं है। - **संत रविदास**

संपादकीय

बढ़ते हाइवे बढ़ती दुर्घटनाएं

अपने कभी दुर्घटना न देखी हो तो आप किस्मत वाले हैं। भारत में दुनिया के सिर्फ एक प्रतिशत वाहन हैं, लेकिन सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली मौतें 11 प्रतिशत हैं। पिछले चार वर्षों में भारत की सड़कों पर इतने लोग काल के गाल में समा गए, जितनी फिनलैंड की कुल आबादी है। रोड एक्सीडेंट इन इंडिया रिपोर्ट बताती है कि 2018 से 2022 के बीच पांच वर्षों में 7.77 लाख मौतें हुईं। इनमें सबसे ज्यादा 1.08 लाख उत्तर प्रदेश, 84 हजार तमिलनाडु और 66 हजार के साथ महाराष्ट्र तीसरे स्थान पर रहा। केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने संसद में बताया कि वर्ष 2024 में लगभग पांच लाख दुर्घटनाएं हुईं, जिनमें 1.80 लाख लोगों की मौतें हुईं। इससे भी ज्यादा विचलित करने वाली बात यह है कि हर दिन औसतन 42 बच्चे और 31 किशोर सड़कों पर जान गंवा बैठते हैं। सड़क पर एक भी बच्चे की मौत एक पूरे परिवार को जीवन भर के लिए अवसाद में डाल देती है। जैसा भारत के पूर्व कप्तान मोहम्मद अजहरुद्दीन के साथ हुआ। हैदराबाद में तेज रफ्तार से सुपरबाइक चलाते हुए उनके बेटे और भतीजे की दुर्घटना में मौत हो गई। एक और ऐसी सड़क दुर्घटना हुई, जिसके बारे में विशेषज्ञ भी बातें करते हुए चिंतित हो जाते हैं। उस दुर्घटना में टाटा संस के पूर्व चेयरमैन और टाटा मोटर्स के शीर्ष अधिकारी सायरस मिस्त्री की सड़क पर ही मौत हो गई। वह एक लग्जरी कार की पिछली सीट पर बैठे हुए थे, लेकिन उन्होंने सीट बेल्ट नहीं बांधा था, जिससे वह कार की विंडो से बाहर गिर गए। यह दुर्घटना एक उदाहरण है कि कैसे भारत में पढ़े-लिखे जानकार लोग भी लापरवाही करते हैं। यहां जागरूकता का सवाल नहीं है। यहां तो सिर्फ और सिर्फ लापरवाही का मामला है। डब्ल्यूएचओ और यूनिसेफ का मानना है कि भारत में इतनी ज्यादा मौतों पर सभी को जगना होगा, कानूनों का सख्ती से पालन करना होगा, सड़कों को सुरक्षित बनाना होगा व सरकार को ठोस कदम उठाने होंगे। देश में हर दिन 34 किलोमीटर हाईवे बन रहे हैं, पर सड़क दुर्घटनाओं से बचने के बारे में वहां पर कोई ठोस समाधान नहीं है। डिजाइन संबंधी बदलाव तो हुए हैं और कुछ काम भी हुए हैं, लेकिन अभी काफी कुछ करना होगा। आंकड़े भयावह हैं। तेज गति में गाड़ी चलाने से 75.2 प्रतिशत, गलत दिशा में गाड़ी चलाने से 5.8 प्रतिशत और शराब या नशे के प्रभाव में ड्राइविंग करने से 2.5 प्रतिशत मौतें होती हैं। हादसों में 86 प्रतिशत पुरुष और 14 प्रतिशत महिलाओं की मौत रिकॉर्ड की गई है। 67.2 प्रतिशत मौतें ग्रामीण इलाकों में और 32.2 प्रतिशत शहरी इलाकों में होती हैं। हादसों के लिए नेशनल हाईवे सबसे अधिक जिम्मेदार हैं। वर्ष 2022 में हर सौ किलोमीटर पर 45 मौतें दर्ज की गईं। निमहांस/रासी के अनुसार, 24 प्रतिशत ग्रामीण क्षेत्रों में हुए हादसों में जान जाती है, जिनमें से 50 प्रतिशत घटनास्थल पर ही दम तोड़ देते हैं। अधिकतर मामलों में सिर या शरीर के निचले हिस्से में चोट लगती है। 82 प्रतिशत घातक सड़क दुर्घटनाएं बच्चों के साथ हुईं। स्पीड थ्रिल्स बट किल्स की थ्योरी के अनुरूप, भारत में बाइक दुर्घटनाओं की तादाद हर दिन बढ़ती जा रही है। उत्साही नौजवान न केवल लापरवाही से दोपहिया चलाते हैं, बल्कि हेलमेट भी नहीं पहनते। इसका नतीजा है कि हर साल ऐसे 10,000 चालकों की मौत हो जाती है।

वर्ष 2024 में लगभग पांच लाख दुर्घटनाएं हुईं, जिनमें 1.80 लाख लोगों की मौतें हुईं। इससे भी ज्यादा विचलित करने वाली बात यह है कि हर दिन औसतन 42 बच्चे और 31 किशोर सड़कों पर जान गंवा बैठते हैं।

नारी शक्ति की डिजिटल उड़ान : तरक्की की नई परिभाषा

वर्ष 2014 में जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में एक निर्णायक बदलाव की शुरुआत हुई, तभी से भारत ने डिजिटल प्रगति की एक नई दिशा पकड़ी। इन 11 वर्षों में 'डिजिटल इंडिया मिशन' जैसे जन-केंद्रित अभियानों ने करोड़ों नागरिकों के जीवन को प्रभावित किया है-विशेषकर महिलाओं के लिए यह परिवर्तन आत्मनिर्भरता, सशक्तिकरण और सम्मान की ओर एक ऐतिहासिक कदम साबित हुआ है। आज की 21वीं सदी में तकनीक सिर्फ शासन और अर्थव्यवस्था को ही नहीं, बल्कि सामाजिक संरचना को भी बदल रही है। और इस बदलाव की सबसे सशक्त मिसाल हैं वे महिलाएं, जो डिजिटल युग में नए अवसरों के साथ नई उड़ान भर रही हैं। पहले डिजिटल साक्षरता बड़े शहरों तक ही सीमित थी, लेकिन वहां भी इसकी पहुंच कम थी, और ग्रामीण महिलाओं के लिए तो तकनीक जैसे कहीं थी ही नहीं। लेकिन 'डिजिटल इंडिया' मिशन के तहत शुरू किए गए योजनाबद्ध प्रयासों ने इस तस्वीर को पूरी तरह बदल दिया है। विशेष रूप से 2017 में प्रधानमंत्री ग्रामीण डिजिटल साक्षरता अभियान (पीएमजीदिशा) ने करोड़ों ग्रामीण महिलाओं को डिजिटल रूप से सशक्त किया है। अब वे स्मार्टफोन, इंटरनेट और डिजिटल टूल्स के माध्यम से सरकारी योजनाओं, बैंकिंग सेवाओं, टेलीमेडिसिन और अन्य सुविधाओं का सीधे लाभ उठा रही हैं। इस अभियान के तहत 6 करोड़ से अधिक लोगों को प्रशिक्षित किया गया है, जिनमें 53% से ज़्यादा महिलाएं हैं। साथ ही, स्वयं सहायता समूहों को ऑनलाइन लेनदेन, उद्यमिता और वित्तीय साक्षरता बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है, जिससे ग्रामीण महिलाएं शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार के नए अवसरों से जुड़ पा रही हैं। 2014 में शुरू हुई प्रधानमंत्री जन धन योजना, जो जेएएम ट्रिनिटी (जनधन, आधार, मोबाइल) के साथ मिलकर विश्व का सबसे बड़ा वित्तीय समावेशन कार्यक्रम बन चुकी है, भारत में आर्थिक सशक्तिकरण की नई इबारत लिखी है। पहले जहाँ करोड़ों महिलाओं के पास बैंक खाते तक नहीं थे और सरकारी लाभ बिचौलियों के हाथों में चले जाते थे, वहीं अब जनधन, आधार और मोबाइल की ट्रिनिटी ने वित्तीय समावेशन को एक नई दिशा दी है। इस डिजिटल क्रांति के कारण महिलाएं सीधे डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर (डीबीटी) के ज़रिए अपने बैंक खातों में योजनाओं का लाभ पा रही हैं। इससे पारदर्शिता के साथ-साथ महिलाओं की आर्थिक भागीदारी और पारिवारिक फैसलों में उनकी भूमिका भी मजबूत हुई है।

आज की **बात**

सावित्री ठाकुर
महिला एवं बाल विकास राज्यमंत्री भारत सरकार

डिजिटल कौशल और भविष्य की तैयारी

तकनीक आधारित प्लेटफॉर्म्स ने शिक्षा और रोजगार के क्षेत्र में महत्वपूर्ण बदलाव लाए हैं। स्किल इंडिया मिशन और ई-स्किल इंडिया जैसे कार्यक्रमों से लाखों लड़कियों और महिलाओं को उनके मोबाइल पर अब प्रशिक्षण मिल रहा है। इससे वे बेहतर कौशल सीखकर आत्मनिर्भर बन रही हैं और नए रोजगार के अवसर प्राप्त कर पा रही हैं। यह बदलाव पहले के सीमित संसाधनों और पहुंच से कहीं अधिक व्यापक और सशक्त है। एसडब्ल्यूएवाईएएम और डीआईकेएसएचए जैसे पोर्टल्स ने महिलाओं को शिक्षा से जोड़ने का महत्वपूर्ण कार्य किया है, विशेषकर कोरोना महामारी के दौरान जब समस्त दुनिया ठहर सी गई थी। अब महिला एवं बाल विकास मंत्रालय और कौशल विकास मंत्रालय की संयुक्त पहल के अंतर्गत 19 राज्यों के 27 जिलों में किशोरियों को डिजिटल साक्षरता के साथ-साथ रोजगारोन्मुख प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है, ताकि वे आत्मनिर्भर भविष्य की दिशा में अग्रसर हो सकें।

डिजिटल युग में महिला उद्यमिता को नया संबल

एक समय था जब महिलाओं के छोटे व्यवसाय घर की चारदीवारी तक ही सीमित रहते थे और बाज़ार तक पहुंच बनाना एक बड़ी चुनौती थी। लेकिन बीते वर्षों में महिला-नेतृत्व वाले स्टार्टअप्स और लघु उद्योगों की संख्या में जबरदस्त वृद्धि हुई है। महिला ई-हाट और जीईएम(गवर्नमेंट ई-मार्केटप्लेस) जैसे मंचों के माध्यम से अब महिलाएं न केवल अपने उत्पाद ऑनलाइन बेच रही हैं, बल्कि राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय बाज़ारों में भी अपनी पहचान बना रही हैं। सोशल मीडिया, डिजिटल मार्केटिंग और ऑनलाइन पेमेंट सिस्टम ने उन्हें एक उद्यमी के रूप में आगे बढ़ने और अपना ब्रांड खड़ा करने का आत्मविश्वास दिया है।

स्वास्थ्य, पोषण और सुरक्षा में तकनीक की भूमिका

पोषण ट्रैकर, आरसीएच पोर्टल और ईसंजीवनी जैसे डिजिटल टूल्स ने माताओं एवं एवं बच्चों से जुड़ी स्वास्थ्य सेवाओं की निगरानी को बेहद आसान और प्रभावशाली बना दिया है। अब आंगनवाड़ी कार्यकर्ता और आशा बहनें मोबाइल ऐप्स की मदद से लाभार्थियों की निगरानी, रिपोर्टिंग और सेवा वितरण का कार्य आसानी से कर पा रही हैं। महिलाओं की सुरक्षा लंबे समय तक एक ऐसा क्षेत्र रहा, जहाँ तकनीक और त्वरित सहायता तंत्र की गंभीर कमी महसूस होती थी। इस कमी को दूर करने के लिए मोदी सरकार ने ईआरएसएस-112, पैनिक बटन और महिला सुरक्षा ऐप्स जैसे प्रभावशाली उपाय लागू किए, जिनसे अब महिलाएं सार्वजनिक स्थलों पर खुद को पहले से कहीं ज़्यादा सुरक्षित महसूस कर रही हैं। एसटीईएम (विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग, और गणित) में महिलाओं की भागीदारी एसटीईएम जैसे क्षेत्रों में लड़कियों की भागीदारी कभी सीमित मानी जाती थी, लेकिन अब हालात तेज़ी से बदल रहे हैं। विज्ञान ज्योति और डब्ल्यूआईएसई-केआईआरएएन योजना जैसी पहलें छात्राओं को एसटीईएम क्षेत्रों में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित कर रही हैं। भारतीय महिलाएं अब अंतरिक्ष अनुसंधान, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और बायोटेक्नोलॉजी जैसे क्षेत्रों में अग्रणी भूमिका निभा रही हैं।

विकसित भारत की ओर बढ़ते कदम

पिछले 11 वर्षों में प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में डिजिटल तकनीक महिलाओं के जीवन में अभूतपूर्व क्रांति लाई है। 2014 से अब तक समावेशी नीतियों, योजनाबद्ध प्रशिक्षण और तकनीक की पहुँच के ज़रिए लाखों महिलाओं को आत्मनिर्भरता की राह पर अग्रसर किया गया है। अमृत काल की ओर बढ़ते भारत में यह परिवर्तन महिलाओं को केवल भागीदार ही नहीं, बल्कि विकास यात्रा की अगुवा बना रहा है। एक डिजिटल रूप से सशक्त महिला आज केवल लाभार्थी नहीं, बल्कि विकसित भारत की निर्माता है।

विश्व योग दिवस

दिल्ली एयरपोर्ट पर आकर्षित करती योग मुद्रा

दिल्ली एयरपोर्ट में योग को दर्शाती एक सुंदर और आकर्षक प्रतिमा स्थापित की गई है। इसमें सूर्य नमस्कार की 12 मुद्राओं को दिखाया गया है। यह भारतीय योग और संस्कृति के महत्व का परिचायक है। दिल्ली एयरपोर्ट के टर्मिनल तीन के आगमन क्षेत्र में स्थित योगासन का यह दृश्य देखने में आकर्षण है। यहां यात्रियों को एयरपोर्ट पर उतरने के साथ ही शांत और सकारात्मक वातावरण का अनुभव होता है। स्वस्थ जीवन शैली में योग का बहुत महत्व है। इस मूर्ति के निर्माण में तांबे और पीतल का प्रयोग किया गया है। सूर्य नमस्कार योग का एक प्रमुख अंग है। इसके द्वारा संपूर्ण शरीर का योगा होता है। सूर्य नमस्कार को सर्वांगीण आसन बताया जाता है। इस मूर्ति में बारह आसन दिखाए गए हैं। एयरपोर्ट पर आने वाले बड़ी संख्या में लोग इस मूर्ति के सामने सेल्फी लेते हैं। कुछ लोग इन्हें देखकर योग मुद्रा भी बनाने लग जाते हैं।

नरेश बंका

व्यंग्य की बात

मोराबादी की चौपाल से – बरसात का एक दिन

संतोष अग्रवाल

2 दिन की बारिश ने रांचीवालों पूरी तरह से खुश कर दिया! स्कूलों की छुट्टी बच्चे खुश, घरों में बन रहा है लिट्टी चोखा प्याज की पकौड़ी पानी ने रांची के हर सड़क घर, अस्पताल हो या विद्यालय सबको लबालब कर दिया, इसमें तो लोगों को खुश होना चाहिए कि कुछ दिन पहले तक शहर के मोहल्ले मोहल्ले में पानी के लिए कोहराम था। यूं ही नहीं रूका पानी सब जगह, रोकने के लिए पिछले कई साल से सभी सरकारों प्रशासन के प्रयास चल रहे थे! इसके लिए नालियों का डिजाइन दूसरे शहरों से अध्ययन कर लाया गया था ,ठेकेदारों का चयन ऐसा हुआ था कि उनको ज्यादा खर्च नहीं करना पड़े, वह भी नालियों पर जिसमें कचड़ा पड़ा रहता है, जिस कचरे को विभाग नहीं निकल पाया उसको पानी ने सड़क पर ला दिया, पूरेशहर में लोग अपने वीडियो फोटो भेज रहे थे जैसे कि कोई कंपटीशन चल रहा है कि किसके रोड पर कितना पानी जमा है,घर दुकान में पानी घुसा है! जब घर दुकान में पानी घुस सकता है तो इतने बड़े-बड़े अस्पताल विद्यालय कैसे बचे रहेंगे, कुछ पुलों के गिरने की खबर भी है! कोई आश्चर्य कि बात क्यों जो कि समाचार पत्रों ने इन्हीं खबरों से भर दिया!

योग दिवस विशेष

योग सूत्रों की कसौटी पर खरी उतरती मोदी सरकार

आपकी **बात**

शिवपूजन पाठक
झारखंड भाजपा के प्रदेश मीडिया प्रभारी

11 सितंबर 1893 का वह ऐतिहासिक और स्वर्णाक्षरों में अंकित दिन जब अमेरिका के शिकागो शहर में आयोजित विश्व धर्म संसद में भारत के एक युवा संन्यासी स्वामी विवेकानंद जिनका पूर्व नाम नरेंद्र था ने भारत की सांस्कृतिक सनातन परम्परा को विश्व क्षितिज पर महिमा मंडित किया। और संयोग देखिए उसके 121 वर्ष बाद भारत माता का दूसरा सपूत जिसे दुनियां नरेंद्र मोदी के रूप में जानती है बतौर प्रधानमंत्री भारत का संयुक्त राष्ट्र महासभा में प्रतिनिधित्व करते हुए पुनः भारत का सांस्कृतिक ध्वज ऊंचा किया। 26 मई 2014 को पहली बार भारत के प्रधान सेवक के रूप में शपथ लेने के 5 महीने बाद ही 27 सितंबर 2014 को संयुक्त राष्ट्र महासभा में विश्व समुदाय को भारत की अनूठी सांस्कृतिक विरासत परंपरा योग से दुनियां को परिचित कराया। और यह सनातन की ताकत ही है कि जैसे विवेकानंद के एक वाक्य ने दुनियां को सम्मोहित कर दिया था उसी प्रकार नरेंद्र मोदी के एक आह्वान ने विश्व को आकर्षित कर लिया। संयुक्त राष्ट्र महासभा के इतिहास में पहली बार सर्वाधिक 177 देशों के समर्थन से 21 जून अंतरराष्ट्रीय योग दिवस घोषित हुआ। आज दुनिया के 190 से अधिक देशों में योग दिवस मनाया जाता है। भारत के ऋषि मुनियों की अमूल्य साधना से दुनियां लाभान्वित हो रही है। आज योग दिवस के 10 वर्ष पूरे हुए। दुनिया आज 11 वाँ विश्व योग दिवस मना रही। योग सनातन संस्कृति की आत्मा है।योग विज्ञान है,साधना है, समन्वय है, आत्मा का परमात्मा से संवाद है। यह केवल शरीर विज्ञान नहीं बल्कि मन,बुद्धि , आत्मा को संतुलित करने की कला है। भारतीय सनातन परम्परा के महान चिंतक और उपासक पंडित दीनदयाल उपाध्याय ने अपने एकात्म मानव दर्शन में जड़ चेतन सब में एक ही परमात्मा के स्वरूप का दर्शन करते हुए उनकी सेवा उनके सदुपयोग का विचार दिया है। मनुष्य की तरह ही एक राष्ट्र की अपनी चित्ति होती है। आत्मा होती है। शरीर ,मन और बुद्धि होती है। व्यक्ति या राष्ट्र केवल शारीरिक सुखों से खुश नहीं हो सकता बल्कि उसके जीवन को आनंद की पूर्णता आत्मा के अनुकूल व्यवहार करके ही किया जा सकता है। और इसमें योग के सूत्र सहायक सिद्ध होते हैं। आज प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भारत का शरीर, मन और आत्मा तीनों का पोषण हो रहा। पिछले 11 वर्षों से देश की बुनियादी सुविधाओं सड़क,बिजली,पानी, हाइवे, एयरपोर्ट,एम्स आई आईटी ,आई आईएम फ्लाई ओवर, बड़े बड़े ब्रिज का निर्माण यही तो भारत का शारीरिक सुदृढ़ीकरण है।आज ग्रामीण और शहरी भारत एकसाथ मजबूत हो रहे। साथ ही साथ गरीब कल्याण अन्न योजना,किसान सम्मान निधि, उज्जवला गैस योजना, उजाला विद्युत योजना, जनधन खाता, प्रधानमंत्री आवास, आयुष्मान भारत योजना सॉइल हेल्थ कार्ड जैसी योजनाएं इसकी शोभा बढ़ा रहे। धारा 370 की समाप्ति तीन तलाक पर सख्त कानून,महिलाओं केलिए 33% आरक्षण, पद्म पुरस्कारों में उचित हकदारों का सम्मान, पिछड़ा वर्ग आयोग को संवैधानिक दर्जा, बाबा साहब अम्बेडकर से जुड़े स्थलों का विकास,भगवान बिरसा मुंडा जयंती पर जनजाति गौरव घोषित, गुलामी के प्रतीक चिन्हों को हटाकर भारत के महापुरुषों के नाम पर स्थलों का नामकरण ,सरदार बल्लभभाई पटेल की स्टैचू ऑफ यूनिटी,भारत के सर्वोच्च संवैधानिक पद राष्ट्रपति केलिए एक आदिवासी महिला का चयन, सर्जिकल स्ट्राइक, एयर स्ट्राइक,ऑपरेशन सिंदूर ये सभी ऐसे कार्य हैं जो भारत के मन को तृप्ति प्रदान करते हैं। मोदी सरकार केवल शरीर मन और मन तक ही नहीं रुकी बल्कि भारत की आत्मा के पोषण की दिशा में कार्य किए हैं। 500 साल की प्रतीक्षा के बाद अयोध्या में भव्य श्री राम मंदिर का निर्माण, तिरपाल से हराकर भव्य सिंहासन पर राम लला की स्थापना के साथ काशी विश्वनाथ कोरिडोर,महाकाल मंदिर कोरिडोर का निर्माण, इसके उदाहरण हैं। यह ध्यान देने वाली बात है कि एक साथ इतने कार्यों को कोई योग साधक ही साकार कर सकता है। प्रधानमंत्री इसमें सिद्धहस्त हैं। उन्होंने योगसूत्रों को अक्षरशः जीवन में उतारा है। यदि आज पीएम का शासन सुशासन है तो योग के संबंध में गीता में श्री कृष्ण की यह उक्ति .. योग कर्मसू कौशलम अर्थात कार्यों की कुशलता ही योग है, चरितार्थ होता है। प्रधानमंत्री का सबका साथ, सबका विकास समत्वं योग उच्चयते को परिभाषित करता है। राग द्वेष से परे सभी परिस्थितियों में देश के सभी नागरिकों की चिंता और यदि ये सभी कार्य बिना अहंकार के नर सेवा नारायण सेवा और राष्ट्र सेवा के भाव से किया जाता है तो यही योगः चित्त वृत्ति निरोध है। **(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

फेसबुक वॉल से

एक्स से

आज का दोहा

मोबाइल भी हो गया है इतना कुछ खास।
तनहाई आने लगी है अब सबको रास।।

सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)

रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत या इस पेज के लिए आर्टिकल कृप्या भेजें artical.rnmail@gmail.com
कॉल/व्हाट्सएप 8292553444

संपादक

यौगिक अभ्यास मानव चेतना को स्थूल से कारण तक ले जाता है

देश की **बात**

डॉ. परिणीता सिंह
योग विशेषज्ञ

हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 21 जून को एक पर्व की तरह पूरे विश्व में मनाया जाएगा। इस वर्ष का विषय है योगा फॉर वन अर्थ वन हेल्थ। आज पूरा विश्व किसी न किसी आंतरिक एवं बाहरी समस्याओं से जूझ रहा है चाहे आपसी या पड़ोसी देश से युद्ध का मुद्दा हो, मूल निवासी और प्रवासी के बीच की समस्याएं हो,जाति, धर्म, पर्यावरण इत्यादि कई कारण है जो मानव एवं जगत के बीच समस्याएं उत्पन्न कर दी है। ऐसे में पृथ्वी को बचाना एवं अपने आप को शारीरिक, मानसिक, भावनात्मक, आध्यात्मिक रूप से स्वस्थ रखना अति आवश्यक है। हर वर्ष योग दिवस न सिर्फ व्यक्तिगत लाभ के लिए मनाया जाता है बल्कि योग का जो सही अर्थ होता है पूरे सृष्टि के बीच एक तादात्म्यता उत्पन्न करना है। इस दिशा में हम सभी कदम बढ़ते जा रहे हैं।

अयं बन्धुरयंनेति गणना लघुचेतसाम् ।
उदारचरितानां तु वसुधैव कुटुम्बकम्।।

अर्थात- यह व्यक्ति मेरा है, यह व्यक्ति मेरा नही है का भेद संकीर्ण सोच वाले ही करते हैं। उत्तम चरित्र वालों के लिए पूरा विश्व ही परिवार है। ऐसा सोच, उदार हृदय की प्राप्ति योग के द्वारा ही संभव है। ईशावास्योपनिषद् मे ईश्वर की सर्वव्यापकता को बताते हुए कहा गया है कि मनुष्य को लोभ, लालच नहीं करना चाहिए। प्रकृति में उपलब्ध वस्तुओं का उपयोग उतना ही करो जितना जीवन जीने के लिए आवश्यक हो, भोग के लिए नहीं ।

ॐ ईशावास्यमिदँ सर्वं यत्किञ्च जगत्यां जगत्।
तेन त्यक्तेन भुञ्जीथाः मा गृधः कस्यस्विद्धनम्॥

अर्थात इस सृष्टि में जो कुछ भी है सब ईश द्वारा दिया गया है ,और उसके अधिकार में है। केवल उनके द्वारा दिए गए का उपयोग करो, लालच मत करो, लोभ मत करो। जीवन ईश्वर का उपहार है यानी जीवन और जगत (पृथ्वी) को ईश्वर का आवास समझकर उनके द्वारा दिए गए संपदाओं का समझदारी पूर्वक उपयोग करो। कामनाओं की पूर्ति के लिए जगत के चीजों का अत्यधिक उपयोग करना न सिर्फ अपना विनाश का कारण होता है बल्कि पृथ्वी का भी संतुलन बिगड़ता है, जिस कारण कई प्रकार के शारीरिक मानसिक और आध्यात्मिक समस्याऐ उत्पन्न होने लगते हैं। पृथ्वी जो पांच तत्वों से बना है- भूमि, जल, अग्नि, वायु और आकाश। इसे पंचमहाभूत भी कहते हैं जो सृष्टि के निर्माण की मूल आधारशिला है। इनके बीच तालमेल, समरसता रखना अति आवश्यक है। आज इस आधुनिक समय में जो भी वातावरण, स्वास्थ्य संबंधित समस्याऐ उत्पन्न हो रहे हैं इसका कारण पृथ्वी द्वारा दिए गए संसाधनों का गलत उपयोग ही है। मानव शरीर भी इन्हीं पंचमहाभूतो का बना होता है। पृथ्वी के वातावरण का असंतुलन मानव शरीर को भी प्रभावित करता है। स्थूल शरीर जिनका निर्माण अस्थि एवं मांसपेशियों द्वारा बना होता है, जिसके पोषण के लिए भूमि द्वारा उपजाए हुए अन्न का उपयोग हम सभी करते हैं। आजकल विभिन्न प्रकार के कीटनाशक दवाइयों से फसल तो प्रभावित होता ही है साथ ही भूमि की उर्वरा शक्ति क्षीण होती है, जिसका प्रभाव मानव शरीर पर पड़ता है। हमारे शरीर में लगभग 70 से 80% जल होता है, जिसे रखरखाव के लिए प्राकृतिक जल पर निर्भरता रहती है चाहे वह पेयजल के रूप में हो या फल सब्जियों के द्वारा। प्रकृति द्वारा प्रदत इस जल को शुद्ध एवं पवित्र रखना चाहिए। जल प्रदूषण बहुत बड़ा कारण है परिस्थितिकी तंत्र में असंतुलन उत्पन्न करने में। अग्नि तत्व मानव शरीर में पाचन एवं ऊर्जा के लिए जिम्मेदार है। वायु तत्व जिसे जीवनीशक्ति के रूप में शरीर के अंदर श्वास के रूप द्वारा हम ग्रहण करते हैं। अतः स्वच्छ वायु अति आवश्यक है सभी के लिए। आकाश तत्व जो अनंनता एवं सूक्ष्मता से संबंधित है, यह सबसे पहला महाभूत है जिससे सभी तत्व उत्पन्न हुए हैं। यौगिक अभ्यास स्थूल से कारण तक मानव चेतना को ले जाता है जहाँ ब्रह्मांडीय चेतना से एकाकार होता है। इस एकाकार को आत्मा से परमात्मा से मिलन भी कहते हैं। इस ऊंचाई तक जाने के लिए संपूर्ण शरीर एवं जगत को जानना एवं समझना पड़ेगा। मनुष्य के अंदर असीम आध्यात्मिक शक्तियां निहित है, जिसे जागृत करने में प्रकृति की आवश्यकता पड़ती है। अपने स्व मे स्थापित रहने के लिए पृथ्वी का संरक्षण आवश्यक है। तभी हम शारीरिक, मानसिक, आध्यात्मिक रूप से पूर्ण हो सकते हैं।

parinitasingh70@gmail.com

भारत का सदा प्रमुख योग विशेष

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI.61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 ।प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', स्थानीय संपादक : राणा अरुण सिंह*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-834001, फोन नं.- 0651-3553943, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

अहमदाबाद में 27 को निकलेगी जगन्नाथ की 148वीं रथ यात्रा

एजेंसी। अहमदाबाद

अहमदाबाद के जमालपुर स्थित जगन्नाथ मंदिर से 27 जून को भगवान जगन्नाथ की 148वीं पारंपरिक रथ यात्रा शुरू होगी। 14 किलोमीटर लंबे इस रथ यात्रा मार्ग का निरीक्षण अहमदाबाद की मेयर प्रतिभा बेन जैन, नगर निगम के अधिकारियों, विभिन्न समितियों के अध्यक्षों, मध्य क्षेत्र के उप नगर आयुक्त और ट्रस्टियों ने संयुक्त रूप से किया। इस दौरान मार्ग की तैयारियों और व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। मेयर प्रतिभा बेन जैन ने बताया कि रथ यात्रा के लिए मार्ग को पूरी तरह तैयार किया जा रहा है। रथ यात्रा के मार्ग को सुगम बनाने के लिए अहमदाबाद नगर निगम ने व्यापक इंतजाम किए हैं। सड़कों की मरम्मत, बड़े पेड़ों की छटाई, जलापूर्ति, हैलोजन लाइट्स, स्वास्थ्य सेवाएं और अग्निशमन व्यवस्था जैसे कार्य तेजी से किए जा रहे हैं। लगभग 500 जर्जर मकानों में से 200 को हटा दिया गया है, ताकि यात्रा के दौरान किसी को असुविधा न हो। जहां भी कमियां दिखीं, उन्हें तुरंत सुधारने के निर्देश दिए गए हैं। सभी नगरवासियों से रथ यात्रा में शामिल होकर भगवान जगन्नाथ, उनकी बहन सुभद्रा और भाई बलराम के दर्शन कर आशीर्वाद लेने की मैं अपील करती हूं।

रथ यात्रा : भक्ति, एकता और परंपरा का पर्व फिर लौटेगा 27 जून को

जगन्नाथ मंदिर के ट्रस्टी मोहन झा ने कहा कि भगवान जगन्नाथ की 148वीं रथ यात्रा 27 जून को अहमदाबाद शहर के इसी प्रांगण से शुरू होगी। यह रथ यात्रा मनोरंजन का साधन नहीं, बल्कि भक्ति का एक अनुपम रूप है। जब भगवान अपने भक्तों का हालचाल जानने मंदिर से बाहर निकलते हैं, तो भक्तों के सारे दुख-दर्द दूर हो जाते हैं। रथ यात्रा शहर के विभिन्न क्षेत्रों से होकर गुजरेगी और हजारों भक्त इसमें शामिल होंगे। यह रथ यात्रा अहमदाबाद की सांस्कृतिक और धार्मिक पहचान का अभिन्न हिस्सा है। हर साल की तरह इस बार भी शहरवासी उत्साह के साथ इस पर्व की तैयारी में जुटे हैं। भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक है, बल्कि सामाजिक एकता और भाईचारे का भी संदेश देती है। नगर निगम और मंदिर ट्रस्ट ने मिलकर यह सुनिश्चित किया है कि यात्रा शांतिपूर्ण और व्यवस्थित रूप से संपन्न हो।

'विमान क्रैश कर दूंगा' बेंगलुरु-सूरत एयर इंडिया एक्सप्रेस की फ्लाइट में हंगामा

एजेंसी। बेंगलुरु

मंगलवार को बेंगलुरु से सूरत जा रही एयर इंडिया एक्सप्रेस की फ्लाइट में हंगामा करने वाली 36 वर्षीय डॉक्टर को गिरफ्तार किया गया। उसने कथित तौर पर विमान को क्रैश करने की धमकी दी, जब केबिन क्रू ने क्रू केबिन के पास प्रतिबंधित क्षेत्र में अपना सामान रखने पर आपत्ति जताई। इस घटना के कारण उड़ान में दो घंटे की देरी हुई और सुरक्षा व्यवस्था को लेकर चिंता पैदा हो गई। आरोपी की पहचान येलहंका के पास शिवनहल्ली के रहने वाले व्यास हीरल मोहनभाई के रूप में हुई है। वह दो बैग के साथ अकेले AI फ्लाइट IX2749 में यात्रा कर रहा था।

केआईए में महिला यात्री का हंगामा, सीआईएसएफ ने विमान से उतारा

कैप्टन ने तुरंत सुरक्षा अधिकारियों को सूचित किया, जिसके बाद केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) के कर्मियों को विमान में बुलाया गया। वे विमान में सवार हुए और यात्री मोहनभाई को विमान से उतार दिया। केम्पेगौड़ा अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे (केआईए) में सुरक्षा की एसोसिएट मैनेजर अग्निमित्रा बहिनीपति द्वारा दर्ज की गई शिकायत के अनुसार, यह गड़बड़ी 17 जून को दोपहर 2:45 बजे से शाम 5:30 बजे तक चली।

ग्राहक सेवा प्रतिनिधि बनकर ठगी करने वाला साइबर ठग गिरफ्तार

एजेंसी। कोलकाता

दिल्ली पुलिस ने कोलकाता से ऐसे साइबर ठग को गिरफ्तार किया है जो खुद को ग्राहक सेवा कार्यकारी बताकर लोगों को फर्जी ऐप्स डाउनलोड करवा कर उनके मोबाइल फोन का रिमोट एक्सेस लेता था और फिर उनके खातों से पैसे उड़ा देता था। गिरफ्तार आरोपित की पहचान असद अली अब्बास (25 वर्षीय) के रूप में हुई है। कोलकाता पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी ने शुक्रवार को गिरफ्तारी की पुष्टि करते हुए बताया कि कोलकाता पुलिस की टीम ने दिल्ली पुलिस का सहयोग किया। उन्होंने बताया कि अब्बास उन लोगों को निशाना बनाता था जो इंटरनेट पर ग्राहक सेवा हेल्पलाइन नंबर खोजते थे। ऐसा ही एक मामला 17 अप्रैल को सामने आया, जब शिकायतकर्ता ने एक बैंक से नया क्रेडिट कार्ड मंगवाया था। कार्ड की डिलीवरी के समय वह घर पर मौजूद नहीं था, जिसके चलते कार्ड वापस चला गया। इसके बाद पीड़ित ने डिलीवरी सेवा का ग्राहक सेवा नंबर ऑनलाइन खोजा और एक नंबर पर कॉल किया। फोन उठाने वाले व्यक्ति ने खुद को ग्राहक सेवा अधिकारी बताया और कार्ड दोबारा भेजने के नाम पर केवल पांच रुपये का भुगतान करने को कहा। इसके लिए उसने पीड़ित को एक फाइल भेजी जो एक मैलवेयर ऐप थी। पुलिस के अनुसार, जैसे ही पीड़ित ने वह फाइल डाउनलोड की, वह भुगतान तो नहीं कर सका।

तकनीकी खामी उजागर करने पर क्रू मेंबर्स बर्खास्त, सीबीआई जांच की मांग

एजेंसी। नई दिल्ली

एयर इंडिया द्वारा कथित तौर पर बोइंग 787 ड्रीमलाइनर विमान में तकनीकी खराबी बताने के लिए दो केबिन क्रू मेंबर्स को निकालने को लेकर एविएशन इंडस्ट्री एम्प्लॉईज गिल्ड के महासचिव जॉर्ज अब्राहम ने शुक्रवार को सीबीआई जांच की मांग की। जॉर्ज अब्राहम ने समाचार एजेंसी को बताया कि दो केबिन क्रू मेंबर्स को निकालने को लेकर हमने सीबीआई जांच की मांग की है क्योंकि विमान में तकनीकी खराबी बताने पर बयान बदलने का दबाव डलाकर नौकरी से निकालना एक काफी गंभीर विषय है। इससे एविएशन सेक्टर की सुरक्षा को खतरा पैदा होता है। इस मामले की निष्पक्ष जांच के लिए हमने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भी पत्र लिखा है।पूरे मामले के बारे में आईएएनएस को बताते हुए अब्राहम ने कहा कि 14 मई, 2024 को मुंबई से लंदन की एयर इंडिया की उड़ान के लंदन पहुंचने के बाद विमान के दरवाजे में तकनीकी खराबी के कारण मैनुअल मोड में ही स्लाइड राफ्ट खुल गया था। उन्होंने आगे बताया कि स्लाइड राफ्ट केवल तब ही एक्टिवेट होते हैं विमान ऑटोमेटिक मोड में हो। पायलट और पूरे केबिन क्रू ने भी शुरुआती बयानों में विमान में तकनीकी खराबी को स्वीकारा था, लेकिन एयरलाइन के मैनेजमेंट के दबाव के कारण बयान को बाद में बदल दिया गया।

'पंजे' और 'लालटेन' के शिकंजे ने बिहार को पलायन का प्रतीक बना दिया था : पीएम

एजेंसी। सीवान

बिहार दौरे पर पहुंचे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राष्ट्रीय जनता दल (राजद) और कांग्रेस पर जमकर बरसे। इस दौरान पीएम मोदी ने शुक्रवार को सीवान में एक रैली को संबोधित करते हुए लालू यादव के राज की याद दिलाई और कहा कि जिस बिहार ने सदियों तक भारत की प्रगति को नेतृत्व दिया, उसको पंजे और लालटेन के शिकंजे ने पलायन का प्रतीक बना दिया था। पीएम मोदी ने महागठबंधन पर निशाना साधते हुए कहा, "मेरे इस विश्वास का कारण बिहार के आप सभी लोगों का सामर्थ्य है। आपने मिलकर बिहार से जंगलराज का सफाया किया है। यहां के हमारे नौजवानों ने तो 20 साल पहले के बिहार की बदहाली सिर्फ किस्सों और कथाओं में ही सुनी है। उन्हें अंदाजा ही नहीं है कि जंगलराज वालों ने बिहार की क्या हालत बना दी थी। जिस बिहार ने सदियों तक भारत की प्रगति को नेतृत्व दिया, उसको पंजे और लालटेन के शिकंजे ने पलायन का प्रतीक बना दिया था। बिहार में रहने वाले हर व्यक्ति के लिए सबसे बड़ी बात होती है उसका स्वाभिमान। उन्होंने कहा कि मेरे बिहारी भाई-बहन कठिन से कठिन परिस्थिति में काम करके दिखा देते हैं। वो कभी अपने स्वाभिमान से समझौता नहीं करते। लेकिन पंजे और लालटेन वालों ने मिलकर बिहार के स्वाभिमान को बहुत ठेस पहुंचाई है।

- पीएम ने राष्ट्रीय जनता दल (राजद) और कांग्रेस पर तीखा हमला बोला
- आज के युवा 20 साल पहले के बिहार की हालत को केवल किस्सों में ही सुनते हैं।

इन लोगों ने ऐसी लूट-खसोट मचाई कि गरीबी बिहार का दुर्भाग्य बन गई। अनेक चुनौतियों को पार करते हुए सीएम नीतीश के नेतृत्व में एनडीए सरकार बिहार को विकास की पटरी पर वापस लाई है, और मैं बिहारवासियों को विश्वास दिलाने आया हूं कि हमने भले बहुत कुछ किया हो, करते रहे हैं, करते रहेंगे, लेकिन इतने से शांत होकर रहने वाला मोदी नहीं है। मुझे तो अभी बिहार के लिए और भी बहुत कुछ करना है।"पीएम मोदी ने कहा कि सीवान की ये धरती हमारे स्वतंत्रता संग्राम की प्रेरक स्थली है। ये हमारे लोकतंत्र को, देश को, संविधान को ताकत देने वाली भूमि है। सीवान ने राजेंद्र बाबू जैसी महान संतान देश को दी।

हमारे लिए 'सबका साथ, सबका विकास', लेकिन विपक्ष कहता है 'परिवार का साथ, परिवार का विकास': पीएम

सीवान। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को बिहार के सीवान में जनसभा को संबोधित करते हुए विपक्ष पर जोरदार निशाना साधा। उन्होंने बिहार की एनडीए सरकार की जमकर तारीफ की। पीएम मोदी ने कहा कि हम कहते हैं- 'सबका साथ, सबका विकास', लेकिन ये लालटेन और पंजे वाले कहते हैं कि परिवार का साथ, परिवार का विकास। पीएम मोदी ने कहा कि इनकी राजनीति का कुल जमा निचोड़ यही है कि अपने हित और अपने परिवारों के विकास के लिए ये बिहार के करोड़ों परिवारों का अहित करने से भी नहीं चूकते हैं। सीवान के जसौली में आयोजित एक महती जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा, "आप सब जानते हैं कि मैं कल ही विदेश से लौटा हूं। वहां दुनिया के बड़े और समृद्ध देशों के नेतृत्व से बात हुई। विश्व के सारे नेता भारत की तेज प्रगति से काफी प्रभावित हैं। वे भारत को तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनते देख रहे हैं। इसमें बिहार की बड़ी भूमिका होने वाली है। बिहार समृद्ध होगा और देश की समृद्धि में बड़ी भूमिका निभाएगा।

पीएम ने बिहार को दी 28 परियोजनाओं की सौगात, खुले वाहन पर सवार होकर सीएम नीतीश के साथ मंच तक पहुंचे

सीवान। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शुक्रवार को बिहार के सीवान पहुंचे जहां उनका जोरदार स्वागत किया गया। इस दौरान पीएम मोदी ने सीवान जिले के जसौली में आयोजित एक कार्यक्रम में करीब 5,900 करोड़ रुपये की लागत से आवास, शहरी विकास, जल शक्ति, विद्युत और रेल से जुड़ी 28 परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन किया। पीएम मोदी यहां एक जनसभा को संबोधित कर रहे हैं, जिसमें बड़ी संख्या में सीवान, गोपालगंज और सारण सहित कई जिलों के लोग पहुंचे हैं। पीएम मोदी ने इस मौके पर करीब 400 करोड़ रुपये की लागत से वैशाली और देवरिया के बीच नई रेल लाइन परियोजना का उद्घाटन किया। साथ ही, इस रूट पर नई ट्रेन सेवा को भी हरी झंडी दिखाई।इसके अलावा प्रधानमंत्री मोदी ने पाटलिपुत्र से गोरखपुर के बीच वंदे भारत एक्सप्रेस को भी हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह वंदे भारत एक्सप्रेस मुजफ्फरपुर और बेतिया होते हुए चलेगी। प्रधानमंत्री मोदी मढ़ौरा रेल इंजन फैक्ट्री में बने पहले निर्यात योग्य लोकोमोटिव को भी हरी झंडी दिखाई, जो अब गिनी गणराज्य को भेजा जाएगा।

'किया कुछ नहीं अब सिर्फ अनाप-शनाप बोलते हैं': नीतीश कुमार

सीवान। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शुक्रवार को सीवान के जसौली में एक जनसभा को संबोधित करते हुए विपक्ष पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि जब मौका मिला तब किया कुछ नहीं और अब सिर्फ अनाप-शनाप बोलते हैं। उन्होंने इस दौरान एनडीए सरकार में विकास कार्यों की भी चर्चा की। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जमकर तारीफ की। उन्होंने कहा कि आज पीएम मोदी यहां कई योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास कर रहे हैं। बिहार लगातार विकास कर रहा है। दरअसल, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सिवान जिले के जसौली में एक जनसभा को संबोधित कर रहे थे। इससे पहले मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने पीएम मोदी के यहां पहुंचने पर प्रसन्नता जताई और कहा कि यह बहुत खुशी की बात है। 2005 में बिहार में एनडीए की सरकार बनी है और तब से पूरे बिहार के लिए हमने सारा काम किया है। जब हमें मौका दिया गया तो हमने काम किया, लेकिन उसके पहले वालों ने कोई काम नहीं किया। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने इशारों-इशारों में राजद पर निशाना साधते हुए कहा, "आजकल लोग अनाप-शनाप बोल रहे हैं। ये बिना मतलब की बात है। उन लोगों से पूछना चाहिए कि हमारी सरकार से पहले बिहार का क्या हाल था। कुछ काम नहीं किया गया था। उस समय लोग घर से बाहर नहीं निकल पाते थे। आज इतनी बड़ी संख्या में लोग पीएम को सुनने के लिए आए हैं।

सीपीआई-माओवादी से जुड़े 12 कैडरों ने पुलिस के सामने सरेंडर किया

भद्राद्री-कोठागुडेम। सीपीआई (माओवादी) से जुड़े छत्तीसगढ़ के 12 कैडरों ने पुलिस के सामने सरेंडर कर दिया है। सभी ने गुरुवार को तेलंगाना के भद्राद्री-कोठागुडेम जिले में पुलिस के सामने सरेंडर किया। आत्मसमर्पण करने वालों में 2 डिवीजनल कमिटी सदस्य (डीवीसीएम) और 4 एरिया कमिटी सदस्य (एसीएम) शामिल हैं। सभी कैडर लंबे समय से माओवादी गतिविधियों में संलिप्त थे। फिलहाल तेलंगाना राज्य में इस साल अब तक कुल 566 माओवादी कैडर आत्मसमर्पण कर चुके हैं। पूरे देश की बात करें तो साल 2025 में अब तक कुल 1260 माओवादी कैडर आत्मसमर्पण कर चुके हैं। साल 2024 में ये संख्या 881 थी। इससे पहले आंध्र प्रदेश के अल्लूरी सीताराम राजू जिले में मुठभेड़ के दौरान सीपीआई (माओवादी) के तीन बड़े नेता मारे गए थे। आंध्र प्रदेश और ओडिशा बॉर्डर के इलाके में विशिष्ट माओवादी विरोधी बल ग्रेहाउंड्स के जवानों ने तलाशी अभियान चलाया था। उन्हें इस दौरान कुछ माओवादी नजर आए, जिनसे सरेंडर करने के लिए कहा गया था। हालांकि माओवादियों ने गोलीबारी शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई के दौरान तीन माओवादी मारे गए। माओवादियों की पहचान आंध्र ओडिशा बॉर्डर (एओबी) स्पेशल जोन कमेटी के सचिव गजरला रवि उर्फ उदय, स्पेशल जोन कमेटी सदस्य अरुणा और स्पेशल जोन कमेटी एसीएम अंजू के रूप में हुई।

कांकेर में सुरक्षा बलों और माओवादियों के बीच मुठभेड़, एक महिला नक्सली ढेर

रायपुर। छत्तीसगढ़ के कांकेर में सुरक्षा बलों और माओवादी विद्रोहियों के बीच हुई मुठभेड़ में एक महिला माओवादी कार्यकर्ता मारी गई। खबरों के मुताबिक और भी लोगों के हताहत होने की संभावना है। छोटेबेठिया पुलिस थाने के अधिकार क्षेत्र में अमाटोला और कालपर गांवों के बीच घने जंगली पहाड़ियों में शुक्रवार की सुबह गोलीबारी शुरू हुई।पुलिस के अनुसार, ठोस खुफिया जानकारी के आधार पर जिला रिजर्व गार्ड द्वारा लक्षित अभियान शुरू किया गया था। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दिनेश सिन्हा ने आईएएनएस को बताया, "माओवादियों की मौजूदगी की सूचना मिलने पर डीआरजी (जिला रिजर्व गार्ड) और बीएसएफ (सीमा सुरक्षा बल) की संयुक्त पुलिस तलाशी अभियान के लिए रवाना हुई। तलाशी के दौरान संयुक्त पुलिस पार्टी और माओवादियों के बीच मुठभेड़ शुरू हो गई। मुठभेड़ में एक वर्दीधारी महिला माओवादी का शव और हथियार समेत अन्य सामान बरामद किया गया। तलाशी अभियान अभी भी जारी है और बीच-बीच में गोलीबारी हो रही है।"अधिकारी ने बताया कि सुरक्षा बलों द्वारा अपना अभियान पूरा करने तथा क्षेत्र से लौटने के बाद आगे की जानकारी दी जाएगी। ऑपरेशन का इलाका माड क्षेत्र है जिसे माओवादियों का गढ़ माना जाता है।

आज का राशिफल

मेष : मन प्रसन्न बना रहेगा। अचल संपत्ति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। परिवार के साथ मनोरांजनिक स्थल की यात्रा होगी। आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी। भविष्य की योजनाओं पर विचार-विमर्श होगा। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। सभी का सहयोग मिलेगा।

वृष : दिन-भर का माहौल आडंबरपूर्ण और व्ययकारी होगा। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी के कारण तनाव पैदा हो सकता है। संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। कुछ कार्यक्रम बदलने होंगे। आवेग में आकर किये गए कार्यों का मलाल, अवसाद रहेगा। उतावलेपन से बचें। प्रेमभाव बढ़ेगा।

मिथुन : घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। मनोरथ सिद्धि का योग है। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। सभा-सोसायटी में सम्मान मिलेगा। पद-प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे।

कर्क : सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। प्रेमभाव बढ़ेगा। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा।

सिंह : कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। स्वविवेक से कार्य करें। दुर्लभ स्वप्न साकार होंग।

कन्या : आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। स्त्री पक्ष का सहयोग मिलेगा।

तुला : व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट अपव्यय के कारण बनेंगे। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। आय-व्यय समान रहेगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। मेल-मिलाप से कोशिश सफल होगी।

वृश्चिक : कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें, क्योंकि आगे कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा।

धनु : यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। अपने काम को प्राथमिकता से करें ।

मकर : मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। मेहमानों का आगमन होगा। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। वाहन चालन में सावधानी बरतें। आय के अच्छे योग।

कुंभ : परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा।

मीन : अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। इच्छित कार्य सफल होंगे।

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस में कलाकारों ने बताया कि कैसे योग उन्हें फिट रखता है

एजेंसी। मुंबई

योग केवल एक अभ्यास नहीं है- यह एक ठहराव है, एक रीसेट है और स्वयं से जुड़ने का एक जेंटल रिमाइंडर भी है। योग दिवस के अवसर पर सोनी सब के लोकप्रिय चेहरे बता रही हैं कि कैसे छोटे-छोटे योग अभ्यासों ने उनकी दिनचर्या में बड़े बदलाव लाए हैं। 'तेनाली रामा' की प्रियमवदा कांत कहती हैं, "मैं अपने दिन की शुरुआत सूर्य नमस्कार से करती हूं। अपने आप के साथ बिताया गया यह शांत समय-भले ही कुछ ही मिनटों का हो-पूरा दिन कैसे जिएंगे, इसका तरीका ही बदल देता है। एक ऐसी दुनिया में जहां सब तेज़ी से भाग रहे हैं, यह कुछ माइंडफुल ब्रीदिंग मुझे ठहरने, अपने शरीर, अपने विचारों और कभी-कभी उस मौन को सुनने की याद दिलाती हैं। 'उफ्फ ये लव है मुश्किल' की आशी सिंह कहती हैं, "योग मेरी एक शांत नींव बन गया है। भले ही मैं केवल दस मिनट का प्राणायाम करूं या सेट पर जाने से पहले कुछ स्ट्रेचिंग, इसका असर मुझे तुरंत महसूस होता है। यह सरल है-लेकिन वाकई में बहुत मददगार भी है। 'वीर हनुमान' की सायली सालुंखे कहती हैं, "मेरे लिए योग केवल आसनों का अभ्यास नहीं है-यह खुद से एक आत्मीय संवाद है। योग ने मुझे संतुलन सिखाया है-सिर्फ चटाई पर ही नहीं, बल्कि हर भावना और हर चुनौती में भी। इस अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर मैं सभी से, खासकर युवा पीढ़ी से आग्रह करती हूं कि वे योग को सिर्फ एक ट्रेंड के रूप में नहीं, बल्कि जीवन भर के साथी के रूप में अपनाएं।

मनरेगा में 38 लाख रुपए से ज्यादा का घोटाला

विशनपुर। उत्तर प्रदेश के बलरामपुर जिले के एक गांव में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के तहत प्राप्त निधि में 38 लाख रुपये से अधिक के कथित घोटाला के संबंध में ग्राम प्रधान और अवर अभियंता समेत छह लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एक अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। पुलिस अधीक्षक विकास कुमार ने बताया कि करीब ढाई महीने पहले पचपेड़वा खंड विकास अधिकारी ने खंड के विशनपुर टनटनवा गांव में तालाब निर्माण कार्य में मजदूरों के फर्जी दस्तावेजों के आधार पर 38.49 लाख रुपये के गबन की शिकायत थाने में दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया कि पुलिस द्वारा इस मामले की जांच में आरोप सही पाए गए।

अमित शाह के बयान पर राहुल गांधी का पलटवार

हर बच्चे को चाहिए बोलना, अंग्रेजी रोजगार और आत्मविश्वास की भाषा

एजेंसी। नई दिल्ली

गृह मंत्री अमित शाह के अंग्रेजी को लेकर दिए बयान के बाद लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने शुक्रवार को कहा कि भाषा कोई बाधा नहीं बल्कि एक पुल है जो हर बच्चे को समान अवसर प्रदान करती है, हालांकि भाजपा-आरएसएस नहीं चाहता कि गरीब इसे सीखें क्योंकि यह उन्हें सवाल पूछने का अधिकार देता है। उन्होंने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि भारत की हर भाषा में आत्मा, संस्कृति, ज्ञान है, जिसे संजो कर रखना चाहिए। साथ ही उन्होंने कहा कि हर बच्चे को अंग्रेजी सिखाने की जरूरत है क्योंकि यह "एक ऐसे भारत का मार्ग है जो दुनिया के साथ प्रतिस्पर्धा करता है, जो हर बच्चे को समान अवसर देता है। एक किताब के विमोचन के दौरान शाह ने कहा था कि मैं जो कहता हूं उसे याद रखें और मेरी बात ध्यान से सुनें। वह समय दूर नहीं जब इस देश में अंग्रेजी बोलने वाले लोगों को शर्म महसूस होगी। हमारे देश की भाषाएं हमारी संस्कृति के रत्न हैं। उनके बिना हम भारतीय नहीं हैं...विदेशी भाषा के साथ भारत की कल्पना नहीं की जा सकती। किसी भी समाज में किसी भी व्यक्ति को कोई भी भाषा या बोली बोलने में शर्म क्यों महसूस होनी चाहिए।

भावुक पल | जन्मदिन पर दृष्टिबाधित छात्रों का गाना सुनकर छलके आंसू

देहरादून में बच्चों के गीत से भावुक हुईं राष्ट्रपति मुर्मू

- 20 जून को अपने जन्मदिन पर राष्ट्रपति देवभूमि उत्तराखंड में मौजूद रहीं

एजेंसी। देहरादून

देहरादून पहुंचीं राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वीडियो में दृष्टिबाधित छात्रों राष्ट्रपति के जन्मदिन पर गीत गा रहे हैं। इस पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू भावुक हो जाती है और उनकी आंखों में आंसू भी छलक पड़ते है। राष्ट्रपति मुर्मू तीन दिवसीय दौरे पर उत्तराखंड की राजधानी देहरादून पहुंची हैं। खास बात यह है कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू शुक्रवार को अपने जन्मदिन के मौके पर देवभूमि में हैं, जहां उन्होंने राष्ट्रीय दृष्टि दिव्यांगजन सशक्तिकरण संस्थान के छात्रों के साथ कुछ समय बिताया। संस्थान की ओर से उनके लिए एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान बच्चों ने एक गीत के जरिए जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं। इस दौरान दिव्यांग बच्चों ने जन्मदिन पर बॉलीवुड का मशहूर गीत 'बार-बार ये दिन आए' गाया तो उनका गाना सुनकर राष्ट्रपति भावुक हो गईं और मंच पर ही उनकी आंखों में आंसू छलक गए। इसके बाद मंच पर मौजूद सुरक्षाकर्मी ने राष्ट्रपति को टिश्यू पेपर दिया, जिसकी मदद से उन्होंने अपने आंसुओं को पोंछा। सोशल मीडिया पर यह वीडियो वायरल हो रहा है, जिस पर यूजर्स अलग-अलग प्रतिक्रिया दे रहे हैं। राष्ट्रपति मुर्मू को उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से लेकर कई मंत्रियों ने उनके जन्मदिन पर सोशल मीडिया के जरिए बधाई दी। उपराष्ट्रपति धनखड़ ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा, "भारत की माननीय राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं। विनम्र शुरुआत से लेकर सर्वोच्च संवैधानिक पद तक की उनकी असाधारण यात्रा- नम्रता, सादगी और प्रतिष्ठा का प्रतीक रही है और यह हमारे लोकतंत्र की सच्ची भावना को दर्शाती है।

उपराष्ट्रपति ने द्रौपदी मुर्मू को दी जन्मदिन की शुभकामनाएं

नई दिल्ली। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने शुक्रवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने राष्ट्रपति को विनम्रता और सादगी का प्रतीक बताया। उपराष्ट्रपति ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर अपने साथ राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की एक तस्वीर शेयर की। जगदीप धनखड़ ने लिखा, "भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं। शुरुआत से लेकर सर्वोच्च संवैधानिक पद तक की उनकी असाधारण यात्रा, विनम्रता, सादगी और बड़प्पन का प्रतीक है, जो हमारे लोकतंत्र की सच्ची भावना को दर्शाती है। उन्होंने विधायक, राज्यपाल और अब सबसे बड़े लोकतंत्र के राष्ट्रपति के रूप में सार्वजनिक सेवा में अपनी यात्रा के दौरान लगातार उच्चतम मानक स्थापित किए हैं।

अमेरिका ने ईरान को दो हफ्ते की मोहलत दी, बात नहीं बनी तो ट्रंप लेंगे सख्त फैसला

ईरान की परमाणु गतिविधियों पर अमेरिकी एजेंसियों की चिंता

वाशिंगटन (हि.स.)

अमेरिका दिल कुछ पसीजा है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के ईरान के खिलाफ रुख में कुछ नरमी आई है। कल दक्षिणी इजराइल के एक बड़े अस्पताल पर मिसाइल हमले के बाद राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा कि वह अगले दो हफ्ते के भीतर तय करेंगे कि ईरान के खिलाफ इजराइल के बमबारी अभियान में शामिल होना है या नहीं। द न्यूयॉर्क टाइम्स की खबर के अनुसार, व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट ने बयान में साफ किया है कि ट्रंप ने कहा, " निकट भविष्य में ईरान के साथ बातचीत होने संभावना है। इसलिए वह अगले दो हफ्ते के भीतर अपना फैसला लेंगे। लेविट ने कहा कि ईरान के साथ किसी भी समझौते में यूरेनियम को समृद्ध करने और हथियार विकसित करने पर प्रतिबंध शामिल होना चाहिए। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति के मध्य पूर्व दूत स्टीव विटकॉफ ईरानी अधिकारियों के संपर्क में हैं। सनद रहे कि ईरान ने इजराइल के बीरशेबा में सोरोका मेडिकल सेंटर और अन्य स्थानों पर कल मिसाइल हमला कर अपना आक्रामक रुख साफ कर दिया है। सीएनएन चैनल की खबर के अनुसार, ट्रंप ने सैन्य कार्रवाई पर निर्णय लेने से पहले ईरान के साथ कूटनीति वार्ता के लिए दो सप्ताह की अवधि तय की है। इसका मकसद इजराइल के बमबारी अभियान के बीच रुकी हुई वार्ता को फिर से शुरू करना है। ट्रंप और उनके सलाहकारों को उम्मीद है कि इजराइली हमलों और मिसाइलों के नुकसान के दबाव में ईरान अपने यूरेनियम संवर्धन को बंद करने के लिए सहमत हो सकता है। व्हाइट हाउस के प्रयासों में मध्य पूर्व के दूत स्टीव विटकॉफ और उपराष्ट्रपति जेडी वेंस इस घटनाक्रम पर नजर रख रहे हैं।

आज ब्रिटेन, जर्मनी और फ्रांस के यूरोपीय विदेश मंत्री जिनेवा में ईरानी प्रतिनिधियों से मिलेंगे और विटकॉफ के पहले के प्रस्ताव पर फिर से विचार करेंगे। हालांकि, ईरान ने कहा है कि जब तक इजराइल बमबारी बंद नहीं करता तब तक वह अमेरिका के साथ कोई बातचीत नहीं करेगा। व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट ने कहा कि ईरान और पूरी दुनिया को पता होना चाहिए कि संयुक्त राज्य अमेरिका की सेना दुनिया की सबसे मजबूत और सबसे घातक लड़ाकू शक्ति है। इस सप्ताह व्हाइट हाउस के सिचुएशन रूम की बैठकों में राष्ट्रपति ने फोर्डो में ईरान की भूमिगत परमाणु सुविधा को लक्षित करने वाले बंकर-बस्टर बमों से जुड़े विकल्पों की समीक्षा की है। उल्लेखनीय है कि इजराइल और ईरान के बीच सैन्य तनाव 13 जून से जारी है। इजराइल ने ईरान के परमाणु बुनियादी ढांचे को निशाना बनाते हुए "राइजिंग लायन" अभियान शुरू किया।



द न्यूयॉर्क टाइम्स की खबर के अनुसार, ट्रंप ने गुरुवार को अपनी टिप्पणियों के साथ कुछ सांस लेने की जगह का विकल्प चुना, जो उन्हें नए राजनयिक, सैन्य और गुप्त विकल्पों की मेजबानी ला सकता है। जिनेवा बैठक में भाग लेने वाले ब्रिटेन के विदेश सचिव डेविड लैमी ने बयान में कहा कि ईरान के साथ स्थिति खतरनाक बनी हुई है, लेकिन कूटनीतिक समाधान प्राप्त करने के लिए अगले दो सप्ताह के भीतर एक खिड़की मौजूद है। उनकी यह टिप्पणी व्हाइट हाउस में विदेशमंत्री मार्को रुबियो और मध्य पूर्व के लिए ट्रंप के विशेष दूत स्टीव विटकॉफ के साथ मुलाकात के बाद आई। इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने गुरुवार को कहा कि ईरान की परमाणु सुविधाओं के मामले में उनके देश में अपने सभी लक्ष्यों को अकेले हासिल करने की क्षमता है। नेतन्याहू ने कहा कि अमेरिकी पायलटों ने ड्रोन हमलों से इजराइल की रक्षा करने में सक्रिय भूमिका निभाई है।

भारत ने इजरायल से अपने नागरिकों को निकालने का फैसला किया

नई दिल्ली । विदेश मंत्रालय ने गुरुवार को 'ऑपरेशन सिंधु' के तहत इस्राइल से भारतीय नागरिकों को निकालने की योजना की घोषणा की, क्योंकि इस्राइल और ईरान के बीच संघर्ष बढ़ रहा है। विदेश मंत्रालय ने कहा कि जो भारतीय नागरिक घर वापस जाना चाहते हैं, उन्हें इस ऑपरेशन के तहत वापस लाया जाएगा। इजरायल से भारत की यात्रा भूमि सीमाओं के माध्यम से सुगम होगी। विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि ईरान और इस्राइल के बीच हाल की घटनाओं को देखते हुए, भारत सरकार ने फैसला किया है कि वे इस्राइल से उन भारतीय नागरिकों को निकालेंगे जो वहां से जाना चाहते हैं। उनकी इस्राइल से भारत की यात्रा भूमि सीमाओं के माध्यम से और फिर हवाई मार्ग से भारत तक की जाएगी। भारतीयों को तेल अवीव के दूतावास द्वारा सहायता दी जाएगी। विदेश मंत्रालय ने कहा कि इस्राइल में मौजूद भारतीय नागरिक जिन्हें घर लौटना है, उन्हें तेल अवीव के भारतीय दूतावास से सहायता मिलेगी।

इजरायल-ईरान संघर्ष

अमेरिकी हस्तक्षेप टलने के बाद कच्चे तेल की कीमत में आई भारी गिरावट

नई दिल्ली (आईएएनएस)

वैश्विक बाजारों में शुक्रवार को कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट देखने को मिली और ब्रेंट क्रूड फ्यूचर्स 2 प्रतिशत की गिरावट के साथ 77.24 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया है। इसकी वजह राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ओर से इजरायल-ईरान संघर्ष में अमेरिकी हस्तक्षेप को दो हफ्तों के लिए टलना है।

इजरायल और ईरान संघर्ष में अमेरिका हस्तक्षेप करेगा या नहीं, इस पर फैसला राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप अगले दो हफ्ते में लेंगे। व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट ने राष्ट्रपति ट्रंप के हवाले से कहा, "निकट भविष्य में ईरान के साथ वार्ता होने या न होने की पर्याप्त संभावना है, राष्ट्रपति ट्रंप अगले दो सप्ताह में इस बारे में निर्णय लेंगे कि हस्तक्षेप करना है या नहीं। विश्लेषकों के मुताबिक, मध्य पूर्व में तनाव कम करने के लिए ईरान से ट्रंप की बातचीत की संभावना के कारण कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट आई है। ईरान ने मौजूदा स्थिति में अमेरिका के हस्तक्षेप के खिलाफ चेतावनी दी है। साथ ही कहा है कि इस तरह के किसी भी हस्तक्षेप से पश्चिम एशिया में तनाव और बढ़ेगा। मध्य पूर्व कच्चा तेल का बड़ा निर्यातक क्षेत्र है। इस क्षेत्र में संघर्ष से दुनिया के बड़े कच्चे तेल निर्यातक देश सऊदी अरब, इराक, कुवैत और यूएई की तेल आपूर्ति पर असर हो सकता है, जिससे कच्चे तेल की कीमतों में बढ़ोतरी हो सकती है। इजरायल के हमलों ने ईरान के परमाणु स्थलों और मिसाइल ठिकानों को निशाना बनाया है, लेकिन इस्लामिक देश की तेल सुविधाओं पर हमला नहीं किया है। 13 जून को ईरान के परमाणु संयंत्रों और मिसाइल उत्पादन ठिकानों पर इजरायल के हमले के बाद मध्य पूर्व में भू-राजनीतिक तनाव बढ़ने के बाद अंतरराष्ट्रीय बाजार में तेल की कीमतों में 9 प्रतिशत से अधिक की बढ़ोतरी हुई थी।

ईरान में फंसे बंगाल के तीर्थयात्री और छात्र परिजनों ने लगाई सरकार से लगाई गुहार

नई दिल्ली (हि.स.)

जिले के कई परिवार इन दिनों गहरे संकट से गुजर रहे हैं। ईरान की तीर्थयात्रा और उच्च शिक्षा के लिए गए लोग अब वहां के संघर्षग्रस्त हालात में फंस गए हैं। देगंगा से 11 तीर्थयात्री और स्वरूपनगर व बसीरहाट से तीन छात्र वर्तमान में ईरान में जीवन और मौत के बीच जूझ रहे हैं। देगंगा के चौरासी ग्राम पंचायत के धलीपाड़ा गांव से तीन परिवारों का एक दल 30 मई को मशहद जैसे पवित्र स्थल की यात्रा पर निकला था। उन्हें 18 जून को भारत लौटना था लेकिन तभी क्षेत्र में अचानक हिंसा भड़क उठी और सभी तीर्थयात्री वहां फंस गए। गफूर अली की बेटी शाहिला खातून ने कहा कि हमारी आखिरी बातचीत मुश्किल से एक मिनट चली थी, उसके बाद से पूरी खामोशी है। गफूर अली, उनकी पत्नी शुकरान बीबी, शाहिद अली गयेन व उनकी पत्नी मुसलिमा बीबी, पड़ोसी अकरम हुसैन और अन्य बुजुर्ग सदस्य भी इस समूह में शामिल हैं। अकरम हुसैन की पत्नी सलमा बीबी अपनी पीड़ा रोक न सकीं और रोते हुए बोलीं कि मुझे बस मेरा पति सही-सलामत वापस चाहिए। अब बाकी कुछ मायने नहीं रखता। शाहिद अली के बेटे हुसैन मेहदी ने केंद्र और राज्य सरकार दोनों से अपील करते हुए कहा कि हमने स्थानीय प्रशासन को सूचना दे दी है। इसी तरह स्वरूपनगर के मिर्जापुर के रहने वाले इमरान हुसैन और उनकी पत्नी मुस्कान खातून, जो 2023 से इस्फहान यूनिवर्सिटी में फ़ारसी भाषा की पोस्ट-ग्रेजुएट पढ़ाई कर रहे थे, वे भी रविवार से लापता हैं। इमरान की मां रेहाना खातून ने बताया कि हमने रविवार को आखिरी बार बात की थी, उसके बाद से उनके मोबाइल बंद हैं। हमें कुछ समझ नहीं आ रहा कि उन्हें कैसे वापस लाएं।

बसीरहाट के संकचुरा निवासी और शोध छात्र सैयद बाक़िर मज्लिसी रिज़वी भी क़ुम स्थित अल-मुस्तफा इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी में पीएचडी कर रहे हैं। वह भी अपने हॉस्टल में फंसे हुए हैं और शनिवार से भारतीय दूतावास से संपर्क करने की कोशिश कर रहे हैं लेकिन उड़ानों के बंद होने से उनकी वापसी अब अनिश्चित हो गई है।

उमर अब्दुल्ला, फारूक ने ईरान से छात्रों को वापस लाने के केंद्र के प्रयासों की सराहना की

श्रीनगर । जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने बृहस्पतिवार को युद्धग्रस्त ईरान से भारतीय छात्रों को वापस लाने के लिए केंद्र के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि ईरान में केंद्र शासित प्रदेश के 1,300 से 1,400 छात्र हैं जबकि 6,000 से 8,000 लोग पूरे देश के हैं। उमर ने युद्धग्रस्त देश से छात्रों को वापस लाने में विदेश मंत्री एस जयशंकर के प्रयासों की सराहना की और कहा कि बंदरगाह एवं हवाई अड्डे बंद होने के कारण फंसे हुए भारतीयों को एक 'ऑपरेशन' के तहत निकाला जा रहा है। नेशनल कॉन्फ्रेंस के प्रमुख फारूक अब्दुल्ला ने युद्धग्रस्त ईरान से भारतीय नागरिकों को वापस लाने के लिए केंद्र सरकार, खासकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रयासों की प्रशंसा की। उन्होंने संवाददाताओं से कहा, ''यह हमारी जिम्मेदारी है। हमारे बच्चे वहां (ईरान) शिक्षा हासिल करने गए थे। हालात बिगड़ गए और स्वाभाविक रूप से उनके माता-पिता चिंतित थे। अगर मैं उनकी जगह होता, तो मुझे भी चिंता होती। छात्र खुद वहां से वापस लौटना चाहते थे।

भारत के बाद पाक ने भी अमेरिका की मध्यस्थता का दावा नकारा

सऊदी अरब की भूमिका को बताया अहम

नई दिल्ली (आईएएनएस)

भारत के बाद अब पाकिस्तान ने भी दोनों देशों के बीच सीजफायर कराने में अमेरिका की भूमिका को नकारा है। साथ ही यह भी दावा किया कि पाकिस्तान के रिक्वेस्ट पर सऊदी अरब ने भारत से सीजफायर के लिए बात की। पाकिस्तान के उप प्रधान मंत्री इशाक डार ने पाकिस्तानी समाचार चैनल में दिए एक इंटरव्यू के दौरान ऐसा दावा किया।

डार ने इंटरव्यू के दौरान यह भी माना कि भारत ने पाकिस्तान के दो बड़े एयरबेस, नूर खान और शोरकोट, पर हमला किया था।

उन्होंने खुलासा किया कि 6-7 मई की दरमियानी रात जब पाकिस्तान जवाबी हमले की तैयारी कर रहा था, तभी भारत ने दोबारा एयर स्ट्राइक किया और नूर खान-शोरकोट एयरबेस को नुकसान पहुंचाया।

डार ने दोनों देशों के बीच सीजफायर कराने की भूमिका में सऊदी अरब की पहल की बात स्वीकारी। उन्होंने बताया कि भारत के हमलों के बाद सऊदी अरब के प्रिंस ने भारत से फोन पर बात करने का प्रस्ताव दिया था। फिर पाकिस्तान की हामी के बाद सऊदी अरब ने भारत से बात की थी। उप-प्रधानमंत्री ने बताया, "भारतीय हमलों के करीब 45 मिनट बाद सऊदी अरब के प्रिंस फैसल ने मुझसे फोन पर बात की। प्रिंस ने कहा कि क्या मैं भारत के विदेश मंत्री एस. जयशंकर से बात करूं? अगर पाकिस्तान रुकने के लिए तैयार है तो भारत भी रुक सकता है। इस पर मैंने उन्हें हां कह दिया।

शुभांशु को अंतरिक्ष ले जाने वाला मिशन 5वीं बार टला

आईएसएस पर सुरक्षा जांच के चलते पोस्टपोन हुआ, नई तारीख का ऐलान नहीं

नई दिल्ली । एजेंसी

भारतीय एस्ट्रोनॉट शुभांशु शुक्ला को इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन यानी आईएसएस ले जाने वाला एक्सियम-4 मिशन पांचवी बार टाल दिया गया है। इसे 22 जून को लॉन्च किया जाना था, लेकिन आईएसएस की सुरक्षा जांच के चलते इसे स्थगित कर दिया गया। इससे पहले इस मिशन को 11 जून को भारतीय समय अनुसार शाम 5.30 बजे लॉन्च किया जाना था।



हालांकि, प्रोपल्शन बे में ऑक्सीजन लीक के कारण इसे टाल दिया गया था। एक्सियम मिशन 4 (Ax-4) में चार देशों के चार एस्ट्रोनॉट 14 दिन के लिए स्पेस स्टेशन जाने वाले हैं। शुभांशु आईएसएस पर जाने वाले पहले और स्पेस में जाने वाले दूसरे भारतीय होंगे। इससे पहले राकेश शर्मा ने 1984 में सोवियत यूनियन के स्पेसक्राफ्ट से अंतरिक्ष यात्रा की थी।

ज्वेज्दा सर्विस मॉड्यूल के पिछले हिस्से में मरम्मत हुई है

नासा ने बताया कि आईएसएस के ज्वेज्दा सर्विस मॉड्यूल के पिछले हिस्से में हाल ही में हुए मरम्मत कार्य की समीक्षा और सुरक्षा जांच के लिए और समय चाहिए। स्पेस स्टेशन की कई प्रणालियां आपस में जुड़ी हुई हैं, इस वजह से नई टीम के लिए सभी तकनीकी सिस्टम पूरी तरह तैयार रहना जरूरी है।

पति ने अपने हाथों से धो दी पत्नी की मांग प्रेमी के साथ कराई शादी

गोंडा । यूपी के गोंडा जिले में एक हैरान करने वाला मामला सामने आया है। यहां एक व्यक्ति ने अपनी ही पत्नी की मांग धुल डाली। इसके बाद उसने पत्नी के प्रेमी के उसकी शादी भी करा दी। पीड़ित पति ने पत्नी के प्रसंग से परेशान होकर यह कदम उठाया है। उसने पत्नी के आशिक से उसकी मंदिर में पंडित एवं ग्रामीणों के मौजूदगी में पूरे रीति-रिवाज के साथ शादी करवा दी। शादी से पहले पति ने खुद पत्नी की मांग का सिंदूर हैंडपंप के पास बैठाकर पानी से धो डाला, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है।

दरअसल, पूरा मामला जिले के थाना खोड़ारे क्षेत्र का बताया जा रहा है। यहां दौलतपुर गांव के रहने वाले हरिश्चंद्र की शादी 14 साल पहले करिश्मा से हुई थी। दोनों के दो बच्चे हैं, जिनमें एक बेटा 12 साल का और एक बेटी 9 साल की है। पति हरीशचंद्र ने आरोप लगाते हुए बताया कि उसकी पत्नी का प्रेम प्रसंग पास के ही गांव के शिवराज चौहान से लगभग 9 महीनों से चल रहा था। पति का कहना है कि उसने पत्नी ने पहले जहर देकर उसे जान से मारने की कोशिश की।

कनाडा में एक और भारतीय छात्रा की अचानक हुई मौत

दूतावास ने कहा- अधिकारियों के संपर्क में है

ओटावा । एजेंसी

कनाडा में एक बार फिर से भारतीय छात्रा की मौत की खबर सामने आ रही है। कनाडा के कैलगरी यूनिवर्सिटी में एक भारतीय छात्रा की मौत हो गई। वैंकूवर में भारत के कॉन्सुलेट जनरल ऑफ इंडिया ने गुरुवार को यह जानकारी दी। कॉन्सुलेट ने कहा कि वह भारतीय छात्रा तान्या त्यागी के ''अचानक हुए निधन से दुखी है।'' इसने कहा, ''वाणिज्य दूतावास अधिकारियों के संपर्क में है और शोकसंतप्त परिवार को सभी आवश्यक सहायता प्रदान करेगा।'' यह तुरंत स्पष्ट नहीं हो पाया कि भारतीय छात्रा की मौत कैसे और किन परिस्थितियों में हुई। कॉन्सुलेट ने मृतका के परिवार और मित्रों के प्रति संवेदनाएं जताई है। कॉन्सुलेट ने X पर एक पोस्ट में लिखा है, "हम कैलगरी यूनिवर्सिटी में भारतीय छात्रा तान्या त्यागी के अचानक हुए निधन से दुखी हैं। वाणिज्य दूतावास अधिकारियों के संपर्क में है और शोक संतप्त परिवार को सभी जरूरी हेल्प मुहैया कराएगा। हमारी संवेदनाएं और प्रार्थनाएं पीड़ित परिवार के साथ हैं।

हार्ट अटैक से मौत का दावा

अधिकारियों ने अभी तक तान्य की मौत के कारण या परिस्थितियों के बारे में और ज्यादा जानकारी जारी नहीं की है।

हालांकि इशु त्यागी नाम के यूजर ने एक्स पर पोस्ट किया था, जिसमें भारत के प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) को टैग करके सहायता मांगी थी और दावा किया था कि हार्ट अटैक से तान्या की मौत हुई है। उन्होंने लिखा है, ''559/11डी, लेन नंबर 12, विजय पार्क में रहने वाली उत्तर-पूर्वी दिल्ली की छात्रा तान्या त्यागी पढ़ाई के लिए कनाडा गई थी। 17 जून 2025 को दिल का दौरा पड़ने से उसकी मौत हो गई। छात्रा के परिवार ने पीएम मोदी से शव वापस लाने में मदद की अपील की है।

बांग्लादेश में कोविड-19 वैक्सीन की कमी, नए वैरिएंट से बढ़ा खतरा

ढाका । बांग्लादेश में कोविड-19 के ओमिक्रॉन सब-वैरिएंट्स के बढ़ते मामलों के बीच वैक्सीन की गंभीर कमी हो गई है। देश के स्वास्थ्य सेवा निदेशालय ने यह जानकारी दी। स्वास्थ्य सेवा निदेशालय (डीजीएचएस) ने बताया कि देश में केवल 32 लाख पुरानी वैक्सीन खुराक बची हैं, जो कुछ महीनों में खत्म हो जाएंगी। नए वैरिएंट्स के लिए अभी तक कोई नई वैक्सीन नहीं आई है। स्थानीय मीडिया यूएनबी की रिपोर्ट के अनुसार, पिछले एक महीने में बांग्लादेश में कोविड-19 के मामले तेजी से बढ़े हैं। ढाका के इंस्टीट्यूट ऑफ एपिडेमियोलॉजी, डिजीज कंट्रोल एंड रिसर्च (आईईडीसीआर) के आंकड़ों के मुताबिक, मई में 1,409 नमूनों में से 134 लोग पॉजिटिव पाए गए। यह संक्रमण दर 9.51 प्रतिशत है, जो जनवरी से मई 2023 तक की सबसे ज्यादा है। गुरुवार सुबह तक 28 नए मामले दर्ज किए गए, जिससे कुल मामले 20,51,932 हो गए हैं। डीजीएचएस की संचारी रोग नियंत्रण इकाई के लाइन डायरेक्टर हलीमुर राशिद ने कहा, "हमारे पास 32 लाख वैक्सीन खुराक हैं। नए वैरिएंट्स के लिए वैक्सीन की खरीद चल रही है।

पाक आर्मी चीफ मुनीर आतंकी ठिकानों की मरम्मत करा रहे, 40 करोड़ का फंड जारी

भारत ने ऑपरेशन सिंदूर के तहत इन्हें तबाह किया था

नई दिल्ली । एजेंसी

भारत ने ऑपरेशन सिंदूर के तहत 7 मई की रात को पाकिस्तान और पीओके के अंदर मौजूद कई आतंकी ठिकानों को सटीक हमलों में तबाह कर दिया था। इनमें आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा और जैश-ए-मोहम्मद के ठिकाने शामिल थे। अब, पाकिस्तान आर्मी उसे फिर से ठीक करा रही है। पाक सेना प्रमुख फील्ड मार्शल आसिम मुनीर ने खुद दखल देते हुए इन आतंकी ठिकानों को रिस्टोर के लिए अब तक 40 करोड़ रूपए का सरकारी फंड जारी किया है। यह फंडिंग उन मदरसों और मस्जिदों तक भी पहुंच रही है जिनका सीधा संबंध लश्कर और जैश जैसे संगठनों से रहा है।

मुनीर ने तबाह अड्डों को 11 दिन में ठीक करने को कहा : पाक आर्मी चीफ मुनीर ने मरकज सुब्हान अल्लाह परिसर, बिलाल मस्जिद, उम्मुल कुर्रा, जामिया दावा इस्लामी मदरसा व भारतीय हमलों में तबाह हुए अन्य आतंकी ठिकानों को रिपेयर करने की डेडलाइन 31 जून तय की है।

कनाडा के सस्केचेवान प्रांत में चक्रवात की चेतावनी, तेज हवाओं के साथ बारिश का अलर्ट

कनाडा । कनाडा के सस्केचेवान प्रांत के कई इलाकों में गुरुवार शाम चक्रवात की चेतावनी जारी की गई है। स्टॉटन, अकोला, ऑक्सबो जैसे शहरों में तेज हवाएं, भारी बारिश और ओलों की संभावना जताई गई है। मौसम विभाग ने बताया कि अभी टॉरनेडो की पुष्टि नहीं हुई है, लेकिन कुछ लोगों ने एस्टेवान और रेजिना के पास टॉरनेडो देखने की बात कही है। एक स्थानीय व्यक्ति ने बताया कि उन्होंने व्हाइट सिटी के पास टॉरनेडो को जमीन से टकराते देखा। अधिकारियों ने कहा है कि लोग खिड़कियों से दूर मजबूत कमरों में शरण लें। किसी तरह के नुकसान की सूचना नहीं है, लेकिन सतर्कता जरूरी है।

स्वास्थ्य विभाग ने खसरे को लेकर सिडनी में जारी किया अलर्ट

सिडनी (आईएएनएस)

ऑस्ट्रेलिया के सिडनी में खसरे को लेकर स्वास्थ्य चेतावनी जारी की गई है। बताया जा रहा है कि एक शख्स में खसरे की पुष्टि की गई थी, उसने संक्रमित होने के बावजूद शहर के अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से यात्रा की। न्यू साउथ वेल्स (एनएसडब्ल्यू) के स्वास्थ्य विभाग ने शुक्रवार को बताया कि यह संक्रमित व्यक्ति सोमवार को दक्षिण-पूर्व एशिया से सिडनी पहुंचा था, जहां कई देशों में खसरे के मामले सामने आ रहे हैं। स्वास्थ्य विभाग ने वियतनाम एयरलाइंस की फ्लाइट वीएन773 में सवार होकर सिडनी पहुंचने वाले यात्रियों को खसरे के लक्षणों पर नजर रखने की सलाह दी है। साउथ वेस्टर्न सिडनी लोकल हेल्थ डिस्ट्रिक्ट के कार्यवाहक सार्वजनिक स्वास्थ्य निदेशक मिशेल स्मिथ ने कहा कि शुरुआती लक्षणों में बुखार, आंखों में दर्द, नाक बहना और खांसी शामिल हैं। इसके बाद कुछ दिनों में चेहरे से शुरू होकर पूरे शरीर में फैलने वाली चकत्ते (रैश) दिखाई देते हैं। उन्होंने कहा कि फ्लाइट में या एयरपोर्ट के उन क्षेत्रों में मौजूद लोगों के लिए 18 दिनों तक लक्षणों पर नजर रखना महत्वपूर्ण है। ऑस्ट्रेलिया के राष्ट्रीय रोग निगरानी प्रणाली के अनुसार, 2025 में अब तक 80 खसरे के मामले सामने आए हैं, जबकि 2024 में 57 और 2023 में 26 मामले थे। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, खसरा एक वायरल बीमारी है। यह तब फैलता है, जब कोई संक्रमित व्यक्ति सांस लेता है, खांसता है या छींकता है।

लंदन में बॉयफ्रेंड शिखर पहारिया के साथ वॉक पर निकली जान्हवी कपूर

जान्हवी कपूर को छुट्टी मनाने के दौरान परेशान न करें। 28 वर्षीय बॉलीवुड स्टार अपनी बहन ख़ुशी कपूर और कथित बॉयफ्रेंड शिखर पहारिया के साथ लंदन में हैं। और अंदाज़ा लगाइए क्या? वह अपने ब्रिटिश वेकेशन से बैक-टू-बैक फैशनेबल लुक के साथ दर्शकों का मनोरंजन कर रही हैं। अभिनेत्री जान्हवी कपूर फिलहाल लंदन में अपने बॉयफ्रेंड शिखर पहारिया के साथ कुछ समय बिता रही हैं। सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा है जिसमें दोनों के बीच एक-दूसरे के लिए प्यार भरा पल कैद हुआ है, जब वे शहर की सड़कों पर हाथों में हाथ डाले टहल रहे हैं।

लंदन से जान्हवी कपूर और शिखर पहाड़िया का एक वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया है, जिसमें दोनों साथ में काफी खुश नजर आ रहे हैं...

अभिनेत्री के इंस्टाग्राम पर फैन अकाउंट द्वारा शेयर किए गए वीडियो में जान्हवी को जॉगर पैंट के साथ एक आरामदायक ब्लैक ट्यूब टॉप में देखा जा सकता है। उन्होंने अपने खुले बालों और कम मेकअप के साथ अपने लुक को कैज़ुअल रखा। शिखर ने कैज़ुअल टी और सफ़ेद पैंट में उनके साथ नज़र आए, जो बेहद स्टाइलिश लग रहे थे। एक राहगीर द्वारा कैद किए गए इस पल में दोनों हाथ जोड़े हुए करीब से चलते हुए दिखाई दे रहे हैं, जबकि जान्हवी मुस्कुराती हुई दिखाई दे रही हैं। परम सुंदरी अभिनेता के साथ उनकी बहन-अभिनेता खुशी कपूर भी थीं, जिन्होंने पैंट के साथ सफेद टॉप पहना था।

लंदन से जान्हवी कपूर और शिखर पहाड़िया का एक वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया है, जिसमें दोनों साथ में काफी खुश नजर आ रहे हैं। दोनों लंदन की खुली सड़क पर हाथों में हाथ डाले चलते नजर आ रहे हैं। दोनों साथ में काफी खुश नजर आ रहे हैं।

शी जिनपिंग ने न्यूजीलैंड के पीएम लक्सन से की मुलाकात

बीजिंग (आईएएनएस)

चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने 20 जून की सुबह पेइचिंग के ग्रेट हॉल ऑफ द पीपल में चीन की आधिकारिक यात्रा कर रहे न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री क्रिस्टोफर लक्सन से मुलाकात की। शी जिनपिंग ने बताया कि राजनयिक संबंधों की स्थापना के बाद से पिछले 50 वर्षों में चीन-न्यूजीलैंड संबंध अंतर्राष्ट्रीय स्थिति के उतार-चढ़ाव से गुजरे हैं। दोनों पक्ष हमेशा एक-दूसरे का सम्मान करते हैं और मिलकर आगे बढ़ते हैं। दोनों देशों के बीच संबंध लंबे समय से पश्चिमी विकसित देशों के साथ चीन के संबंधों में सबसे आगे रहे हैं, जिससे दोनों देशों के लोगों को ठोस लाभ हुआ है। चीन-न्यूजीलैंड व्यापक रणनीतिक साझेदारी अपने दूसरे दशक में प्रवेश कर रही है। दोनों पक्षों को नए दशक में चीन-न्यूजीलैंड संबंधों के अधिक विकास को बढ़ावा देना चाहिए और दोनों देशों के लोगों को बेहतर लाभ पहुंचाना चाहिए। शी जिनपिंग ने जोर देकर कहा कि चीन और न्यूजीलैंड को द्विपक्षीय संबंधों में सहयोग को अधिक प्रमुख स्थान देना चाहिए, अपने पूरक लाभों को निभाना चाहिए, व्यापार और निवेश सहयोग को गहरा करते हुए वैज्ञानिक और तकनीकी नवाचार, जलवायु परिवर्तन के मुकाबले और बुनियादी ढांचे जैसे क्षेत्रों में सहयोग की निहित क्षमता का दोहन करना चाहिए, शिक्षा, संस्कृति, युवा और स्थानीय आदान-प्रदान को मजबूत करते हुए द्विपक्षीय संबंधों के अर्थ को समृद्ध करना चाहिए। लक्सन ने कहा कि न्यूजीलैंड-चीन संबंध बहुत महत्वपूर्ण हैं।



न्यूज बॉक्स

सेल्फी लेने चक्कर में जोन्हा फॉल में बहा डीपीएस स्कूल का शिक्षक, खोज जारी

रांची। पिछले दो दिनों से लगातार हो रही मुसलाधार वारिस से नदी नाले उफान पर है। पूरा जन जीवन अस्त व्यस्त हो गया है। प्रखंड के हुन्डरू फौल जोन्हा फौल सीता फौल इत्यादि फौल अपना रौद्र रूप धारण कर लिए हैं। इन जल प्रपातों के पानी की धारा अपने उफान पर है। इसी बीच भारी बारिश के बीच जोन्हा फॉल घूमने आए रांची का एक पर्यटक गुरुवार को पानी के तेज बहाव में बह गया। अभी तक उसके शव का पता नहीं चल पाया है। उसकी पहचान माइकल घोष (40 वर्ष) अलकापुरी डीबडीह रांची के रूप में हुई है। जो डीपीएस स्कूल रांची का म्यूजिक टीचर था। जानकारी के अनुसार बताया गया कि माइकल घोष गुरुवार की दोपहर अपने स्कूल के हीं दो शिक्षक साथी पंकज श्रीवास्तव और ऋतिक समद के साथ कार (यूपी 14 सीएम-1020) में सवार होकर जोन्हा फॉल घूमने आया था। घूमने के दौरान वे तीनों झरने के ऊपर उस स्थान पर चले गए जहां से काफी तेज गति से पानी का बहाव झरने में होता है। तीनों साथी झरने के खुबसूरत नजारे का लुत्फ उठा रहे थे। इसी बीच माइकल तेज बहाव के बिल्कुल करीब पहुंच कर सेल्फी लेने लगा। इस क्रम में उसका संतुलन बिगड़ गया और देखते हीं देखते पानी के तेज रफ्तार में बह गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंचे थानेदार हीरालाल शाह द्वारा स्थानीय पर्यटन मित्रों और ग्रामीणों की मदद से शव की काफी तलाश की गई। पर भारी बारिश के चलते शव का कहीं पता नहीं चला। पर्यटन मित्रों का कहना है कि बारिश थमने के बाद हीं तलाशी संभव हो पाएगा।

पृष्ठ एक के शेष

जेएसएससी सीजीएल परीक्षा अब दो चरणों...

लिए गए निर्णय के अनुसार नियमावली में स्नातक प्रशिक्षित समाजिक विज्ञान (वाणिज्य सहित) और गणित एवं भाषा के पदों के विरुद्ध प्रोन्नति के लिए अलग से वरीयता सूची तैयार करने की बाध्यता है। खूंटी में महिला कॉलेज के लिए 57 करोड़ 95 लाख 45 हजार रुपए और सरायकेला-खरसावां जिले के ईचागढ़ में डिग्री महाविद्यालय के लिए 38 करोड़ 76 लाख रुपए मंजूर किए गए हैं। दुमका और पलामू में डिप्लोमा स्तरीय राजकीय फार्मेसी संस्थानों के लिए 28-28 पदों के सृजन के प्रस्तावों को भी कैबिनेट ने स्वीकृति प्रदान की है। इन पदों में प्रचार प्राध्यापक सहित अन्य पद शामिल हैं। झारखंड हाई कोर्ट के आदेश पर उमेश कुमार सिंह सहायक शिक्षक के आश्रित सुमित कुमार सिंह को चतुर्थ से तृतीय वर्ग में प्रोन्नति को लेकर नियमों को क्षान्त करने की स्वीकृति कैबिनेट में दी गई।

भारी बारिश को देखते हुए...

उपायुक्तों को निर्देश दिया कि जिलों में स्थापित कंट्रोल रूम को पूर्ण रूप से सक्रिय रखें। अतिवृष्टि को देखते हुए वॉटरफॉल, बराज इत्यादि पर्यटन स्थलों में किसी भी प्रकार की अनहोनी से बचने के लिए एनडीआरएफ की टीम के साथ-साथ स्थानीय लोगों का भी सहयोग लें। मुख्यमंत्री ने कहा कि वॉटरफॉल में आवश्यकता के अनुरूप सुरक्षा कर्मी भी तैनात रखें। मौके पर मंत्री डॉ इरफान अंसारी, मुख्य सचिव अलका तिवारी, मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार तथा वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए सभी जिलों के उपायुक्त उपस्थित थे।

जल जमाव वाले क्षेत्रों में छिड़काव कार्य करें : मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सभी जिलों के उपायुक्तों को निर्देश दिया कि शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों में जहां भी जल जमाव की स्थिति है, वहां मच्छर-मक्खियों को नियंत्रित करने के लिए कीटनाशक का छिड़काव कराएं। ताकि, इसकी वजह से जो बीमारियां उत्पन्न होती हैं, उसे नियंत्रित किया जा सके। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि बरसात के मौसम में सर्पदंश (स्नेक बाइट) के भी ज्यादा मामले आते हैं। ऐसे में एंटी रेबीज टीके और अन्य सभी जरूरी दवाएं स्वास्थ्य केंद्रों में उपलब्ध कराए जाएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस वर्ष मॉनसून की शुरुआत में ही भारी बारिश हो रही है, ऐसे में यह जरूरी है कि बरसात के मौसम में होने वाली समस्याओं से निपटने की पूरी तैयारी पहले से ही रखें। मुख्यमंत्री सोरेन ने निर्देश दिया कि भारी बारिश के कारण सड़क, पुल, पुलिया से संबंधित जो भी क्षति पहुंची है, उसकी शीघ्र मरम्मत हो। उन्होंने निर्देश दिया कि किसी भी पुल या पुलिया के धंसने का एक और मुख्य कारण अवैध बालू निकासी हो सकता है, इसकी भी जानकारी लें तथा ऐसे कार्यों पर अविलंब रोक लगाएं।

बारिश और वज्रपात से पोल...

बारिश होते ही बिजली चली जाती है, लेकिन विभाग ध्यान नहीं देता है। विभाग सिर्फ शिकायत लेता है, समाधान नहीं करता। वहीं, सुदूरवर्ती क्षेत्रों में मरम्मत कार्य में देरी से गांवों में अंधेरा पसरा रहा।

रांची शहर में मेन रोड, अशोक नगर, हरमू, लालपुर क्षेत्र में कई घंटों तक बिजली नहीं रही। वहीं, सिसई (गुमला), तमाड़ (रांची), बसेरिया (लोहरदगा) और बकसपूर (खूंटी) जैसे गांवों में 12 से 18 घंटे तक बिजली गुल रही। इटकी (रांची) में तीन दिनों से लगातार हो रही बारिश के बीच शुक्रवार की सुबह गुलजार रोड स्थित ट्रांसफॉर्मर तेज आवाज के साथ ब्लास्ट कर गया। इससे गुलजार रोड के आसपास का इलाका अंधेरे में डूब गया है।

झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड (जेबीवीएनएल) के अधिकारियों के अनुसार, आंधी-तूफान के कारण कई जगह तार और ट्रांसफॉर्मर क्षतिग्रस्त हुए हैं। टीम मरम्मत कार्य में लगी हुई है। जल्द ही आपूर्ति बहाल कर दी जाएगी।

शुक्रवार को रांची और आसपास के इलाकों में सुबह से रुक-रुक कर बारिश होती रही। दो दिन की बारिश से राजधानी रांची में कई इलाकों में जलजमाव हो गया है। इससे लोगों को परेशानी हो रही है। वहीं, रांची जिले के मांडर प्रखंड के टांगरबसली-पचपदा मुख्य पथ पर स्थित बीरगोड़ा नदी में बन रहा पुल एक बार फिर चर्चा में है। बुधवार रात से लगातार हो रही बारिश के कारण नदी पर बना अस्थायी डायवर्सन बह गया, जिससे क्षेत्र के दर्जनों गांवों का संपर्क प्रखंड मुख्यालय से टूट गया है।

भारी बारिश के कारण शुक्रवार को रांची का अधिकतम और न्यूनतम तापमान में अंतर करीब चार डिग्री सेल्सियस ही रह गया। रांची में शुक्रवार को अधिकतम तापमान 26.0 और न्यूनतम तापमान 22.1 डिग्री दर्ज किया गया। मेदिनीनगर (डालटनगंज) अधिकतम तापमान 28.6 और न्यूनतम तापमान 24.4 रिकार्ड किया गया।

झमाझम बारिश से कोयला खदान वाले इलाकों की मुसीबत बढ़ गई है। खदानों के नीचे पानी भरने से गैस बाहर आने लगी है, जिससे लोगों को परेशानी हो रही है। रांची के खलारी कोयलांचल में करकट्टा खदान, धनबाद जिले के झरिया, बाघमारा एवं कतरास, रामगढ़ जिले के रजरप्पा में भुचुंगडीह और बोकारो जिले के ढोरी इलाके की एक खदान से गैस और धुएं का गुबार उठ रहा है। खलारी कोयलांचल अंतर्गत करकट्टा स्थित बंद कोयला खदान में दरारों से पानी घुसने के साथ तेज धुआं निकलने लगा है। इस इलाके में 15 से अधिक स्थानों पर गैस और धुआं निकल रहा है। वहीं, भू-धंसान के खतरों से लोग दहशत में हैं। धनबाद के झरिया इलाके में बीसीसीएल (भारत कोकिंग कोल लिमिटेड) की एरिया-9 और सिजुआ इलाके की कनकनी कोलियरी में कई जगहों पर जमीन की दरारों से धुआं उठ रहा है। बीसीसीएल की सभी 12 एरिया की ओपनकास्ट और अंडरग्राउंड खदानों में बरसात का पानी भर गया है। इस वजह से कोयला का उत्पादन बंद करना पड़ा है। खतरे की आशंका को देखते हुए कंपनी प्रबंधन ने भूमिगत खदानों में कर्मियों के प्रवेश पर रोक लगा दी है। खदानों में खड़ी भारी मशीनें पानी में डूब गई हैं। ज्ञात हो कि बीसीसीएल प्रशासन ने पहले से ही हाई अलर्ट जारी किया था, लेकिन जल निकासी व्यवस्था कमजोर रहने के कारण खदानों में पानी भर गया।

मंत्री डॉ इरफान ने नगर उंटारी को दी बड़ी स्वास्थ्य सौगात, बनेगा 100 बेड का अस्पताल व ट्रामा सेंटर

रांची। नेपाल हाउस सचिवालय में स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी से भवनाथपुर विधायक अनंत प्रताप देव ने शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान उन्होंने नगर उंटारी में 100 बेड के आधुनिक अस्पताल और ट्रामा सेंटर में चिकित्सकों समेत सभी आवश्यक स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने को लेकर मांग पत्र सौंपा। जनस्वास्थ्य को प्राथमिकता देते हुए मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने 168 करोड़ रुपये की राशि स्वीकृत करने की घोषणा की। इसके तहत नगर उंटारी में 100 बेड का अत्याधुनिक अस्पताल एवं ट्रामा सेंटर स्थापित किया जाएगा, जिसमें आधुनिक चिकित्सा संसाधन एवं विशेषज्ञ डॉक्टरों की उपलब्धता सुनिश्चित की जाएगी। यह निर्णय क्षेत्र की स्वास्थ्य व्यवस्था को सशक्त बनाएगा और हजारों लोगों को बेहतर इलाज की सुविधा उनके अपने क्षेत्र में ही उपलब्ध होगी।

पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, पलामू।
(सर्वसाधारण के लिए सूचना)

पिपराटांड थाना कांड सं0–08/2020 दिनांक 29.05.2020 धारा–25 (1–b)a/ 26/35 आर्म्स एक्ट एवं 17 (i) (ii)17 CLA Act प्राथमिकी अभियुक्त पत्थर सिंह उर्फ लक्ष्मण गंझू, पे0 स्व0 विलास गंझू, ग्राम–नारायणपुर, थाना– लावालौंग, जिला–चतरा के प्राथमिकी अभियुक्त पत्थर सिंह उर्फ लक्ष्मण गंझू, पे0 स्व0 विलास गंझू, ग्राम–नारायणपुर, थाना– लावालौंग, जिला–चतरा के संबंध में सूचना/जानकारी प्राप्त होने पर पुलिस अधीक्षक के कार्यालय में सूचित करें अथवा निम्नांकित फोन नम्बर पर संपर्क कर इसकी सूचना देने का कष्ट करें।

अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, (पांकी) लेस्लीगंज :– 9523355003
थाना प्रभारी, पिपराटांड :– 9264196938, 9333032687

पुलिस अधीक्षक, पलामू।

PR 355598 Police (25-26)D

समाहरणालय लोहरदगा
(विकास शाखा)

अल्पकालीन निविदा आमंत्रण–सूचना

विधायक निधि के तहत लोहरदगा जिले के उर्सलाईन बी0एड0 एवं एम0एड0 कॉलेज, लोहरदगा के पुस्तकालय में छात्र/ छात्राओं के सर्वागीण विकास हेतु माननीय विधायक श्री रामेश्वर उरांव, लोहरदगा विधानसभा क्षेत्र द्वारा अनुशंसित बहुपयोगी पुस्तकों के क्रय/आपूर्ति हेतु प्रतिष्ठित पुस्तक प्रकाशकों/आपूर्ति कर्त्ताओं/पुस्तक विक्रेताओं से दिनांक 01.07.2025 के 2.00 बजे अपराह्न तक मुहरबन्द निविदा आमंत्रित की जाती है।इच्छुक आपूर्ति कर्त्ता द्वारा संबंधित पुस्तकों की सूची किसी भी कार्य दिवस के कार्यालय अवधि में देखा जा सकता है। निर्धारित तिथि एवं समय के पश्चात् प्राप्त निविदा स्वीकृत नहीं की जायेगी। निविदा की शर्त्ते एवंपुस्तकों की सूची जिला के वेबसाईट www.lohardaga.nic.in में देखा जा सकता है।

उप विकास आयुक्त, लोहरदगा

PR 355588 (Lohardaga)25-26*D

समाहरणालय, गढ़वा (जिला विधि शाखा)

सूचना।

एतद् द्वारा जिला अधिवक्ता संघ, गढ़वा के सभी अधिवक्ताओं को सूचित किया जाता है कि प्रधान सचिव-सह-विधि परामर्शी, विधि विभाग, झारखण्ड, रांची के पत्रांक 1122/जे0, दिनांक 10.06.2025 के आलोक में गढ़वा जिले के लिए नियुक्त सरकारी वकील की कालावधि समाप्त होने के फलस्वरूप अगली कालावधि के लिए सरकारी वकील की नियुक्ति के निमित अनुशंसा सूची विधि विभाग, झारखण्ड सरकार को भेजा जाना है।

अत: उक्त पद के लिए इच्छुक अधिवक्ता, जो कम से कम 10 (दस) वर्षों की Practice पूर्ण कर चुके हैं, जीवनवृत के साथ दिनांक 30.06.2025 तक विहित प्रपत्र में आवेदन पत्र जिला विधि शाखा, गढ़वा में जमा कर सकते हैं। निर्धारित अवधि के बाद प्राप्त आवेदन पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

नोट- विहित आवेदन पत्र के लिए जिला विधि शाखा, गढ़वा में कार्यालय अवधि में किसी भी कार्य दिवस को सम्पर्क कर प्राप्त किया जा सकता है।

ह0/-
उपायुक्त, गढ़वा।

PR 355559 (District) 25-26 (D)

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, गढ़वा
अति आवश्यक सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि गढ़वा जिले में विगत वर्ष हुई चक्रवातीय भारी वर्षा के कारण तिलदाग मोड़ से अटौला मोड़ पथ, चैनेज 10+200 कि0मी0, ग्राम मेढना (बेलचम्पा) में दानरो नदी पर अवस्थित सेतु (कुल ल0–**13x8=104** मी0) एवं भंडरिया–टिहरी भाया बड़गड़ पथ के 14वें कि0मी0 में बिरहा नदी पर अवस्थित पुराना पुल क्षतिग्रस्त हो गये हैं। फलस्वरूप उक्त सेतु से आवागमन पूर्णतः बाधित है। पुनः वर्तमान वर्षा ऋतु एवं पुल के नवनिर्माण होने तक सुरक्षात्मक कारणों से सभी तरह के वाहनों के आवागमन पर अगले आदेश तक रोक लगाई जाती है। वर्तमान में सभी प्रकार के वाहनों को वैकल्पिक मार्ग के रूप में निम्नप्रकार से वाहनों के आवागमन हेतु प्रयोग किया जा सकता है।

क्रम सं0	पथ/पुल का नाम	वैकल्पिक मार्ग
1.	तिलदाग मोड़ से अटौला मोड़ पथ, चैनेज 10+200 कि0मी0, ग्राम मेढना (बेलचम्पा) में दानरो नदी पर अवस्थित सेतु (कुल ल0–13x8=104 मी0)	नवनिर्मित गढ़वा बाईपास (NH-39)
2.	भंडरिया–टिहरी भाया बड़गड़ पथ के 14वें कि0मी0 में बिरहा नदी पर अवस्थित पुराना पुल	शालो यात्री शेड के दाहिने तरफ से शालो गाँव तथा प्राथमिक विद्यालय, महुआटिकर होते हुए बड़गड़–टिहरी मुख्य पथ

असुविधा के लिए खेद है।

कार्यपालक अभियंता, प0नि0वि0, पथ प्रमण्डल, गढ़वा।

PR 355639 Road(25-26)D

e-Procurement Cell
Office of the Executive Engineer,
Building Construction Department, Building Division, Daltonganj,

Very Short Term E-Quotation Invitation Notice

RATE PURPOSE ONLY

Quotation Reference No -10/E.E.,BCD/Building Div. Daltonganj/2025-26

Sealed Quotations are invited for the work **Proposed Construction of Integrated Public Health Laboratory (IPHL) at Sadar Hospital, Palamu, Jharkhand** for all Materials from Reputed Shop Keepers/ Manufacturers/Suppliers/Retailers/Distributors and Registered B.C.D. Contractors for following items. They should quote their rates for unit mentioned in the table. If they do not deals all of the below mentioned items then they are allowed to quote their rate for part of the items which ever they deals. The rates should be exclusive of all types of Taxes, GST, Contractor's Profit and overhead charges etc. but inclusive of Royalty. All Rates should be exclusive of Labour Cess.

Terms and Condition

1. The quotationer shall furnish Pan,GST registration no.
2. The rate quoted by quotationer shall be firm and final.
3. The undersigned reserves the right to accept or reject/cancel any or all quotations without assigning any reason there of.

नोट :–
(1) वेबसाईट में ई–कोटेशन प्रकाशन की तिथि : 25.06.2025 के अपराह्न 3:00 बजे।
(2) वेबसाईट में ई–कोटेशन अपलोड की अंतिम तिथि : 03.07.2025 के अपराह्न 3:00 बजे तक।
(3) ई–कोटेशन खोलने की तिथि एवं समय 05.07.2025 अपराह्न 3:30 बजे।
(4) ई–कोटेशन आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता : कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल डालटनगंज, पलामू।
(5) ई–कोटेशन प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0 : 9430783582

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

Nodal Officer,
e-Procurement Cell,
Office of the Executive Engineer
Building Construction Department,
Building Division, Daltonganj.

PR 355636 (Building) 25-26 (D)

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लातेहार

अति अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना
(डी0एम0एफ0टी0 मद)

संख्या – EE/RDSD/LATEHAR/13/2025-26(2nd call)

1. कार्य की विस्तृत विवरणी :

क्र0 सं0	कार्य का नाम	प्राक्कलित राशि	अग्रधन की राशि	परिमाण विपत्र का मूल्य	कार्य पूर्ण करने की अवधि
1	लातेहार जिलान्तर्गत सदर प्रखण्ड के SLRM CENTER धर्मपुर के बाई पास मेन रोड तक एवं बहुउद्देशीय भवन में पीछे गेट से Main Entrance तक पी0सी0सी0 पथ का निर्माण।	762700	15500	1250	3 माह

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 21.06.2025
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक 21.06.2025 से दिनांक 28.06.2025 को अपराह्न 5:00 बजे तक।
4. ई–निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लातेहार।
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय –01.07.2025 अपराह्न 2:00 बजे
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लातेहार।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 06565796434
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लातेहार

PR 355591 Rural Development(25-26)#D

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लातेहार

अति अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना
(डी0एम0एफ0टी मद)

संख्या – EE/RDSD/LATEHAR/5/2025-26(2nd call)

1.कार्य की विस्तृत विवरणी:

क्र0 सं0	कार्य का नाम	प्राक्कलित राशि	अग्रधन की राशि	परिमाण विपत्र का मूल्य	कार्य पूर्ण करने की अवधि
1	लातेहार जिलान्तर्गत प्रखण्ड लातेहार के पंचायत जालिमखुर्द में उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय जालिमखुर्द लातेहार (द0) का मरम्मति कार्य।	2464100	50000	5000	3 माह

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 21.06.2025
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक 21.06.2025 से दिनांक 28.06.2025 को अपराह्न 5:00 बजे तक।
4. ई–निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लातेहार।
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय –01.07.2025 अपराह्न 2:00 बजे
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लातेहार।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 06565796434
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल,लातेहार

PR 355590 Rural Development(25-26).D

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल लातेहार।

अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0-: 08/2025-26

दिनांक- 19.06.2025

1. विभाग का नाम :– भवन निर्माण विभाग
2. विज्ञापनदाता का नाम :– कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंड़ल, लातेहार
3. परिमाण विपत्र प्राप्ति हेतु आवेदन की अंतिम तिथि एवं समय :– 03.07.2025 के 1.00 बजे अपराह्ण तक ।
4. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :– 04.07.2025 के 3.00 बजे अपराह्ण तक ।
5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 04.07.2025 के 3.30 बजे अपराह्ण तक ।
6. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– 1. अधीक्षण अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन अंचल सं0–02 रॉची के द्वारा प्राधिकृत स्थान एवं प्रतिनिधि के द्वारा। 2. पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, लातेहार। 3. सहायक अभियंता भवन अवर प्रमंड़ल, लातेहार के द्वारा प्राधिकृत स्थान पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, लातेहार एवं प्रतिनिधि के द्वारा।
7. .निविदा प्राप्ति एवं खोलने का स्थान :– 1. पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, लातेहार।
कार्य का नाम एवं अन्य सूचना :–

क्र. सं0	कार्य का नाम	प्राक्कलित राशि रु0	अग्रधन राशि रु0	परिमाण विपत्र का मूल्य रु0	कार्य समाप्ति की अवधि
1.	2.	3.	4.	5.	6.
1	Renovation of NIC Video Conferencing Hall in Collectorate Building at Latehar	1716000/-	34500/-	5000/-	03 (Three) Month

नियम एवं शर्त कार्यालय के सूचना पट्ट या www.jharkhand.gov.in पर देखें ।

कार्यपालक अभियंता,
भवन प्रमंड़ल, लातेहार।

PR 355581 (Building) 25-26 (D)

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, चतरा

ई–अतिअल्पकालीन पुनर्निविदा आमंत्रण सूचना

ई–निविदा संख्या–15/RI/2025-26/RWD/CHATRA दिनांक–19.06.2025

कार्यपालक अभियन्ता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, चतरा द्वारा जिला खनिज फाउण्डेशन ट्रस्ट (DMFT) मद अन्तर्गत् निम्न विवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से निविदा आमंत्रित की जाती है।

क्र. सं.	आईडेन्टिफिकेशन संख्या/पैकेज संख्या	प्रखण्ड	पंचायत	ग्राम	कार्य का नाम	प्राक्कलित राशि (रूपये में) अंकमें	अक्षरमें	कार्य समाप्ति की अवधि	कॉल सं.
1	RWD/ CHATRA/ 54/ 2024-25	चतरा	आरा	अहुरी	नीमटाँड़ से इन्दरवाँ कुआँ तक PCC पथ एवं गार्डवाल निर्माण	69,32,400.00	उन्हत्तर लाख बत्तीस हजार चार सौ मात्र	06 माह	द्वितीय

2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि:–23.06.2025
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :–30.06.2025 अपराह्न 5.00 बजे तक।
4. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय :–02.07.2025 अपराह्न 3.30 बजे।
5. ई–निविदा आमंत्रित करनेवाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :–कार्यपालक अभियन्ता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, चतरा, द्वितीय तल, विकास भवन, चतरा।
6. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष संख्या :–06541-296208

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण कार्य विभाग,कार्य प्रमण्डल, चतरा

PR 355553 (Rural Work Department)25-26*D

ऐतिहासिक जीत

साइना नेहवाल ने भारत का गौरव बढ़ाया

नई दिल्ली (आईएएनएस)

एक दौर था जब भारत में बैडमिंटन को पुरुषों का खेल माना जाता था। लेकिन, इस प्रभुत्व को साइना नेहवाल ने तोड़ा। उन्होंने अपनी मेहनत और लगन से न सिर्फ अपना मकाम बनाया बल्कि पूर्व के सारे भारतीय रिकॉर्ड को पीछे छोड़ते हुए सफलता और लोकप्रियता के मामले में देश के अन्य बैडमिंटन खिलाड़ियों से काफी आगे निकल गईं। साइना नेहवाल ने अपने करियर में दर्जनों उपलब्धियां हासिल की हैं। 21 जून का दिन भी उनके लिए बेहद खास है। 2009 में इसी दिन उन्होंने इतिहास रचा था। 21 जून 2009 को साइना ने 'इंडोनेशियाई ओपन' जीतते हुए 'सुपर सीरीज बैडमिंटन टूर्नामेंट' का खिताब जीता। वह यह खिताब जीतने वाली पहली भारतीय थीं। इस उपलब्धि ने भारतीय बैडमिंटन के इतिहास में साइना का नाम हमेशा के लिए स्वर्णिम अक्षरों में दर्ज करा दिया। नेहवाल का जन्म 17 मार्च 1990 को हरियाणा के हिसार में हुआ था। बैडमिंटन में उनकी रुचि बचपन से थी। इसकी एक वजह यह भी हो सकती है कि उनके माता-पिता दोनों ही बैडमिंटन खिलाड़ी थे। सायना नेहवाल ने 2004 में पूर्व भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी पुलेला गोपीचंद की एकेडमी 2004 में ज्वाइन की। इसके बाद से उन्होंने कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा और राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में अपना और देश का नाम गर्व से ऊंचा किया। इस खिलाड़ी की उपलब्धियों की फेहरिस्त बहुत लंबी है। 2012 में लंदन में आयोजित ओलंपिक में उन्होंने ब्रांज जीता। ओलंपिक में बैडमिंटन में ब्रांज जीतने वाली वह पहली भारतीय खिलाड़ी थीं। 2015 जकार्ता विश्व चैंपियनशिप में सिल्वर और 2017 ग्लासगो विश्व चैंपियनशिप में उन्होंने ब्रांज जीता। 2010 और 2018 कॉमनवेल्थ में एकल में गोल्ड मेडल साइना के नाम रहे। 2006 में 'एशियन सैटलाइट चैंपियनशिप', 2010 में 'सुपर सीरीज टूर्नामेंट', और 2012 में 'डेनमार्क खिताब' भी नेहवाल ने जीते हैं। साइना नेहवाल को भारत सरकार 2009 में अर्जुन पुरस्कार, 2010 में पद्मश्री, 2009-2010 के खेल रत्न पुरस्कार और 2016 में पद्मविभूषण से सम्मानित कर चुकी है।

भारत के लिए दोबारा टेस्ट क्रिकेट खेलने की भूख ने मुझे आगे बढ़ाया : करुण

लीड्स (आईएएनएस)

भारतीय टीम में वापसी करने वाले करुण नायर शुक्रवार से इंग्लैंड के खिलाफ शुरू हो रही पांच मैचों की टेस्ट सीरीज में भारत के लिए अच्छा प्रदर्शन करने को बेताब हैं। आठ साल के अंतराल के बाद भारतीय टेस्ट टीम में वापसी करते हुए, नायर ने खुलासा किया कि देश के लिए फिर से खेलने के उनके दृढ़ निश्चय ने उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। बीसीसीआई की ओर से शेयर किए गए वीडियो में नायर ने कहा, "जब मैं उठा तो मेरा पहला विचार यह था कि मैं टेस्ट क्रिकेट खेलना चाहता हूं, मैं फिर से भारत के लिए खेलना चाहता हूं। शायद यही बात मुझे आगे बढ़ने और भूख बनाए रखने में मदद करती रही। यह हर दिन प्रशिक्षण के लिए जाने और हर दिन अभ्यास करने के लिए प्रेरित करती रही।

उस विश्वास को कभी न खोना और उस लक्ष्य को प्राप्त करना कुछ ऐसा था जिसने मेरी मदद की। इस जर्सी को पहनकर और अपने देश का प्रतिनिधित्व करके सम्मानित महसूस कर रहा हूं। उन्होंने कहा कि जब मैंने पहली बार सभी को देखा, तब मुझे वास्तव में लगा कि मैं आखिरकार टीम में हूं। तब तक यह मेरे लिए एक तरह से इंतजार था। मैं हमेशा टीवी पर सभी को देखता था। अब फिर से इस ड्रेसिंग रूम में वापस आना अद्भुत लगता है। यह अवसर पाकर आभारी हूं। जीवन एक फुल सर्कल में आ गया है क्योंकि मैं इंग्लैंड में टीम से बाहर हो गया था और अब मैं इंग्लैंड में टीम में वापस आ रहा हूं। बता दें कि 33 वर्षीय करुण नायर पहले से ही लय में है और उन्होंने इंग्लैंड लायंस के खिलाफ दो अनौपचारिक टेस्ट मैचों के दौरान भारत 'ए' की ओर से बेहतरीन बल्लेबाजी की थी। उन्होंने कैंटरबरी में पहले गेम में दोहरा शतक लगाया।

सीपीएल 2025 से पहले ट्रिनबागो नाइट राइडर्स ने डीजे ब्रावो को मुख्य कोच नियुक्त किया

- टीकेआर ने आगामी सत्र के लिए एक शानदार टीम तैयार की है

त्रिनिदाद एंड टोबैगो (आईएएनएस)

ट्रिनबागो नाइट राइडर्स (टीकेआर) ने कैरेबियन प्रीमियर लीग (सीपीएल) 2025 के आगामी सीजन के लिए वेस्टइंडीज के पूर्व ऑलराउंडर ड्वेन ब्रावो को अपना नया हेड कोच नियुक्त किया है। ब्रावो के नेतृत्व में टीकेआर 17 अगस्त से ऐतिहासिक 5वें सीपीएल खिताब की तलाश में अपनी यात्रा शुरू करेगी। फ्रेंचाइजी ने एक बयान में कहा, "मैच जिताने वाले प्रदर्शनों और चैंपियनशिप क्षणों से भरे एक शानदार खेल करियर के बाद, ब्रावो अब एक नई भूमिका में बागडोर संभालेंगे, और डगआउट से नाइट्स की अगली पीढ़ी को प्रेरित और प्रशिक्षित करने के लिए तैयार हैं। ब्रावो ने 2013 से 2024 के बीच सीपीएल में 107 मैच खेले। उन्होंने 11 में से नौ सीजन में टीकेआर का प्रतिनिधित्व किया और पांच बार खिताब अपने नाम किया।

जिसमें 2021 भी शामिल है, जब उन्होंने सेंट किट्स एंड नेविस पैट्रियट्स का नेतृत्व किया था। 129 सीपीएल विकेट और 1,155 रन के साथ, ब्रावो सीपीएल इतिहास के सबसे सफल क्रिकेटरों में से एक हैं। ब्रावो ने कहा, "टीकेआर का मुख्य कोच बनने का अवसर मिलना मेरे लिए सम्मान की बात है, यह एक ऐसी टीम है जो मेरे दिल के बहुत करीब है। मैं कोच फिल सिमंस को पिछले कुछ वर्षों में उनके समय और प्रतिबद्धता के लिए व्यक्तिगत रूप से धन्यवाद देना चाहता हूं, और अब मैं अपने और अपने स्टाफ के लिए इस नई चुनौती का इंतजार कर रहा हूं। पिछले साल उन्हें आईएलटी 20 में अबू धाबी नाइट राइडर्स का मुख्य कोच नियुक्त किया गया था। उन्होंने आईपीएल 2025 में कोलकाता नाइट राइडर्स के मेंटर के रूप में भी काम किया और 2022 में फ्रेंचाइजी के लिए खेलना बंद करने के बाद 2023 और 2024 सीज़न के लिए चेन्नई सुपर किंग्स के लिए एक गेंदबाजी सलाहकार के रूप में काम किया था।

ऑस्ट्रेलिया की टेस्ट टीम में बड़ा बदलाव

वेस्टइंडीज के खिलाफ टेस्ट से लाबुशेन-स्मिथ बाहर, कोंस्टस-इंग्लिस को मौका

नई दिल्ली । एजेंसी

बारबाडोस में 25 जून से वेस्टइंडीज के खिलाफ शुरू होने वाले टेस्ट से पहले ऑस्ट्रेलिया ने अपनी टीम में दो बड़े बदलाव किए हैं। मार्नस लाबुशेन को खराब फॉर्म के कारण टीम से बाहर किया गया है, जबकि स्टीव स्मिथ चोट के कारण नहीं खेल पाएंगे। उनकी जगह सैम कोंस्टस और जोश इंग्लिस को टीम में शामिल किया गया है। ऑस्ट्रेलिया ने अपनी बल्लेबाजी क्रम में बदलाव करने का फैसला वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल में साउथ अफ्रीका के खिलाफ हार के बाद लिया है।

लाबुशेन को डब्यूटीसी फाइनल में ओपनिंग की जिम्मेदारी दी गई थी, लेकिन वह 17 और 22 रन ही बना सके। पिछले दो सालों से उनका फॉर्म खराब चल रहा है।

ऑस्ट्रेलिया ने अपनी बल्लेबाजी क्रम में बदलाव करने का फैसला वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल में साउथ अफ्रीका के खिलाफ हार के बाद लिया है।

चयन समिति के अध्यक्ष जॉर्ज बेली ने कहा,'मार्नस अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन में टीम के लिए अहम हो सकते हैं। हम उनके साथ उनकी कमजोरियों को सुधारने पर काम करेंगे।

'मध्य प्रदेश महिला लीग' राज्य के इतिहास के लिए स्वर्णिम क्षण : ज्योतिरादित्य सिंधिया

ग्वालियर (आईएएनएस)

मध्य प्रदेश महिला लीग 2025 के पहले संस्करण का उद्घाटन गुरुवार को ग्वालियर के श्रीमंत माधवराव सिंधिया क्रिकेट स्टेडियम में हुआ। केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने लीग को राज्य के लिए गौरव बताया। ज्योतिरादित्य सिंधिया ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, "अब मध्य प्रदेश की बेटियां मैदान में अपना हुनर दिखाएंगी। ग्वालियर के श्रीमंत मा धवराव सिंधिया स्टेडियम में एमपी महिला क्रिकेट लीग 2025 का शुभारंभ मध्य प्रदेश के इतिहास का एक अनूठा और स्वर्णिम क्षण है। उन्होंने कहा, "यह टूर्नामेंट महिला सशक्तीकरण का प्रतीक बनेगा और हमारी लड़कियों को आगे बढ़ने और चमकने का एक मंच प्रदान करेगा। निजी तौर पर, मुझे यह देखकर बहुत खुशी और गर्व होता है कि हमारे राज्य की बेटियां आगे बढ़ रही हैं और अपनी प्रतिभा और कड़ी मेहनत के माध्यम से देश भर में अपना नाम बना रही हैं।

लीग का समापन 24 जून को फाइनल के साथ होगा

लीग में बुंदेलखंड बुल्स, भोपाल वुल्व्स और चंबल घड़ियाल के रूप में तीन टीमें शामिल हैं। लीग का उद्देश्य स्थानीय प्रतिभाओं को निखारने और राज्य भर में खेलों में महिलाओं की भागीदारी को बढ़ावा देने के लिए एक सशक्त मंच के रूप में काम करना है।

बुंदेलखंड बुल्स वीमिन और भोपाल वुल्व्स वीमिन के बीच खेले गए पहले मैच में बारिश के कारण खेल में बाधा आने से पहले रोमांचक शुरुआत हुई। बुंदेलखंड बुल्स ने अपनी पारी में 109/8 रन बनाए, जिसमें प्रियंका कौशल ने चार विकेट चटकाए। जवाब में भोपाल वॉल्व्स ने 25/1 रन बनाए। लेकिन, इसी स्कोर पर बारिश की वजह से खेल को रोकना पड़ा। इस मैच को दोबारा खेला जाएगा।

व्यापार/लाइफ व साइंस

'मेक इन इंडिया' बूस्ट

2014 से इंजीनियरिंग निर्यात में 60 प्रतिशत का उछाल

नई दिल्ली (आईएएनएस)

- **औद्योगिक उत्पादन में 2.7% वार्षिक वृद्धि :** सांख्यिकी मंत्रालय के अनुसार अप्रैल 2025 में औद्योगिक उत्पादन में 2.7% की वृद्धि दर्ज हुई।
- **मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर में 3.4% की वृद्धि :** मार्च के 3% की तुलना में अप्रैल में बेहतर प्रदर्शन।
- **मुख्य योगदानकर्ता क्षेत्र :** बेसिक मेटल, मोटर वाहन और मशीनरी क्षेत्रों की प्रमुख भागीदारी।
- **मशीनरी और उपकरण निर्माण में 17% उछाल :** घरेलू व निर्यात मांग में मजबूती का संकेत।
- **औद्योगिक उपकरणों के उत्पादन में 20.3% वृद्धि :** उच्च निवेश गतिविधि, रोजगार और आय सृजन का संकेतक।
- **टिकाऊ उपभोक्ता सामानों में 6.4% वृद्धि :** इलेक्ट्रॉनिक्स व उपकरणों की मांग बनी रही मजबूत।
- **इंफ्रास्ट्रक्चर वस्तुओं में 4% की वृद्धि :** राजमार्ग, रेलवे, बंदरगाहों पर सरकारी खर्च के चलते उछाल।
- **वैश्विक इंजीनियरिंग उत्पादों की मांग में तेजी :** निर्यात और औद्योगिक उत्पादन में सुधार के सकारात्मक संकेत।

केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने शुक्रवार को कहा कि 2014 से भारत के इंजीनियरिंग सामानों के निर्यात में 60 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। 'मेक इन इंडिया' पहल की सफलता पर प्रकाश डालते हुए, केंद्रीय मंत्री गोयल ने इंजीनियरिंग निर्यात में लगातार वृद्धि का श्रेय पिछले एक दशक में सरकार के केंद्रित प्रयासों को दिया। केंद्रीय मंत्री गोयल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट किया, "भारत 2014 से मोदी सरकार के तहत आगे बढ़ रहा है! इंजीनियरिंग सामान के निर्यात में 60 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, जो 'मेक इन इंडिया' की मजबूत सफलता को दर्शाता है। इंजीनियरिंग निर्यात में यह वृद्धि ऐसे समय में हुई है जब भारत का व्यापक औद्योगिक प्रदर्शन भी लगातार सुधार दर्ज करवा रहा है। सांख्यिकी मंत्रालय के पिछले आंकड़ों के अनुसार, अप्रैल 2025 में औद्योगिक उत्पादन में सालाना आधार पर 2.7 प्रतिशत की वृद्धि हुई। भारत की आर्थिक वृद्धि का एक प्रमुख स्तंभ, मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर ने अप्रैल में 3.4 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की, जो मार्च में 3 प्रतिशत की वृद्धि से बेहतर है। इस वृद्धि में बेसिक मेटल, मोटर व्हीकल और मशीनरी जैसे क्षेत्र सबसे अधिक योगदान देने वाले क्षेत्रों में से थे। अकेले मशीनरी और उपकरणों के निर्माण में 17 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जो घरेलू और निर्यात दोनों बाजारों में मजबूत मांग की ओर इशारा करता है। औद्योगिक और इंफ्रास्ट्रक्चर परियोजनाओं में उपयोग किए जाने वाले उपकरणों के उत्पादन में 20.3 प्रतिशत की तीव्र वृद्धि देखी गई। यह न केवल उच्च निवेश गतिविधि का संकेत देता है, बल्कि दीर्घकालिक रोजगार सृजन और आय वृद्धि का भी समर्थन करता है। उपभोक्ता मांग भी मजबूत बनी हुई है, इलेक्ट्रॉनिक्स और उपकरणों जैसे टिकाऊ सामानों के उत्पादन में 6.4 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।

भारत के इंफ्रास्ट्रक्चर को बढ़ावा देने से औद्योगिक विकास को बढ़ावा मिला है। अप्रैल में इंफ्रास्ट्रक्चर और निर्माण वस्तुओं के क्षेत्र में 4 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जो राजमार्गों, रेलवे और बंदरगाहों पर प्रमुख सरकारी खर्च से प्रेरित थी। गुणवत्तापूर्ण इंजीनियरिंग उत्पादों के लिए वैश्विक मांग बढ़ने के साथ, भारत के औद्योगिक उत्पादन और निर्यात प्रदर्शन में सुधार को अर्थव्यवस्था के लिए सकारात्मक संकेत के रूप में देखा जा रहा है।

सोना-चांदी खरीदारों के लिए खुशखबरी कीमतों में हुई गिरावट

नई दिल्ली । सोना और चांदी खरीदारों के लिए अच्छी खबर है। दोनों कीमती धातुओं की कीमतों में शुक्रवार को गिरावट देखने को मिली है। इंडिया बुलियन ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के मुताबिक, 24 कैरेट के 10 ग्राम सोने का दाम 570 रुपए कम होकर 98,691 रुपए हो गया है, जो कि पहले 99,261 रुपए था। 22 कैरेट सोने का दाम कम होकर 90,401 रुपए प्रति 10 ग्राम हो गया है, जो कि पहले 90,923 रुपए पर था। वहीं, 18 कैरेट सोने की कीमत 74,446 रुपए प्रति 10 ग्राम से कम होकर 74,018 रुपए प्रति 10 ग्राम हो गई है। सोने के साथ चांदी की कीमतों में भी गिरावट हुई है। चांदी का दाम 608 रुपए कम होकर 1,06,775 रुपए प्रति किलो हो गया है, जो कि पहले 1,07,383 रुपए प्रति किलो था।

भू-राजनीतिक चिंताएं कम होने से कारोबार के अंत में सेंसेक्स 1,000 से अधिक अंक उछला

मुंबई (आईएएनएस)

मध्य पूर्व में भू-राजनीतिक तनाव कम होने से निवेशकों को राहत मिली और लगातार तीन सत्रों की गिरावट के बाद शुक्रवार को कारोबार के अंत में भारतीय शेयर बाजारों में उछाल दर्ज किया गया। अमेरिका ने कहा कि वह अभी भी ईरान के साथ बातचीत के लिए तैयार है और दो सप्ताह के भीतर इजरायल को समर्थन देने के बारे में फैसला करेगा। इस बयान से निवेशकों की चिंताएं कम हुईं और बाजारों में व्यापक स्तर पर तेजी आई। मजबूत शुरुआत के बाद, सेंसेक्स और निफ्टी दोनों ने कारोबार का अंत बढ़त के साथ किया। सेंसेक्स 1,046.30 अंक या 1.29 प्रतिशत की बढ़त के साथ 82,408.17 पर बंद हुआ। दिन के दौरान, इंडेक्स ने 82,494.49 का इंट्रा-डे हाई छुआ था। निफ्टी भी 319.15 अंक या 1.29 प्रतिशत की बढ़त के साथ 25,112.4 पर बंद हुआ। जियोजित इन्वेस्टमेंट लिमिटेड के विनोद नायर ने कहा, "मध्य पूर्व में तनाव कम होने और ईरान के साथ अमेरिकी वार्ता की उम्मीद के कारण तत्काल सैन्य कार्रवाई का जोखिम कम होने से घरेलू इक्विटी सूचकांक में उछाल आया।

उन्होंने कहा कि इस घटनाक्रम से कच्चे तेल की कीमतों में सुधार हुआ, जिससे घरेलू बाजारों को फायदा हुआ और विदेशी निवेशकों की धारणा को बल मिला। सेंसेक्स फ्रंट पर केवल मारुति सुजुकी इंडिया टॉप लूजर रही। दूसरी ओर, भारती एयरटेल 3.27 प्रतिशत की बढ़त के साथ टॉप गेनर रहा।

2025 की पहली तिमाही में ग्लोबल सुपर-प्राइम प्रॉपर्टी की बिक्री में 6 प्रतिशत की वृद्धि

नई दिल्ली (आईएएनएस)। सुपर-प्राइम आवासीय संपत्तियों के वैश्विक बाजार में 2025 की पहली तिमाही के दौरान लेनदेन में 6 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। यह जानकारी शुक्रवार को आई एक रिपोर्ट में दी गई। रियल एस्टेट कंसल्टेंसी नाइट फ्रैंक द्वारा संकलित आंकड़ों के अनुसार, 2025 की पहली तिमाही में 12 वैश्विक शहरों में 9.43 बिलियन डॉलर के कुल 527 सुपर-प्राइम सौदे दर्ज किए गए, जो पिछली तिमाही के 498 सौदों से अधिक थे। इन लग्जरी घरों की औसत बिक्री कीमत 17.9 मिलियन डॉलर रही। दुबई ने 111 सौदों के साथ एक बार फिर वैश्विक रैंकिंग में शीर्ष स्थान हासिल किया, जिसमें सबसे अधिक लेनदेन और सबसे अधिक लेनदेन मात्रा दर्ज की गई। पाम बीच और मियामी ने भी मजबूत प्रदर्शन किया। पाम बीच में 2025 की पहली तिमाही में 74 डील के साथ शानदार वृद्धि देखी गई।

मई में आठ मुख्य उद्योगों ने दर्ज की 0.7 प्रतिशत की वृद्धि, सीमेंट और स्टील रहे सबसे आगे

नई दिल्ली (आईएएनएस)

मई में आठ मुख्य उद्योगों (आईसीआई) के संयुक्त सूचकांक में पिछले साल के इसी महीने की तुलना में 0.7 प्रतिशत का इजाफा हुआ है। यह जानकारी वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय की ओर से शुक्रवार को जारी किए गए डेटा से मिली। सीमेंट, स्टील, कोयला और रिफाइनरी उत्पादों के उत्पादन में पिछले महीने सकारात्मक वृद्धि दर्ज की गई। मंत्रालय ने कहा कि फरवरी, मार्च और अप्रैल के लिए आठ कोर उद्योगों के सूचकांक की अंतिम वृद्धि दर क्रमशः 3.4, 4.5 और एक प्रतिशत रही है। वित्त वर्ष 2025-26 के अप्रैल से मई के दौरान आईसीआई की संचयी वृद्धि दर पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में 0.8 प्रतिशत (अनंतिम) है। मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, मई 2025 में कोयला उत्पादन में पिछले साल की समान अवधि के मुकाबले 2.8

प्रतिशत की वृद्धि हुई। वित्त वर्ष 2025-26 के अप्रैल से मई के दौरान इसका संचयी सूचकांक पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में 3.1 प्रतिशत बढ़ा है। मई में पेट्रोलियम रिफाइनरी उत्पादन में 1.1 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। वित्त वर्ष 2025-26 के अप्रैल से मई के दौरान इसका संचयी सूचकांक पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में 1.7 प्रतिशत कम हुआ। मई में स्टील उत्पादन में 6.7 प्रतिशत की वृद्धि हुई है और वित्त वर्ष 2025-26 के अप्रैल से मई के दौरान इसका संचयी सूचकांक पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में 5.5 प्रतिशत बढ़ा है।

अगले 20 वर्षों में भारत की शहरी आबादी 70 मिलियन तक बढ़ने की संभावना

नई दिल्ली। भारतीय कंपनियों को नगर निगमों के साथ साझेदारी में शहरों में इन्फ्रास्ट्रक्चर का निर्माण करना चाहिए, क्योंकि अगले दो दशकों (2045 तक) में देश में शहरी आबादी 70 तक मिलियन तक बढ़ने की संभावना है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने शुक्रवार को यह बयान दिया। राष्ट्रीय राजधानी में सीआईआई कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय में अतिरिक्त सचिव डी थारा ने कहा कि भारत की आर्थिक महत्वाकांक्षाओं और इसके शहरी स्थानीय निकायों की क्षमताओं के बीच कोई जुड़ाव नहीं है, इसलिए देश के शहरी विकास में निजी क्षेत्र को सक्रिय रूप से शामिल करने की आवश्यकता है।

इजरायल-ईरान संघर्ष से देश के चावल निर्यातकों को नुकसान, एक्सपोर्ट रुका

नई दिल्ली (आईएएनएस)

इजरायल-ईरान संघर्ष का देश के चावल निर्यात पर काफी असर पड़ा है और ईरान जाने वाले चावल की शिपमेंट करीब रुक गई है। चावल निर्यातकों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। चावल निर्यातक नरेंद्र मिगलानी ने कहा, "ईरान और इजरायल के बीच चल रहे युद्ध का असर भारत के चावल निर्यातकों पर पड़ा है। संघर्ष के कारण ईरान के रास्ते जाने वाले चावल का निर्यात बंद हो गया है, जिससे हरियाणा, पंजाब, दिल्ली व यूपी से निर्यात होने वाला करीब 1 लाख मीट्रिक टन चावल बंदरगाहों पर ही रुक गया है। उन्होंने आगे कहा, "भारत, ईरान को सबसे ज्यादा बासमती चावल का निर्यात करता है। उसके बाद सऊदी अरब और तीसरे नंबर पर इराक को चावल निर्यात करता है। मिगलानी ने आगे बताया, "युद्ध के कारण निर्यात होने वाले चावल की कीमतों में करीब 1200 प्रति क्विंटल की गिरावट आ गई है। निर्यातकों की सबसे बड़ी चिंता ईरान में फंसे उनके चावल के पैसे और पोर्ट लैंड पर खड़े उनके चावल कंटेनर को लेकर है, क्योंकि ईरान में निर्यात होने वाले चावल का कोई इंश्योरेंस नहीं होता, जिस कारण अब निर्यातकों को करोड़ों रुपए के चावल खराब होने का डर सता रहा है। दूसरी ओर ईरान जाने वाले चावल के निर्यात के लिए परमिट सिर्फ चार महीने के लिए बनता है।